खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

मुरादाबाद, शनिवार 27 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 133 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 6 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सरकार राहुल के विदेश दौरों की निगरानी कर रही: पित्रोदा पेज 2



स्टीव स्मिथ ने द्रविड़ का कैच रिकॉर्ड तोड़ा खेल टाइम्स



भयंकर तेजी से क्यों पिघल रहे ग्लेशियर सम्पादकीय



पाकिस्तान ने एलओसी पर एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात किए पेज 12



नई दिल्ली: 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर एक समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया।

# 22 राज्यों में तेज सर्दी और कोहरा, यूपी में जीरो विजिबिलिटी

## 50 से ज्यादा ट्रेनें लेट, माउंट आबू में पारा एक डिग्री, पचमढ़ी में 3.6 डिग्री सेल्सियस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देशभर में सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। यूपी-एमपी, राजस्थान समेत 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में तेज ठंड और घना कोहरा हो रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों में ठंड और कोहरा और ज्यादा बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश में हालात सबसे ज्यादा खराब बने हुए हैं। यूपी में कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या समेत 27 जिलों में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे कई जगहों पर विजिबिलिटी जीरो हो गई। यूपी में पहाड़ों पर बर्फबारी और सर्द हवाओं के चलते मौसम बिगड़ गया है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में शिमला-मनाली (7डिग्री सेल्सियस), नैनीताल (9 डिग्री सेल्सियस) और जम्मू (10 डिग्री सेल्सियस) से भी ज्यादा ठंड रिकॉर्ड की गई। मेरठ का तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सड़कों पर कुछ मीटर आगे भी दिखाई नहीं दे रहा। प्रयागराज, देवरिया समेत कई रेलवे स्टेशनों पर 50 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चल रही हैं। वहीं गोरखपुर समेत कई एयरपोर्ट्स पर 5 फ्लाइट्स कैंसिल हैं। इधर, मध्य प्रदेश में भी ठंड ने रिकॉर्ड तोड़ने शुरू कर दिए हैं। प्रदेश के 25 से ज्यादा शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। गुरुवार को पचमढ़ी प्रदेश का सबसे ठंडा शहर रहा, जहां न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर खत्म होते ही उत्तरी ठंडी हवाओं ने सर्दी और बढ़ा दी है। 4 शहरों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री और 21 शहरों में 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया।



- अगले दो दिन में सर्दी और बढ़ेगी
- मेरठ का तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

## संक्षिप्त समाचार

### क्रिकेटर वैभव समेत 20 बच्चों को बाल पुरस्कार

**नई दिल्ली।** वीर बाल दिवस पर शुक्रवार को 20 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए। अलग-अलग क्षेत्र में बेहतरीन और बहादुरी के कामों की वजह से इन बच्चों को 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से चुना गया। 14 साल के क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी भी इनमें शामिल हैं। 20 बच्चों में से 2 बच्चों को मरणोपरांत पुरस्कार दिया गया। तमिलनाडु की ब्योमा और बिहार के कमलेश कुमार का पुरस्कार उनके माता-पिता ने लिया। वीर बाल दिवस गुरु गोविंद सिंह के 4 बेटों की शहादत के सम्मान में मनाते हैं। गुरु गोविंद सिंह के तीन पत्नियों से चार बेटे थे, जिनका नाम अजीत, जुझार, जोरावर और फतेह था। इन्हें साहिबजादे भी कहा जाता है। उत्तर प्रदेश के 9 साल के अजय राज को साहस के लिए अवॉर्ड दिया गया।

### केरल में पहली बार भाजपा का मेयर बना

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में पहली बार भाजपा का मेयर चुना गया है। तिरुवनंतपुरम नगर निगम में शुक्रवार को हुए मेयर चुनाव में भाजपा के वीवी राजेश को 51 वोट मिले। जिसमें एक निर्दलीय पार्षद का समर्थन भी शामिल था। वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) केपी शिवाजी को 29 वोट, जबकि कांग्रेस गठबंधन (यूडीएफ) उम्मीदवार केएस सबरिनाथन को 19 वोट मिले। जिनमें से दो को बाद में अमान्य घोषित कर दिया गया। दरअसल 9 दिसम्बर को तिरुवनंतपुरम नगर निगम के 101 वार्डों का रिजल्ट आया था। 50 वार्डों पर भाजपा जीती थी। पिछले 45 साल से यहां वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) का कब्जा था। एलडीएफ ने 29 और कांग्रेस गठबंधन (यूडीएफ) ने 19 वार्ड जीते थे। तिरुवनंतपुरम कांग्रेस सांसद शशि थरूर का गढ़ है।

### नेपाली जेल से भागे 80 कैदी नेपाल को सौंपे गए

**नई दिल्ली।** जेन-जी हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान नेपाल की जेलों से भागे लगभग 80 कैदियों को पकड़ लिया गया है और पड़ोसी मुल्क के संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि इस साल सितम्बर में जेन-जी प्रदर्शनकारियों द्वारा विभिन्न कारागारों से निकाले गए लगभग 80 कैदी सीमा पार कर भारत में शरण लेने की कोशिश कर रहे थे, जिनमें से कुछ ने फर्जी नामों का इस्तेमाल किया था।

# यूपी में 2.89 करोड़ मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से कटना तय

## एसआईआर फॉर्म जमा करने की समयसीमा हुई खत्म

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में कुल 15.44 करोड़ मतदाताओं में से 2.89 करोड़ के नाम कटने अब तय हैं। शुक्रवार को एसआईआर के तहत गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि खत्म हो गई है।

यह ऐसे मतदाता हैं, जो अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत व डुप्लीकेट श्रेणी में शामिल हैं। यह कुल मतदाताओं का 18.70 प्रतिशत है। अब 31 दिसम्बर को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन होगा। जिन जिलों में सबसे अधिक नाम कट रहे हैं उनमें लखनऊ, गाजियाबाद, प्रयागराज, कानपुर, आगरा व बरेली आदि शामिल हैं। मतदाता सूची में दर्ज 1.11 करोड़ मतदाताओं के रिकॉर्ड नहीं मिल रहे हैं। वर्ष 2003 -**शेष पृष्ठ दो पर**



- लखनऊ, गाजियाबाद, प्रयागराज, कानपुर, आगरा और बरेली में सबसे ज्यादा नाम कटे

### 1.11 करोड़ वोटर्स को भेजा जाएगा नोटिस

**लखनऊ।** चुनाव आयोग के मुताबिक, यूपी में मैपिंग का काम भी पूरा कर लिया गया है। यानी साल 2003 की वोटर लिस्ट से वर्तमान वोटर लिस्ट का मिलान किया गया, जिसमें लगभग 91 प्रतिशत लोगों का डेटा मिलान हो चुका है। ऐसे वोटर्स के नाम उनके रिलेटिव्स जैसे मां-बाप, दादा-दादी या नाना-नानी से मिलाया गया है। बाकी 9 प्रतिशत यानी 1.11 करोड़ वोटर्स को चुनाव आयोग की तरफ से नोटिस भेजा जाएगा। यानी अब इन मतदाताओं को अपनी पहचान साबित करने के लिए जरूरी डॉक्यूमेंट चुनाव आयोग को देने होंगे। उत्तर प्रदेश में फिलहाल 11 लाख से ज्यादा लोग वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराने के लिए फॉर्म भर चुके हैं। जिन लोगों की उम्र 1 जनवरी 2026 को 18 साल पूरी हो रही है, वो भी फार्म भर सकते हैं। बता दें कि एसआईआर के लिए यूपी के तमाम जिलों में विशेष कैंप लगाए गए। मतदान केंद्रों पर बीएलओ को तैनात किया गया था। इसके अलावा सभी पॉलिटिकल पार्टियों के प्रतिनिधि, बीएलओ ने एसआईआर गणना फॉर्म को भरवाने में मदद की।

# मध्यस्थता कानून की कमजोरी नहीं, विकास है: सीजेआई

पणजी, वार्ता

**भारत के** मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने शुक्रवार को पणजी में कहा कि मध्यस्थता कानून की कमजोरी का संकेत नहीं है, बल्कि यह उसका सबसे बड़ा विकास है। यह न्याय की संस्कृति से भागीदारी के संस्कृति की ओर एक सच्चा बदलाव है, जहां हम सद्भाव पैदा करते हैं।

सीजेआई ने दक्षिण गोवा के सांकवाले गांव में इंडिया इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लीगल एजुकेशन एंड रिसर्च के इवेंट मिडिएशन अवेयरनेस वाकथान में भाग लिया। यहां मध्यस्थता आज के संदर्भ में कितना महत्वपूर्ण विषय पर बोलते हुए उन्होंने अपनी बात रखी। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि वह एक मल्टी-डोर कोर्टहाउस की ओर बदलाव की कल्पना करते हैं, जहां कोर्ट सिर्फ ट्रायल की जगह नहीं, बल्कि विवाद समाधान के लिए एक व्यापक केंद्र हो। कार्यक्रम में उन्होंने 2 लाख मिडिएटर्स के साथ वाकथान में भाग लिया। साथ ही पौधारोपण भी किया। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि मीडिएशन को सफल और किफायती के तौर पर स्वीकार किया जा रहा है। यह दोनों पक्षों के लिए विन-विन स्थिति है, क्योंकि यह एक सेटलमेंट है। मीडिएशन के मामले में, कोई भी मीडिएटर किसी भी पक्ष पर कुछ भी थोपेगा नहीं। यह सिर्फ वही है जो वे चाहते हैं या जो वे चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्टेकहोल्डर्स को एक संदेश देने के लिए मीडिएशन फॉर नेशन पहल शुरू की है। यह संदेश न केवल न्याय के उपभोक्ताओं के लिए है, बल्कि बार और बेंच जैसे सीधे स्टेकहोल्डर्स के लिए भी है। अगर लोग खुद को संवेदनशील बनाते हैं, तो वे इस बात से अवगत हो जाते हैं कि मीडिएशन एक सफल टूल है।



कहा: देश में मल्टी-डोर कोर्ट बनें, विवादों का महज ट्रायल न हो, उन्हें सुलझाया भी जाए

# दिल्ली की हवा में फिर घुला जहर, एक्यूआई 292 पहुंचा

**नई दिल्ली।** राजधानी में शुक्रवार सुबह छह बजकर पांच मिनट पर दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 292 दर्ज किया गया। इससे वायु गुणवत्ता एक बार फिर बिगड़कर 'खराब' श्रेणी में पहुंच गई।

राजधानी का औसत एक्यूआई 300 से नीचे भले हो, लेकिन दिल्ली के कई इलाकों में हवा अब भी 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है। आनंद विहार में एक्यूआई 395, बवाना में 381, चांदनी चौक में 356 और अलीपुर में 327 दर्ज किया गया। शहर के अलग-अलग हिस्सों में प्रदूषण का स्तर असमान बना हुआ है। स्थानीय वाहनों के धुएं और पड़ोसी राज्यों से आने वाले प्रदूषकों को इस गिरावट के मुख्य कारणों के तौर पर देखा गया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आगामी दिनों में स्थिति और बिगड़ने की आशंका जताई है।

- पर्यावरण मंत्री ने आगामी दिनों में हालात और बिगड़ने की आशंका जताई

# दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर प्रदर्शन

## उन्नाव दुष्कर्म केस

**नई दिल्ली।** 2017 के उन्नाव दुष्कर्म मामले में सजा काट रहे कुलदीप सिंह सेंगर को सशर्त जमानत देने के फैसले के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है।

पुलिस ने घोषणा की है विरोध प्रदर्शन तुरंत खत्म कर दिया जाए, नहीं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं पीड़िता की मां ने शुक्रवार को कहा कि वह दोषी कुलदीप सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित किए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगी। उन्होंने पिछले हफ्ते आए फैसले के विरोध में दिल्ली हाई कोर्ट के बाहर हुए प्रदर्शन में हिस्सा लिया। पीड़िता की मां ने कहा कि वह हाईकोर्ट इसलिए आई हैं, क्योंकि उनकी बेटी ने असहनीय पीड़ा झेली है। उन्होंने कहा, मैं पूरे हाईकोर्ट को दोष नहीं दे रही हूं, बल्कि सिर्फ उन दो जजों को, जिनके फैसले ने हमारे भरोसे को तोड़ दिया।



# भारत में बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन हो: मद्रास हाईकोर्ट

चेन्नई, वार्ता

**मद्रास हाईकोर्ट** ने शुक्रवार को केंद्र सरकार को सुझाव दिया कि ऑस्ट्रेलिया की तरह भारत में भी 16 साल से कम उम्र वालों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लगाई जाए। कोर्ट ने कहा कि इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने यह बात नाबालिगों को ऑनलाइन पोर्नोग्राफिक कंटेंट आसानी से मिल जाने के मुद्दे पर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कही। याचिकाकर्ता एस. विजयकुमार के वकील केपीएस पलानीवेल राजन ने ऑस्ट्रेलिया के नए कानून का हवाला दिया था। कोर्ट ने कहा कि इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स (आईएसपी) पर और सख्त नियम लागू किए जाएं। उन्हें अनिवार्य रूप से पैरेंटल विंडो सर्विस (पैरेंटल कंट्रोल) देने के लिए कहा जाए, जिससे माता-पिता अपने बच्चों की ऑनलाइन एक्टिविटी को फिल्टर और कंट्रोल कर सकें। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया ने 9 दिसम्बर से 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अकाउंट बनाने पर बैन कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया इस तरह का बैन लगाने वाला दुनिया का पहला देश है। यह मामला एक पुरानी जनहित याचिका से जुड़ा है। इसमें शिकायत की गई थी कि बच्चों को इंटरनेट पर अश्लील और पोर्नोग्राफिक कंटेंट बहुत आसानी से मिल जाता है।

- अदालत ने ऑस्ट्रेलिया सरकार के फैसले का उदाहरण दिया

# वीर साहिबजादों ने मजहबी कट्टरता व आतंक का वजूद हिलाया: पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीर बाल दिवस के मौके पर नई दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में बच्चों को संबोधित किया।

भारत मंडपम में हुए आयोजन से पहले प्रधानमंत्री ने इस वर्ष वीरता पुरस्कार से सम्मानित बच्चों के साथ संवाद भी किया। बच्चों के साथ मुलाकात करने का वीडियो भी सामने आया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश वीर बाल दिवस मना रहा है। अभी वंदे मातरम की सुंदर प्रस्तुति हुई। आज हम उन वीर साहिबजादों को याद कर रहे हैं, जो भारत का गौरव हैं। उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादे भारत के अदम्य साहस, शौर्य, वीरता की पराकाष्ठा हैं। वीर साहिबजादों ने उम्र और अवस्था की सीमाओं को तोड़ दिया। वे मुगल सल्तनत के सामने चट्टान की तरह खड़े हो गए। इससे मजहबी कट्टरता और आतंक का वजूद ही हिल गया। उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादों को छोटी सी उम्र में उस समय की सबसे बड़ी सत्ता से टकराना पड़ा। वो लड़ाई भारत के मूल विचारों और मजहबी कट्टरता के बीच थी। वो लड़ाई सत्य बनाम असत्य के बीच थी। उस लड़ाई की एक ओर गुरु गोविंद सिंह जी थे, दूसरी ओर औरंगजेब की हुकूमत थी। उन्होंने कहा कि हमारे साहिबजादे उस समय छोटे ही थे, लेकिन औरंगजेब की क्रूरता को इससे फर्क नहीं पड़ा। वो जानता था कि उसे अगर भारत के लोगों को डराकर उनका धर्मांतरण कराना है, तो इसके लिए उसे हिंदुस्तानियों का मनोबल तोड़ना होगा। इसलिए उसने साहिबजादों को निशाना बनाया। पीएम मोदी ने कहा कि भले -**शेष पृष्ठ दो पर**




- कहा: वीर साहिबजादे भारत के अदम्य साहस, शौर्य, वीरता की पराकाष्ठा हैं
- जेन जी ही देश को आगे ले जाएंगे

## भारत रत्न और पद्म अवॉर्ड उपाधि नहीं: बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि भारत रत्न, पद्म श्री, पद्म भूषण, पद्म विभूषण जैसे नागरिक सम्मान कोई उपाधि (टाइटल) नहीं हैं। ऐसे में इन्हें किसी के नाम के आगे या पीछे नहीं लगाया जा सकता है। कोर्ट ने यह बात एक याचिका के केस टाइटल में पद्म श्री लिखे जाने पर की। दरअसल जस्टिस सोमशेखर सुंदरेसन की बेंच याचिका की सुनवाई कर रही थी। इसमें 2004 में पद्म श्री से सम्मानित डा. शरद मोरेश्वर हार्डिकर भी एक पक्षकार थे। केस टाइटल में उनका नाम पद्म श्री डा. शरद मोरेश्वर हार्डिकर लिखा गया था। इस पर जज ने आपत्ति जताई। साथ ही कहा कि कानून के अनुसार ऐसा करना गलत है। हाईकोर्ट ने 1995 में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले का जिक्र किया। उस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि पद्म पुरस्कार और भारत रत्न उपाधि नहीं हैं और इन्हें नाम के आगे या पीछे इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### सम्भल के 13 पुलिस कर्मचारियों पर एफआईआर का आदेश

**सम्भल।** सम्भल में एक फर्जी मुठभेड़ के मामले में अदालत ने 13 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे दिया है। न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि पुलिस ने जिस दिन लूट की घटना को दर्शाया है, उस दिन आरोपी एक अन्य मुकदमे के मामले में जिला कारागार बदायूं में बंद था। न्यायालय ने अपने आदेश में यह भी कहा कि प्रारंभिक तौर पर यह नजर आता है कि कुछ पुलिसकर्मियों षड्यंत्र का सहारा लेते हुए गलत तरीके से जांच की, साथ ही अपने पद का दुरुपयोग भी किया और दस्तावेजों में जालसाजी की है। कोर्ट ने कहा कि लोकसेवकों को गैरकानूनी काम के लिए संरक्षण प्राप्त नहीं है।

### मीरवाइज ने अपने एक्स प्रोफाइल से हटाया हुर्रियत का पदनाम

**श्रीनगर।** कश्मीर के उदारवादी अलगाववादी नेता मीरवाइज उमर फारूक ने अपने 'एक्स' प्रोफाइल से सर्वदलीय हुर्रियत सम्मेलन के अध्यक्ष का पदनाम हटा दिया है। कश्मीर के प्रमुख धर्मगुरु मीरवाइज के सत्यापित एक्स हैंडल पर दो लाख से अधिक फॉलोवर हैं। उनके संपादित बायो में अब केवल उनका नाम और स्थान विवरण शामिल है। उन्होंने इस बदलाव के बारे में कोई बयान जारी नहीं किया है। मीरवाइज के नेतृत्व वाली उदारवादी हुर्रियत कांफ्रेंस 2019 में अनुच्छेद 370 के निरसन के बाद से लगभग निष्क्रिय रही है। इसके अधिकांश घटक संगठनों पर केंद्र सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया था, जिसमें मीरवाइज का अपना राजनीतिक संगठन, अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) भी शामिल है। इस समूह ने पिछले छह वर्षों में शायद ही कभी राजनीतिक बयान जारी किए हैं।

### उप्र में अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों में बुनियादी सुविधाओं की सौगात

# 12492 गांवों का किया जाएगा कायाकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कार्यों में तेजी लाने के लिए विकेन्द्रीकृत लागू, 910 गांवों में कार्य हो चुका है पूर्ण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने अनुसूचित जाति बाहुल्य 12 हजार 492 गांवों में बुनियादी सुविधाओं को और सदृढ़ करने का फैसला किया है।

अधिकारियों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों में आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे सामाजिक समावेशन को मजबूती मिल सके। वर्ष 2025-26 तक 40 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति जनसंख्या वाले 12,492 ग्रामों का चयन किया गया है। इन ग्राम पंचायतों में पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्था, विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालयों का निर्माण, सोलर लाइट व स्ट्रीट लाइट की स्थापना, बोरवेल, डिजिटल लाइब्रेरी, ट्रांसफॉर्मर, मोटर शेड, शवदाह गृह तथा पाइपलाइन एक्सटेंशन जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इन सुविधाओं के माध्यम से ग्रामीणों को बेहतर जीवन स्तर, शिक्षा और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के प्रबंध निदेशक शिव प्रसाद ने बताया कि समाज कल्याण की कार्यदाई संस्था यूपीसिडको के माध्यम से अब तक 2562 ग्रामों में विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 910 ग्रामों में कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष ग्रामों में कार्य तेजी से प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि योजना के टर्मिनल वर्ष को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों की गति बढ़ाने के लिए विकेंद्रीकृत व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत अब ग्राम पंचायतों को ही कार्यदाई संस्था नामित किया गया है। इससे एक ओर जहां प्रशासनिक प्रक्रिया सरल हुई है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर निगरानी और जवाबदेही भी सुनिश्चित हो रही है। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के माध्यम से योगी सरकार न केवल गांवों में बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही है, बल्कि अनुसूचित जाति समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में भी ठोस और दूरदर्शी पहल कर रही है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में समान विकास, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। योगी सरकार की यह पहल प्रदेश में विकास केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका वास्तविक लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए ठोस नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

### वीर बाल दिवस पर साहिबजादों को नमन योगी के आवास पर कीर्तन समागम

**लखनऊ।** वीर बाल दिवस (साहिबजादा दिवस) के अवसर पर शुक्रवार को पूरे देश में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चारों साहिब. जादों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूप का आगमन हुआ और कीर्तन समागम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चार साहिबजादों की शहादत अदम्य साहस, धर्मनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति की अमर गाथा है। उनका बलिदान युगों-युगों तक देशवासियों को कर्तव्यनिष्ठ, सत्यनिष्ठ और राष्ट्र के लिए समर्पित जीवन जीने की प्रेरणा देता रहेगा। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कीर्तन समागम में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की और गुरुवाणी के माध्यम से साहिबजादों के बलिदान को स्मरण किया। उधर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि साहिबजादों का अद्वितीय साहस, अटूट आस्था और अन्याय के विरुद्ध अडिग संकल्प मानव इतिहास में वीरता और त्याग का अमर प्रतीक है। उनका जीवन और बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सत्य, धर्म और राष्ट्ररक्षा के मार्ग पर निरंतर प्रेरित करता रहेगा। गौरतलब है कि राष्ट्र 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाता है।

## भाजपा राज में बाटी-चोखा नहीं सिर्फ माटी-धोखा मिलाः अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ भाजपाई लोगों के जीवन से कर रहे खिलाड़

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी राज में आम जनता को विकास और सम्मान नहीं, बल्कि केवल 'माटी-धोखा' ही मिला है।

उन्होंने कहा कि अब स्थिति 'हाता नहीं भाता' से बहुत आगे निकल चुकी है और उपेक्षा तिरस्कार में बदल चुकी है, जिसे कोई भी स्वाभिमानी समाज सह नहीं सकता। यादव ने एक्स पर लिखा- जब किसी समाज के सामने केवल दो विकल्प सत्ता या सम्मान बचे रह जाते हैं, तब स्वाभिमानी समाज हमेशा सम्मान को ही चुनता है। यह सच्चाई किसी एक समाज तक सीमित नहीं, बल्कि हर वर्ग और समुदाय पर समान रूप से लागू होती है। भाजपा किसी की सगी नहीं है और आज 'भाजपाई' कहलाना एक नकारात्मक सामाजिक पहचान बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा से जुड़े लोग अपने स्वार्थ के लिए पर्यावरण जैसी संवे. दनशील धरोहरों से खिलवाड़ करते हैं, दोष-सिद्ध अपराधियों को संरक्षण और महिमामंडन देते हैं तथा दवाइयों के नाम पर जहरीली-नशीली चीजें बेचकर लोगों की जदिगी खतरे में डालते हैं। उन्होंने चुनावी प्रक्रियाओं में लूट, भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और सत्ता के दुरुपयोग के गंभीर आरोप भी लगाए। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि नफरत और भय का वातावरण बनाकर समाज को बांटना, संविधान और कानून के बजाय भीड़ और दबाव की राजनी. ति करना तथा वैज्ञानिक सोच, शिक्षा और कला से डरना,यह सब मौजूदा सत्ता की कार्यशैली को उजागर करता है। उनके अनुसार इसी वजह से अमीर-गरीब की खाई बढ़ी है, बेरोजगारी और महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है और महिला, गरीब, वंचित व शोषित वर्गों के अधिकारों पर लगातार हमला हो रहा है। उन्होंने कहा कि देशभक्त, सभ्य, मानवतावादी, ईमानदार और स्वाभिमानी समाज अब ऐसे राजनीतिक आचरण के साथ खड़ा होकर अपमान और जनाक्रोश का शिकार नहीं होना चाहता। अखिलेश यादव ने स्पष्ट किया कि जब तक सत्ता की इस प्रकार की राजनीति समाप्त नहीं होती, तब तक समाज को बराबरी का सम्मान मिलना संभव नहीं है।

## सरकार कर रही राहुल के विदेशी दौरों की निगरानीः पित्रोदा

■ दूतावास के अफसर उनका पीछा करते हैं, विदेशी नेताओं से मिलने को मना करते हैं: सैम

**नई दिल्ली।** ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने दावा किया है कि राहुल गांधी के विदेश दौरों के दौरान भारतीय दूतावास के अधिकारी उन पर नजर रखते हैं और कई बार विदेशी नेताओं से उन्हें न मिलने को कहा जाता है।

पित्रोदा ने राहुल के दौरे को लेकर गुरुवार को इंडिया टुडे से बातचीत की है। इसमें उन्होंने कहा कि मैने खुद देखा है कि राहुल गांधी के होटल, मीटिंग्स और एयरपोर्ट पर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। हालांकि इसके सबूत नहीं हैं, लेकिन अनुभव के आधार पर यह बात कह रहा हूं। वहीं पित्रोदा ने भाजपा के राहुल पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने के आरोपों को खारिज किया। जर्मनी दौरे की टाइमिंग पर उन्होंने कहा कि विद. ेश यात्राएं अचानक तय नहीं होतीं, बल्कि महीनों पहले से उनका कार्यक्रम बनता है।

पित्रोदा ने कहा कि राहुल गांधी पर विदेश जाकर भारत की छवि खराब करने के आरोपों पर कहा कि सच तो सच होता है, चाहे वह भारत में बोला जाए या विदेश में। डबल स्टैंडर्ड नहीं हो सकते। जार्ज सोरोस और विदेशी फंडिंग से जुड़े आरोपों पर कहा कि ये पूरी तरह बेबुनियाद हैं।

## अरावली को हम मरने नहीं देंगेः कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ सरकार इसे खत्म करने पर तुली हुई है: चिब

कांग्रेस ने अरावली को देश का भविष्य बताते हुए कहा है कि सरकार इसे बर्बाद करना चाहती है लेकिन कांग्रेस अरावली को मरने नहीं देगी और सात जनवरी से इस मुहिम में सत्याग्रह यात्रा निकालेगी।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभानु चिब ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अरावली सिर्फ पहाड़ नहीं, हमारी जीवन रेखा है। ये हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, जिसे मोदी सरकार तबाह करने पर तुली है। अरावली को बचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि अरावली को बचाना सबकी जिम्मेदारी है और युवा कांग्रेस इस जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस अरावली को बचाने के लिए सात जनवरी से 'अरावली सत्याग्रह' यात्रा निकाल रही है और यह यात्रा 20 जनवरी तक चलेगी।

यह यात्रा गुजरात से शुरू होगी और राजस्थान, हरियाणा से होते हुए दिल्ली आएगी। अरावली सत्याग्रह भविष्य को बचाने की यात्रा है, जो सात जनवरी से शुरु होगी और गुजरात, राजस्थान, हरियाणा होते हुए दिल्ली पहुंचेगी। यह यात्रा करीब करीब 1,000 किमी की होगी। चिब ने कहा कि युवा कांग्रेस इस यात्रा के जरिए मांग करेगी कि अरावली रेंज पर 100 मीटर का पैंतरा खत्म कर अरावली क्षेत्र को महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी क्षेत्र घोषित करे। उनका कहना था कि उच्चतम न्यायालय के आदेश की समीक्षा हो और अरावली को लेकर जो प्रस्ताव दिया गया है सरकार उस प्रस्ताव वापस ले तथा अरावली रेंज में खनन को पूरी तरह से प्रतिबंधित करे। युवा कांग्रेस नेता ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने पहले देश की संस्कृति को प्रदूषित किया और अब पर्यावरण को भी प्रदूषित करने की तैयारी में है। उनका कहना था कि अरावली. महज पहाड़ नहीं हैं, ये उत्तर भारत को सुरक्षा देते हैं।

### सुधाकर सिंह के पुत्र सुजीत सपा के टिकट पर उतरेंगे घोसी के मैदान में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मऊ जिले की घोसी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने दिवंगत विधायक सुधाकर सिंह के छोटे बेटे सुजीत सिंह को उम्मीदवार बनाकर चुनावी मैदान में उतारने का फैसला किया है। इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव ने औपचारिक ऐलान किया है। यादव ने शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सुजीत सिंह घोसी क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और अपने पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि समाजवादी पार्टी का पूरा संगठन एकजुट होकर सुजीत सिंह को भारी मतों से विजई बनाने के लिए काम करेगा। शिवपाल यादव ने सुजीत सिंह को कर्मठ, जिम्मेदार और जनता से जुड़ा युवा नेता बताते हुए कहा कि पार्टी का पूर्ण समर्थन उनके साथ है। घोसी विधानसभा सीट सपा विधायक सुधाकर सिंह के निधन के बाद रिक्त हुई थी।



सेंसेक्स 85052.46
निफ्टी 26042.30



सोना रु. 137914
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 232100
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में गिरावट, सेंसेक्स फिसला

**मुंबई, वार्ता**



रुपये में जारी नरमी से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली हावी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचक. ांक सेंसेक्स 356.24 अंक (0.42 प्रतिशत) टूटकर 85,052.46 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 99.80 अंक यानी 0.38 प्रतिशत नीचे 26,042.30 अंक पर रहा। यह लगातार दूसरा दिन है, जब बाजार में गिरावट में रही है। डॉलर की तुलना में रुपये में नरमी का दबाव शेयर बाजारों पर भी देखा गया।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.38 प्रतिशत फिसल गया। स्मॉलकैप-100 सूचकांक भी 0.08 फीसदी टूटा। आईटी, ऑटो, मीडिया, स्वास्थ्य और फार्मा समूहों के सूचकांक गिरकर बंद हुए। धातु और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों में तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस और एशियन पेंट्स के शेयर करीब डेढ़ फीसदी टूट गए। टीसीएस, इटरनल, सनफार्मा और टेक महिंद्रा के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक गिरे। पावरग्रिड, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईसीआईसीआई बैंक, आटीसी, अडानी पोर्ट्स और टाटा स्टील में भी गिरावट रही। टाइटन का शेयर दो प्रतिशत से अधिक चढ़ा। एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंदुस्तान यूनीलिवर में भी तेजी रही।

### विदेशी मुद्रा भंडार 4.37 अरब डॉलर बढ़ा स्वर्ण भंडार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 दिसम्बर को समाप्त सप्ताह में 4.368 अरब डॉलर बढ़कर दो महीने के उच्चतम स्तर 693.318 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह लगातार तीसरा सप्ताह है, जब विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। इससे पहले 12 दिसम्बर को समाप्त सप्ताह में इसमें 1.689 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी और यह 688.949 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार का दूसरा सबसे बड़ा घटक स्वर्ण भंडार 2.623 अरब डॉलर बढ़कर 110.365 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर रहा। आलोच्य सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.641 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 559.428 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा यूरो, ब्रितानी पाउंड और जापानी एन शामिल हैं। इसका मूल्य डॉलर की तुलना में उनकी विनिमय दर के आधार पर तय किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 9.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.782 अरब डॉलर पर और विशेष आहरण अधिकार 80 लाख डॉलर चढ़कर 18.744 अरब डॉलर हो गया।

### चांदी 2.32 लाख पार सोना 1.38 लाख के ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने-चांदी के दाम लगातार चौथे दिन ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए)के अनुसार 1 किलो चांदी की कीमत 13,117 रुपए बढ़कर 2,32,100 रुपए प्रति किलो के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई है। इससे पहले बुधवार को इसकी कीमत 2,18,983/किलो थी। वहीं सोने की कीमत 1,287 रुपए बढ़कर 1,37,914 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गई है। इससे पहले बुधवार को सोने की कीमत 1,36,627/10 ग्राम थी। दस दिन में चांदी 36,920 रुपए महंगी हुई है। 12 दिसंबर को इसकी कीमत 1,95,180 रुपए प्रति किलो थी। इस साल चांदी अब तक 150 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दे चुकी है। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। इस साल अब तक सोने की कीमत 61,752 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,37,914 रुपए हो गया है।

## नीदरलैंड में स्थानीय निवासियों ने टाटा स्टील से मांगा जुर्माना

**मुंबई, वार्ता**

नीदरलैंड के वेल्सन-नूरड के निवासियों ने टाटा स्टील पर स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए 1.4 अरब यूरो (लगभग 148 अरब रुपये) के हर्जाने की मांग के लिए मुकदमा दायर किया है।

टाटा स्टील ने गुरुवार देर रात शेयर बाजारों को बताया कि नेल्सन-नूर्ड के निवा. सियों के संगठन स्टिचिंग फ्रिस विड-एनयू (एसएफडब्ल्यू) ने हारलेम स्थित उत्तरी हॉलैंड की जिला अदालत में यह मुकदमा दायर किया है। मामले में टाटा स्टील नीदरलैंड बीवी और टाटा स्टील इज्मुदेन को समन जारी किए गए हैं। टाटा स्टील ने आरोपों को 'निराधार' बताते हुए खारिज कर दिया है। आरोप है कि कंपनी के संयंत्रों के कारण स्थानीय निवासियों के लिए स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ गए हैं। टाटा स्टील ने कहा है कि एसएफडब्ल्यू ने आरोपों के समर्थन में कोई प्रमाण पेश नहीं किया है, जिससे उसके दावों में तथ्यों की कमी है और ये सिर्फ कल्पना पर आधारित हैं। याचिका सार्वजनिक दावों के सामूहिक निपटान संबंधी डच कानून (डब्ल्यूएएमसीए) के तहत दायर की गई है। कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया है कि इसके तहत दो चरणों में सुनवाई पूरी होती है। पहला चरण मामले की स्वीकार्यता का होता है और दूसरे चरण में उसके गुण-दोष पर विचार किया जाता है। दोनों चरणों में अलग-अलग दो-तीन साल का समय लगता है। इसलिए आने वाले समय में (पहले चरण के दौरान) हर्जाने की राशि पर अदालत में विचार नहीं किया जाएगा। टाटा स्टील ने कहा है कि वह एसएफडब्ल्यू द्वारा मुहैया कराए गए दस्तावेजों का अध्ययन कर रही है और अधिवक्ताओं से परामर्श ले रही है। साथ ही दावों के संभावित प्रभावों का भी आंकलन किया जा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**यूपी में...** की मतदाता सूची में न तो इनके और न ही इनके माता-पिता या बाबा-दादी के नाम मिले हैं। यह कुल मतदाताओं का करीब सात प्रतिशत हैं। ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद इन्हें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) नोटिस देंगे। इन्हें भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अनुमन्य 12 प्रमाण पत्रों में से एक देना होगा। आधार कार्ड अकेले मान्य नहीं होगा इसके साथ कोई दूसरा प्रमाण पत्र भी लगाना होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि खत्म हो गई है। अब ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। इसके बाद 31 दिसम्बर से 30 जनवरी तक दावे व आपत्तियां ली जाएंगी। इसी तरह 31 दिसम्बर से 21 फरवरी तक उन मतदाताओं को नोटिस दिए जाएंगे, जिनके रिकॉर्ड नहीं मिल पाए हैं। दावे व आपत्तियों के निस्तारण के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 28 फरवरी को होगा। उन्होंने बताया कि जिनका नाम वर्ष 2025 की मतदाता सूची में नहीं है, वह फार्म-6 भरकर मतदाता बन सकते हैं। जिनके पास गणना प्रपत्र आया था, लेकिन वह किन्हीं कारणों से भर नहीं सके तो वे भी फॉर्म-6 भरकर मतदाता बन सकते हैं। हालांकि इन्हें एक शपथ पत्र भरना होगा। इसमें गणना प्रपत्र की तरह ही 2003 का रिकॉर्ड देना होगा। इसके साथ ही एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा भी फार्म-6 भरकर मतदाता बन सकते हैं।

**वीर साहिबजादों...** ही पूरी मुगलिया बादशाहत उनके पीछे लग गई, लेकिन चारों साहिबजादों में से एक को भी डिगा नहीं पाई। साहिबजादा अजीत सिंह जी के शब्द आज भी उनके हौसले की कहानी कहते हैं। अजीत सिंह जी ने कहा था कि नाम का अजीत हूं, जीता न जाऊंगा, जीता भी गया तो जीता न आऊंगा। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ही हमने गुरु तेगबहादुर को उनके 350वें बलिदान दिवस पर याद किया था। जिन साहिबजादों के पास गुरु तेगबहादुर जी के बलिदान की प्रेरणा हो, वो मुगल अत्याचारों से डर जाएंगे, ये सोचना ही गलत था। साहिबजादों के बलिदान की गाथा देश में जन-जन की जुबान पर होनी चाहिए थी। दुर्भाग्य से आजादी के बाद भी देश में गुलामी की मानसिकता हावी रही। इस गुलामी का बीज अंग्रेज राजनेता मैकाले ने 1835 में बोया था। उस मानसिकता से देश को आजादी के बाद भी मुक्त होने नहीं दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि आजादी के बाद भी देश में ऐसी सच्चाईयों को दबाने की कोशिश की गई। अब भारत ने तय किया है कि गुलामी की मानसिकता से मुक्ति पानी ही होगी। अब हम भारतीयों के बलिदान और शौर्य की स्मृतियां दबेंगी नहीं। अब देश के नायक-नायिकाओं को हाशिये पर नहीं रखा जाएगा और इसलिए वीर बाल दिवस को हम पूरे मनोभाव से मना रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से मुक्त होते हमारे देश में, भाषाई विविधता हमारी ताकत बन रही है। पीएम मोदी ने कहा कि जिस राष्ट्र के पास ऐसा गौरवशाली अतीत हो, जिसकी युवा पीढ़ी को ऐसी प्रेरणाएं विरासत में मिली हों, वो राष्ट्र क्या कुछ नहीं कर सकता है। जब भी 26 दिसम्बर का दिन आता है, मुझे ये तसल्ली होती है कि हमारी केंद्र सरकार ने साहिब. जादों की वीरता से प्रेरित होकर वीर बाल दिवस मनाना शुरू किया। पीएम मोदी ने जेन-जी और जेन-अल्फा को संबो. धित करते हुए कहा कि आपकी जेनरेशन ही भारत को विकसित भारत के लक्ष्य तक ले जाएगी। मैं जेन-जी की योग्यता, आपका आत्मविश्वास देखता हूं, समझता हूं और इसलिए आप पर बहुत भरोसा करता हूं। उन्होंने कहा कि पहले युवा सपने देखने से भी डरते थे, क्योंकि पुरानी व्यवस्थाओं में ये माहौल बन गया था कि कुछ अच्छा हो ही नहीं सकता। चारों ओर निराशा का वातावरण था। लेकिन आज देश प्रतिभा को खोजता है, उन्हें मंच देता है।

## बाराबंकी की पूजा पाल व आगरा के अजय को प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार

**बाराबंकी, वार्ता**



■ पूजा पाल ने बनाया है धूल रहित थ्रेशर का मॉडल

■ अजय राज ने मगरमच्छ से पिता की जान बचाई थी

सिरौली गौसपुर ब्लॉक के गांव डलईपुरवा की रहने वाली पूजा पाल को विज्ञान के क्षेत्र में किए गए नवाचार के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वीर बाल दिवस के मौके पर शुक्रवार(26 दिसंबर) को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित विशेष समारोह में यह पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रदान किया है। इस वर्ष पुरस्कार पाने वालों में 20 बच्चे शामिल हैं, जिनमें दो बच्चे उत्तर प्रदेश के हैं।

पूजा को सम्मान मिलने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। वहीं आगरा निवासी 9 साल के अजय राज के पिता को मगरमच्छ ने पकड़ लिया था, लेकिन अजय ने बिना डरे मगरमच्छ को भगाया था और अपने पिता की जान बचाई थी। सिरौली गौसपुर ब्लॉक के डलईपुरवा की रहने वाली पूजा पाल ने वर्ष 2021 में कक्षा आठ में पढ़ाई के दौरान थ्रेशर का एक मॉडल तैयार किया। यह मॉडल भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों द्वारा किए जाने वाले नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए चलाई जा रही इंस्पायर्ड एवार्ड योजना में चयनित हो गया। मॉडल को पहले जिला स्तर पर फिर मंडल स्तर पर चुन लिया गया। वर्ष 2021-22 की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पूजा के थ्रेशर मॉडल की खूब तारीफ हुई और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्थान मिला।

10 अक्टूबर 2023 में नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 60 मॉडलों का चयन किया गया। इन 60 मॉडल्स में पूजा का थ्रेशर मॉडल भी था। पूजा पाल को प्रधानमंत्री मोदी की डॉक्यूमेंट्री 'कर्मयोग एक अंतहीन यात्रा' जो उनके 75 वें जन्मदिवस पर लांच की गई थी, उसमें भी पूजा को शामिल किया गया था। पूजा पाल मिशन शक्ति फेज 5.0 का रोल मॉडल भी है। इन बच्चों को गणतंत्र दिवस की परेड में भी शामिल किया जाता है।

## दिल्ली से सटे यूपी के जिलों का एक्यूआई खतरनाक स्तर पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** यूपी में कड़ाके की ठंड के साथ कई जिलों में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ने लगा है। दिल्ली से सटे यूपी के जिलों में एक्यूआई 400 के पार तक पहुंच जा रहा। ग्रेटर नोएडा, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ और हापुड़ समेत कई शहरों में प्रदूषण का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है।

विशेषज्ञों के मुताबिक प्रदूषण का असर सेहत पर तो पड़ता ही है, साथ ही साथ यह मानसिक रूप से लोगों को परेशान करता है। बहुत से मरीजों को त्वचा संबंधित दिक्कतें होने लगती हैं। विशेषज्ञों ने दुष्प्रभावों और उनसे बचने के उपायों के बारे में बताया है।केजीएमयू के पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर विभाग के विभागाध्यक्ष डा. वेद प्रकाश ने बताया कि प्रदूषित वायु केवल फेफड़ों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि शरीर के विभिन्न अंगों को प्रभावित करती है। सांस से संबंधित मरीजों को सांस लेने में दिक्कत होने लगती है। इस स्थिति में ऐसे मरीजों को यही कहा जाता है कि बाहर निकलने से पहले मुंह पर मास्क जरूर लगाएं, अनावश्यक बाहर न निकलें, धुंध के समय मॉर्निंग या इवनिंग वॉक न करें। केजीएमयू की त्वचा रोग विशेषज्ञ डा. पारुल वर्मा ने कहा कि वायु में मौजूद विषैली गैसें और सूक्ष्म कण त्वचा की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को तेज करते हैं। इससे समय से पहले ही झुर्रियां, पिग्मेंटेशन और अन्य त्वचा संबंधी समस्याएं आने लगती हैं। प्रदूषित हवा के संपर्क में रहने से त्वचा कैंसर का जोखिम बढ़ सकता है।

# सुरेन्द्र का कातिल संदीप अरेस्ट

## हाईवे के किनारे पड़ी मिली थी मृतक की लाश

**सोनू आदित्य**

**नजीबाबाद।** पुलिस ने सुरेन्द्र के कत्ल का खुलासा करते हुए संदीप को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना अंतर्गत हरिद्वार-काशीपुर राष्ट्रीय राज मार्ग के निमार्णाधीन जलालाबाद बाईपास पर ग्राम सुनारोवाली की सीमा में हाईवे के किनारे सुरेन्द्र सिंह पुत्र स्व. मगन सिंह निवासी ग्राम हरचंदपुर एवं हाल निवासी देहरादून की अज्ञात व्यक्ति द्वारा छह दिन पूर्व हत्या कर दी गयी थी। मृतक के भाई द्वारा पुलिस को तहरीर दी गयी थी। तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा अपराध संख्या 441/2025 धारा 103 (1) बीएनएस में पंजीकृत किया गया था। पुलिस की विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान वारदात में संदीप पुत्र स्व. इन्द्ररेज निवासी 56, नाला पानी रोड, थाना डालनवाला, जनपद देहरादून का नाम प्रकाश में आया था। संदीप की गिरफ्तारी व वारदात के अनावरण के लिए पुलिस की तीन टीमों का गठन किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संदीप पुत्र स्व. इन्द्ररेज को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर वारदात के



दौरान कातिल के द्वारा पहनी गई एवं खून के छींटें लगी जैकेट व जैकेट में रखा हरिद्वार से मंडावली तक का बस का टिकट भी बरामद किया गया है। उसकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल आला कत्ल ईट बरामद की गयी। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह देहरादून सचिवालय में आउट सोर्सिंग के माध्यम से सफाईकर्मी के पद पर कार्यरत है। सुरेन्द्र पुत्र मगन सिंह, उसका पुराना मित्र था। जिससे उसने 70-80 हजार रुपये उधार ले रखे थे। पैसे वापस मांगने के दबाव तथा उसकी पत्नी के संबंध में की गई अश्लील टिप्पणियों से वह मानसिक रूप से अत्यंत परेशान था। मृतक सुरेन्द्र आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति था तथा हत्या के एक मामले में जमानत पर था। जिस कारण वह उसका विरोध नहीं कर पाता था। 21दिसम्बर को नजीबाबाद जाने के बहाने उसने सुरेन्द्र की हत्या की योजना बनाई। योजनानुसार वह देहरादून से हरिद्वार होते हुए मंडावली पहुंचा। जहां उसे सुरेन्द्र से मिला। तब वह दोनों मोटरसाइकिल से निर्माणाधीन हाईवे पर सुनसान स्थान पर रुके और दोनों ने शराब पी। नशे की हालत का लाभ उठाकर उसने ईट से सुरेन्द्र के सिर पर कई वार किए। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद वह अपनी खून के छीटे लगी जैकेट को साफ करने की कोशिश कर रहा था कि तभी दो पुलिस वालों ने टार्च की रोशनी लगाकर टोका। वह घबरा कर अपनी जैकेट वहीं छोड़कर भाग गया।

आज फिर वह अपनी छूटी हुई जैकेट तलाशने हेतु अंधेरे में घटनास्थल के आसपास आया था, तभी पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया।

# कार सवार लोगों पर जानलेवा हमला

## बाइक सवार बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती देर रात कार सवार लोगों पर बाइक सवार बदमाशों द्वारा की ताबड़तोड़ फायरिंग से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गनीमत रही कि कार सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शरद यादव पुत्र स्व. ओमवीर सिंह निवासी ग्राम बल्ला नगला पुट्टी थाना स्योहारा बीती देर रात स्कॉर्पियो गाड़ी से अपने साथी आशीष कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी मौहल्ला फकीरगंज थाना कांठ जनपद मुरादाबाद तथा नीरज पुत्र बजरंग त्यागी निवासी हिमगिरी कॉलोनी थाना सिविल लाइन मुरादाबाद के साथ अपनी बहन राशि पत्नी शुभम यादव को छोड़ने जा रहे थे। गाड़ी आशीष कुमार चला रहे थे। जब उनकी गाड़ी कुंभिया पुल से लगभग 100 मीटर पहले पहुंची, तभी बायीं ओर से एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों में से एक ने कार पर तीन राउंड फायर कर दिए। इसी दौरान पीछे से एक अन्य मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों में से एक ने भी कार पर फायर किया, जिससे पिछले शीशे पर गोली का निशान लगा। बताया गया कि दोनों मोटरसाइकिलों पर सवार बदमाश लगातार कार का पीछा कर रहे थे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चालक आशीष ने सूझबूझ दिखाते हुए गाड़ी मोड़ दी और गांव की ओर भाग निकले। गांव में पहुंचते ही ग्रामीण मौके पर जुट गए और तुरंत 112 नंबर पर सूचना दी गई। पीड़ित शरद यादव ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि यह हमला हिमांशु यादव, प्रदीप यादव निवासी पुट्टी थाना स्योहारा, दीपांशु यादव निवासी ग्राम गोविंदपुर थाना कांठ तथा मनीष यादव निवासी ग्राम फतेहपुर थाना स्योहारा द्वारा जान से मारने की नीयत से किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि करीब दस दिन पूर्व इन्हीं लोगों द्वारा कांठ फाटक पर उनकी गाड़ी रोक कर गाली-गलौज व धमकी दी गई थी। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जाएगी।

### एक नजर

## महिला से नकदी व मोबाइल छीना



**स्योहारा।** ग्राम गैंडाजुड निवासी गीता देवी पत्नी रमेश सिंह बैंक से 17,000 रुपए निकालकर स्योहारा से अपने घर जा रही थी। जैसे ही वह बड़ौदा बैंक के पास पहुंची सामने की ओर से आ रहे बाइक सवार युवक ने जिसके साथ एक महिला और उसकी गोद में बच्चा भी था ने महिला से 17,000 रुपए और एक मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़िता से घटना की जानकारी ली। थाना प्रभारी संजय कुमार के निर्देश पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

## गांजे के साथ दो तस्कर दबोचे



**स्योहारा।** रात्रि चैकिंग के दौरान पुलिस ने दो अभियुक्तों को 18 किलो 550 ग्राम अवैध गांजा पत्ती के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम स्योहारा-धामपुर मार्ग पर ग्राम पृत्थापुर के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध गतिविधि में संलग्न एक सेंट्रो कार को रोका गया। तलाशी लेने पर कार में सवार दो अभियुक्तों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मयूर पुत्र विकास निवासी सपेरा बस्ती गुरुद्वारा के पास रायपुर थाना रायपुर जनपद देहरादून व सन्नी पुत्र साजन निवासी सहस्त्रधारा बस स्टैंड के पास झुग्गी थाना आईटी पार्क जनपद देहरादून उत्तराखंड के रूप में हुई। पुलिस मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों से गहन पूछताछ कर रही है। गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, अपराध निरीक्षक दिनेश कुमार, उप निरीक्षक प्रमोद कुमार शर्मा, बृजपाल सिंह, नवीन भाटी, गौरव चौहान रहे।

## सीएचसी में कोल्ड चेन का निरीक्षण



**स्योहारा।** मुरादाबाद मंडल के यू-विन व यूएनडीपी के मंडलीय कॉर्डिनेटर सुयब जैदी ने सीएचसी में कोल्ड चेन रूम एवं वैक्सीन रखरखाव का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वैक्सीन की एक्सपायरी डेट, स्टॉक रजिस्टर व रखरखाव की जांच की गई, जिसमें कोल्ड चेन व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के दौरान कुछ छोटी कमियां सामने आई, जिन्हें तत्काल सुधारने के निर्देश दिए गए। साथ ही एएनएम के माइक्रोप्लान व टीकाकरण की समीक्षा करते हुए सभी रिपोर्ट प्रतिदिन यू-विन पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए गए। जिन उपकेंद्रों की रिपोर्टिंग कमजोर पाई गई उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. बीके स्नेही ने बताया कि निरीक्षण के दौरान लेबर रूम के रिकॉर्ड भी देखे गए और स्टाफ को निर्देशित किया गया कि जन्म के 24 घंटे के भीतर प्रत्येक नवजात को हेपेटाइटिस-बी की जीरो डोज अनिवार्य रूप से लगाई जाए, जो शासन के निर्देशानुसार पूर्णत नि:शुल्क है। इस अवसर पर आईओ वीर सिंह, हेल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार, एआरओ आलोक कुमार, बीपीएम शालिनी विश्नोई, डा. राकेश कुमार फार्मासिस्ट, योगेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## गुलदार पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया



**नहटौर।** क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर मिलक उर्फ बच्चे वाला में क्रेशर के पास स्थित एक आम के बाग में गुलदार माहे के बच्चे का शिकार करने के बाद उसे खाता हुआ नजर आया है। जिसका ग्रामीणों ने एक वीडियो भी बनाया है। गुलदार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूचना पर वन विभाग के टीम मौके पर पहुंची है और वन विभाग की टीम ने गुलदार को पकड़ने के लिए ग्रामीणों की मदद से पिंजरा लगाया है। बताया जाता है कि पिछले तीन दिनों से इस क्षेत्र में गुलदार दिखाई दे रहा है। गुलदार आम के बाग में शिकार को खा रहा था। जिसको देखकर कुछ ग्रामीण सहम गए। एक ग्रामीण ने उसका वीडियो बनाया। ग्रामीणों को देखकर गुलदार भाग कर ईख के खेत में घुस गया। डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह का कहना है कि गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगवाया गया है।

## घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

**धामपुर।** 24 दिसंबर को मनोज चौहान पुत्र नरेंद्र सिंह अपनी पत्नी अर्पणा रानी के साथ जीवन ज्योति अस्पताल धामपुर से लौटकर नगीना रोड स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी की ओर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से धामपुर की ओर से आ रही एक अज्ञात कार ने तेज गति और लापरवाही से दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दंपती सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक मौके से वाहन सहित फरार हो गया। घटना की सूचना पर आसपास के लोगों ने घायल दंपती को तत्काल धामपुर के एक अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने मनोज चौहान के दाहिने हाथ में फ्रैक्चर की पुष्टि करते हुए उपचार किया, जबकि अर्पणा रानी की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। जहां शुक्रवार को मुरादाबाद में इलाज के दौरान अर्पणा रानी की मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## घर में घुसा चोर पकड़कर पुलिस को सौंपा

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के ग्राम बरूकी निवासी बृजपाल सिंह पुत्र मिश्री सिंह ने थाने में दी तहरीर में कहा कि बीती रात्रि वह अपने घर में सो रहा था। अचानक उसकी आंख खुली, तो उसे घर के अंदर किसी व्यक्ति के होने की आहट लगी। घर में जाग होने पर उसके परिजनों ने एक चोर को घर के अंदर पकड़ लिया तथा घटना की सूचना पुलिस को दी। चोर के पकड़े जाने की बात सुन कर ग्राम प्रधान सहित आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने चोर को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने पकड़े गए चोर पर रहम दिली दिखाते हुए शांतिभंग में चालान कर दिया।

# बंद मकान में लगी आग लाखों का सामान खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** बंद पड़े मकान में अचानक से आग लगने से लाखों का सामान जलाकर खाक होगया।

कस्बे के मौहल्ला कस्बाबान में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब लंबे समय से बंद पड़े एक मकान से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। मकान फहीम पुत्र नफीस का बताया जा रहा है, जो रोजगार के सिलसिले में लखनऊ में रहता हैं और छुट्टियों में ही बढ़ापुर आता हैं। पड़ोसियों के अनुसार सामने रह रहे शराफत सैफी की नजर सबसे पहले मकान से उठते धुएं पर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने शोर मचाया और आसपास के लोगों को सूचना दी। हालात की गंभीरता को देखते हुए दूसरे घर से चाबी मंगाकर ताला खोला गया, जिसके बाद पड़ोस के युवकों और रिश्तेदारों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद पानी डालकर आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आकर घर में रखा लगभग सारा घरेलू सामान जलकर खाक हो गया, जिससे लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

घटना की जानकारी देर रात ही फहीम को दे दी गई थी, जिसके बाद वह लखनऊ से बढ़ापुर के लिए रवाना हो गए। आग लगने के बाद कमरे का तापमान इतना अधिक हो गया था और धुएं का गुबार इस कदर फैल गया था कि अंदर सांस लेना भी मुश्किल हो गया था, लेकिन पड़ोसियों ने हिम्मत और सूझबूझ दिखाते हुए पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया। आग शांत होने के बाद सामान की जांच की गई, जिसमें सोने के कुछ आभूषण गायब पाए गए।

देर रात तक हुई छानबीन के दौरान कुछ आभूषण बरामद होने की बात सामने आई, जबकि कुछ आभूषण अब भी लापता बताए जा रहे हैं।

# ट्रक के अंदर चालक का शव मिला

## पुलिस ने शव पीएम को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब सहसपुर मार्ग स्थित एक मैरिज हॉल के पास खड़े ट्रक के अंदर चालक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। घटना की जानकारी होते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान जागेश (36 वर्ष) पुत्र चंद्रपाल निवासी ढींगरपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक पेशे से ट्रक चालक था। सूत्रों के अनुसार वह बीती रात हरिद्वार से माल भरकर स्योहारा पहुंचा था और सहसपुर मार्ग पर स्थित एक मैरिज हॉल के पास ट्रक खड़ा कर आराम करने लगा था। सुबह जब काफी देर तक ट्रक के अंदर कोई हलचल नहीं हुई तो पास ही मौजूद दुकानदारों को



शक हुआ। दुकानदार मृतक को पहले से जानते थे। उन्होंने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे मृतक के भाई व अन्य लोगों ने जब ट्रक का दरवाजा खोला तो देखा कि चालक ट्रक के अंदर मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। इसके बाद तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने



बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की जानकारी हो सकेगी। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है और नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों की ओर से तहरीर भी पुलिस को दी गई है। वहीं नगर में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं।

### एक नजर

## पोक्सो एक्ट में दो गिरफ्तार



**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र निवासी एक पीड़ित ने तहरीर देते हुए बताया कि थाना नजीबाबाद के ग्राम बोराकी निवासी एक युवक ने उनकी पुत्री व दूसरे युवक ने एक अन्य लड़की को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए है। इसके बाद पुलिस ने 121/25 मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपितों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपितों अक्षय कुमार पुत्र नरेंद्र व रोहित पुत्र नंदू निवासी ग्राम बोराकी, थाना नजीबाबाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा दर्ज अभियोग में धारा 65(1), 87/49 बीएनएस 3/4 (2), 16/17 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गई है।

## रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्यवाही की मांग

**नांगल सोती।** बीते रविवार को नांगल-मंडावली मार्ग पर ग्राम सैदपुरी के सामने पेट्रोल पंप के पास एक क्रेटा कार सामने चल रहे मिट्टी से भरे डंपर के पीछे घुस गई थी, जिसमें कार में सवार कारी इकबाल निवासी सराय आलम थाना नांगल, सलाउद्दीन, एहतेशाम, अशफाक निवासी राहतपुर खुर्द थाना मंडावली की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस मामले में अशफाक के पुत्र नदीम ने अज्ञात डंपर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत किया जागरूक



**स्योहारा।** थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र में आज मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिला सुरक्षा और जागरूकता संबंधी विशेष अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभियान में लगभग 145 बालिकाओं और महिलाओं ने हिस्सा लिया। अभियान के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने के उपाय, व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा और साइबर उत्पीड़न की स्थिति में शिकायत दर्ज कराने के तरीके की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी संजय कुमार ने अपील की कि छेड़छाड़ उत्पीड़न या किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में पीड़ित तुरंत पुलिस से संपर्क करें और बिना किसी संकोच के अपनी शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ताओं का नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा। महिला सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नंबर 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिला व नवजात शिशु एम्बुलेंस, 108 सामान्य एम्बुलेंस, 1098 चाइल्ड लाइबर, 101 अग्निशमन सेवा, 1930 साइबर क्राइम की जानकारी दी गई।

# स्वयं पहरेदारी बनने का आह्वान

## थाना प्रांगण में बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** सर्दी के मौसम के मद्देनजर घने कोहरे की रातों में ग्राम के प्रधानों एवं जिम्मेदार व्यक्तियों की एक बैठक थाना प्रांगण में आयोजित की गई। जिसमें थाना अध्यक्ष ने ग्राम की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरतने व स्वयं पहरेदारी बनने का आह्वान किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना अध्यक्ष रामप्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक संपन्न हुई। जिसमें थाना क्षेत्र हल्का तीन व चार के ग्राम सुआवाला, शेरगढ़ आनन्दिपुर, मनोहरवाली, भूतपुरी, भज्जावाला सहित एक दर्जन ग्राम के ग्राम प्रधान व ग्रामीण मौजूद थे। थानाध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने उपस्थित



लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि घने कोहरे की रातों में दृष्टयता कम हो जाती है। जिससे आपसी सहयोग से रात्रि पहरेदारी करे। ग्राम के प्रवेश मार्गों, गलियों और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखी जाए तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गति. विधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सामूहिक सतर्कता से ही ग्राम को सुरक्षित रखा जा सकता है। क्योंकि घने कोहरे की रातों में अपराधी (चोर) बन्द पड़े मकानों तथा जिन घरों की दीवारों में आसानी से चढ़ा जाए। उनको अपना निशाना बनाते हैं तथा इन दिनों में पशु चोर भी सक्रिय हो जाते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से स्वयं प्रहरी बनकर अपने ग्राम की सुरक्षा करने का आह्वान किया।

# आवारा कुत्तों को मिलेगा घर

## अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में आश्रय स्थलों की व्यवस्था करें : डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निराश्रित स्वानों (स्ट्रीट डॉग्स) के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने पशु कल्याण और जनमानस की सुरक्षा के बीच संतुलन बनाने पर जोर दिया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी अस्पतालों और चिह्नित हॉटस्पॉट्स पर शत-प्रतिशत एंटी-रेबीज टीकाकरण की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसका उद्देश्य रेबीज के खतरे को शून्य करना है। साथ ही, उन्होंने रेबीज के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी और अधिशासी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में निराश्रित स्वानों के लिए अस्थायी या स्थायी आश्रय स्थलों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीमार एवं घायल स्वानों के उपचार के लिए त्वरित कार्यवाही



करने तथा वहां आहार व चिकित्सा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आश्रय स्थलों को जन सुरक्षा के मद्देनजर बच्चों के खेलने के स्थानों और शहर से दूर बनाया जाए। सभी उपस्थित अधिकारियों को आमजन को पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और निराश्रित स्वानों के व्यवहार के प्रति जागरूक करने के लिए निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर 'फीडिंग पॉइंट्स' चिह्नित करने का सुझाव दिया। कुत्तों के काटने या आक्रामक व्यवहार की शिकायतों के निस्तारण के लिए एक समर्पित हेल्पलाइन नंबर और त्वरित रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) को सक्रिय करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारी को दिए गए। बैठक में निराश्रित स्वानों की बढ़ती संख्या, उनके टीकाकरण, नसबंदी, उपचार, आश्रय व्यवस्था और आमजन को होने वाली असुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। संबंधित विभागों को पशु कल्याण नियमों का पालन करते हुए स्वानों के लिए नियमित टीकाकरण एवं नसबंदी कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशलेंद्र सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पीसीपीएनडीटी सलाहकार समिति की बैठक

## अल्ट्रासाउंड व डायग्नोस्टिक सेंटरों की जांच करना सुनिश्चित करें : डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीसीपीएनडीटी सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रभा रानी, नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डॉ. केके राहुल, शासकीय अधिवक्ता मुकेश त्यागी, रेडियोलोजिस्ट डॉ. आरबी त्यागी, सदस्य श्रीमती सुधा राठी आदि मौजूद थे।



जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नियमित रूप से जिले में अवैध रूप से संचालित सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिकों और डायग्नोस्टिक सेंटरों की नियमित जांच करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई भी केंद्र बिना पंजीकरण के या अवैध रूप से जांच करते पाया गया, तो उसका लाइसेंस तत्काल निरस्त कर संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी एफआईआर दर्ज करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि अल्ट्रासाउंड मशीन संचालक की पत्रावली प्रस्तुत करने से पूर्व प्रदेश से बाहर के चिकित्सकों से शपथ पत्र प्राप्त करें, जिसमें उनके द्वारा अन्य किसी स्थान पर अल्ट्रासाउंड मशीन का संचालन न करने तथा कार्य स्थल शहर में ही निवास करना शामिल हो, को पत्रावली के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने पत्रावली में अल्ट्रासाउंड मशीन के संचालन के लिए नामित डॉक्टरों की पोस्ट ग्रेजुएट शैक्षिक योग्यता का सत्यापन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि रेडक्रॉस सोसायटी को क्रियाशील रखें और समय-समय पर नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं आई कैम्पों का आयोजन कर आमजन को लाभान्वित करते रहें। उन्होंने कहा कि पीसीपीएनडीटी सलाहकार समिति का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि पीसीपीएनडीटी की मासिक बैठक नियमित रूप से आयोजित करना सुनिश्चित करें ताकि अनावश्यक रूप से प्रकरण लंबित न रहे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा नए अल्ट्रासाउंड केंद्रों के पंजीकरण और पुराने केंद्रों के नवीनीकरण संबंधी आवेदनों की तकनीकी समीक्षा की गई और मानकों को पूरा करने वाले केंद्रों को ही अनुमति प्रदान करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

## फसल बीमा योजना के लिए प्रेरित करें

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसान बंधुओं के हितार्थ संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करते हुए उनकी आय में वृद्धि करना और उनकी फसलों के नुकसान की भरपाई करना है। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में किसी भी प्रकार की कोताही अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कृषि विभाग और बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि रबी सीजन की फसलों के लिए जिले के सभी ऋणी और गैर-ऋणी किसानों का पंजीकरण कराना सुनिश्चित कराए और कोई भी पात्र किसान बीमा सुरक्षा से वंचित न रहे। जिलाधिकारी श्रीमती कौर कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रहीं थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना भी किसानों को उनकी फसल के नुकसान की भरपाई करने के लिए लागू की गई है, ताकि प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसल को होने वाले नुकसान की भरपाई कर किसानों को होने वाले आर्थिक नुकसान से सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने बैंकों को निर्देशित किया गया कि वे पोर्टल पर किसानों का डेटा (आधार, बैंक खाता और खतौनी) सावधानीपूर्वक अपलोड करें ताकि 'मिसमैच' के कारण दावे लंबित न रहें। उन्होंने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देश दिए उक्त योजना के अन्तर्गत किसानों को फसल बीमा योजना के लिए प्रेरित करें तथा शाखा प्रबंधकों की बैठक कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि उक्त योजना अन्तर्गत फसली ऋण लेने वाले किसान जिनकी फसल ऋण की सीमा को स्वीकृत किया गया हो अथवा ऋण वितरित किया गया हो, वह किसान फसल बीमा के लिए पात्र होंगे, जबकि ऋणी कृषकों के लिए यह योजना पूर्णत: स्वैच्छिक है। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे ऋणी किसान जो योजना से अलग होना चाहते हैं, उनके अलग होने के लिए नामांकन की अंतिम तिथि निर्धारित करना सुनिश्चित करें।

## एक नजर

### ताले तोड़कर लाखों की चोरी

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के ग्राम पित्तानेहडी जिया निवासी असगर पुत्र मौहम्मद अली ने थाने में दी तहरीर मे कहा है कि उसकी मां की तबीयत खराब चल रही है, जिसके चलते वह कल अपने परिवार के साथ मां की दवाई लेने के लिए ऋषिकेश अस्पताल गया था। बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने उसके घर के मेन गेट का ताला तोड़कर उसके घर में घुस गए तथा 6 कमरों के ताले तोड़कर 7 तोले सोना, 1 किलो चांदी, 10000 रुपए नगद व अन्य सामान चोर चुरा कर ले गए, जिनकी कीमत लगभग 10 लाख रुपए बताई जा रही है। आज प्रात: जब असगर अपने घर पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। पीड़ित में थाने पहुंच कर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर सौपी।

### दहेज मुक्त अभियान के तहत शपथ दिलाई



**अफजलगढ़।** मौहल्ला बेगम सराय में दहेज मुक्ति अभियान के अंतर्गत एडवोकेट सुरूस अनवर पौत्र हकीम मकसूद अहमद के आवास पर शहर के जिम्मेदार लोगों ने एक गोष्ठी आयोजन किया गया। गोष्ठी में दहेज मुक्ति अभियान के साथ-साथ नई रस्मों के विरोध करते हुए लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर सभासद पति कलवा कुरैशी ने कहा कि रस्म को खत्म करने की आवश्यकता है। इससे समाज में फालतू खर्च और नबी की सुन्नत के खिलाफ अमल हो रहे हैं। उपस्थित लोगों को नई रस्मों के खिलाफ शपथ दिलाई। नेशनल एकता परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौहम्मद शावाज ने कहा कि दहेज मुक्ति अभियान एक अच्छी पहल है, जिससे समाज के सभी वर्ग का विशेष कर समाज की उन बेटियों की शादी भी हो जाएगी जो दहेज जैसी लानत के कारण शादी की उम्र के करीब है। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मौहम्मद कफील न कहा कि दहेज मुक्ति अभियान का सभी लोग हिस्सा बने। अफजलगढ़ यूथ विंग की कार्यकर्ता मौहम्मद फहीम व जावेद अमान जो इस अभियान की पदयात्रा कर रहे हैं उन्होंने कहा कि नए रस्में जैसे हल्दी की रस्म, बारात के आने पर रिबन काटना, डीजे बजाया, आतिश बाजी छोड़ना, केक काटना आदि नई रस्मों को खत्म करना होगा। इस अवसर पर अब्दुल रजजाक ठेकेदार, एडवोकेट सुरुस अहमद, वाजिद अहमद, शावाज अहमद, दिलशाद अहमद, शमसुद्दीन, शादाब, फन कैफे के रज्जब, मौहम्मद साकिब, इमरान, अमान मलिक, मौहम्मद अली, मुर्तजा आदि शामिल रहे।

### मौ. फैज अंसारी एड. बने विधानसभा अध्यक्ष



**नजीबाबाद।** राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष व जनपद बिजनौर के जिला अध्यक्ष ने नगर पंचायत सहानपुर निवासी मौहम्मद फैज अंसारी एड. को संगठन का विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने नव मनोनीत विधानसभा अध्यक्ष मौहम्मद फैज अंसारी एड. से आशा व्यक्त की है कि वह अंसारी बिरादरी को अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जोड़ने और उनके हितों के लिए कार्य करेंगे। मौहम्मद फैज अंसारी एड. ने भी प्रदेश नेतृत्व व जिला नेतृत्व को पूर्ण विश्वास दिलाया कि वह पूरी निष्ठा व लगन के साथ संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर भारी संख्या में उनके शुभचिंतकों व मित्रों ने उन्हें बधाई प्रेषित की।

### क्रिसमस पर चर्च में बच्चों ने मन मोहा

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला संतोमालन स्थित मैथोडिस्ट चर्च में क्रिसमस के मौके पर प्रार्थना सभा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया। क्रिसमस के मौके पर मैथोडिस्ट चर्च को रंग-बिरंगी झालरों व बल्बों से सजाया गया। सुबह से चर्च में बच्चे रंग-बिरंगे परिधानों में सज धज कर घूमते नजर आए। चर्च में सुबह को पादरी हिमांशु मनी ने प्रार्थना कराई। इसके बाद उन्होंने प्रभु यीशु के जीवन के बारे में विस्तार से बताया। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया।

### टीकाकरण उत्सव शुभारंभ



**स्योहारा।** विशेष टीकाकरण उत्सव का शुभारंभ वार्ड नंबर 15 के सभासद दिलशाद अहमद अंसारी द्वारा फीता काटकर किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य ऐसे बच्चों, किशोरों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण पूर्ण कराना था जो किसी कारणवश पूर्व में टीकाकरण से वंचित रह गए थे। सभासद दिलशाद अहमद अंसारी की सक्रिय पहल, सतत निगरानी और भरपूर सहयोग से यह टीकाकरण अभियान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से चलाया गया। अभियान में आंगनबाड़ी नजरीन एवं रूमा परवीन की अहम भूमिका रही, जिन्होंने घर-घर जाकर संपर्क किया और छूटे हुए लाभार्थियों को टीकाकरण केंद्र तक पहुंचाया। टीकाकरण उत्सव के तहत 0 से 5 वर्ष तक के शिशु एवं बच्चे, 10 से 16 वर्ष तक के किशोर तथा गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। इस दौरान विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी पात्र लाभार्थी टीकाकरण से वंचित न रह जाए। सभासद दिलशाद अहमद अंसारी ने कहा कि स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण के लिए टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का समय पर टीकाकरण कराएं और टीकाकरण के उपरांत U-WIN पोर्टल पर पंजीकरण कराकर डिजिटल टीकाकरण प्रमाण पत्र अवश्य प्राप्त करें। यह टीकाकरण अभियान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा के सहयोग से संचालित किया गया, जिसे क्षेत्रवासियों का भी भरपूर समर्थन मिला। अभियान की सफलता पर स्वास्थ्य विभाग एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सराहना की गई।

# प्रो. वीरेन्द्र बालाजी का निलंबन वापस ले जामिया : शाहनवाज

## नालंदा से जामिया तक मनुवादियों को चुभते रहे हैं विश्वविद्यालय



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम ने जामिया विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा बीए के प्रश्नपत्र में मुसलमानों के उत्पीड़न पर सवाल पूछने के कारण प्रोफेसर वीरेंद्र बालाजी को निलंबित करने की निंदा करते हुए उन्हें तत्काल बहाल करने की मांग की है।

कांग्रेस नेता ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अकादमिक स्वतंत्रता के बिना विश्वविद्यालयों की कल्पना ही नहीं की जा सकती। आरएसएस मनुवादी विचारधारा को मानने वाला संगठन है, जिसके पूर्वजों ने नालंदा विश्वविद्यालय को जलाया था। इसलिए सत्ता में आकर वो हर विश्व. विद्यालय को नालंदा की तरह बर्बाद कर देना चाहते हैं या अपने दबाव में ले लेना चाहते हैं। कई विश्वविद्यालय उसके इस दबाव में आकर अपनी स्वायत्तता गिरवी भी रख चुके हैं। कुछ चुनिंदा विश्वविद्यालय ही जिसमें जामिया भी है अपनी शाख बचा पाये थे। लेकिन जामिया प्रशासन ने अपने प्रोफेसर को निलंबित करके अपनी छवि से समझौता कर लिया है।

उन्होंने कहा कि जामिया प्रशासन को यह नहीं भूलना चाहिए था कि जामिया मिल्लीया इस्लामिया विश्वविद्यालय का निर्माण ही अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ हुआ था। इसलिए उसका किसी सरकार के दबाव में आ जाना उसके इतिहास के खिलाफ है।

शाहनवाज आलम ने कहा कि अगर विश्वविद्यालयों में प्रताड़ित वर्गों के ऊपर शोध कार्यों को रोक दिया जाए, तो फिर विश्वविद्यालयों की सामाजिक भूमिका खत्म हो जाएगी।

लाखों की संख्या में दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के शोषण पर हुए शोध कार्य जलाने पड़ जायेंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों की जिम्मेदारी समीक्षात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है। लेकिन भाजपा उन्हें सरस्वती शिशु मंदिरों में तब्दील कर वहां से सत्ता के भक्त पैदा करना चाहती है।

# काले कानून की समाप्ति तक जारी रहेगा संघर्ष

## एनपीएस-यूपीएस के विरोध में शीघ्र बनेगी बड़े आंदोलन की रणनीति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद शाखा की जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव के संचालन में बैठक आयोजित हुई।



बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण की समाप्ति तक आंदोलन जारी रहेगा। पुरानी पेंशन में देश के 80 लाख से अधिक शिक्षकों एवं कर्मचारी का भविष्य सुरक्षित है एनपीएस एवं यूपीएस केवल पूंजीपतियों का षडयंत्र है। जिस किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। केन्द्र सरकार द्वारा एनपीएस (नई पेंशन) में सेवानिवृत्ति पर निकासी की कुल राशि 60 प्रतिशत से 80 प्रतिशत करना विगत दिल्ली महारैली का प्रभाव है। संगठन एनपीएस या यूपीएस में संशोधन के लिए संघर्ष नहीं कर रहा। जब तक हू-ब-हू पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी। तब तक संघर्ष जारी रहेगा। अटेवा पुरानी पेंशन बहाली के लिए दृढसंकल्पित है। संगठन बहुत शीघ्र राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण के विरोध में बड़े आंदोलन की रणनीति को तैयार करेगा। क्योंकि पुरानी पेंशन देश के लाखों शिक्षकों एवं कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी है। जिस देश का जनप्रतिनिधि ले रहे है। मंडलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण के विरोध में संगठित होकर संघर्ष करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर महिला विंग जिला अध्यक्ष वसीम बानो, भूपेंद्र चौधरी, मुजफ्फर इस्लाम, कुलदीप सिंह, सुशील कुमार, विजेंद्र कुमार, सिकंदर पाल सिंह, पुनीत गहलौत, ओमप्रकाश सिंह, मनोज कुमार, सुभाष चंद्र, आफताब अहमद, पंकज कटारिया, संजय कुमार, कुलवीर चौधरी, ज्ञानेंद्र चौधरी, पुनीत कुमार आदि ने संबोधित किया।

# क्रेशरों से लाखों का केबल चोरी

## सीसीटीवी फुटेज के बावजूद आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर

**मुसिफुल हक**

**भागूवाला।** थाना मंडावली क्षेत्र के अंतर्गत जटपुरा रोड स्थित लाला के स्टोन क्रेशर से एक बार फिर चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। बीती देर रात चोर ने स्टोन क्रेशर परिसर में घुसकर तीन भारी बिजली के केबल काट लिए, जिनकी कीमत लगभग 50 हजार रुपए बताई जा रही है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार इससे करीब 15 दिन पहले भी संतोष स्टोन क्रेशर से लगभग 50 हजार रुपए मूल्य के केबल चोरी किए गए थे। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि बीते छह महीनों के भीतर क्षेत्र के 10 से 15 अलग-अलग स्टोन क्रेशरों पर चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। लगभग हर स्टोन क्रेशर एक-एक बार चोरी की चपेट में आ चुका है, लेकिन इसके बावजूद चोर अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।



सूत्रों का कहना है कि 15 दिन पहले हुई चोरी की घटना का सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध है। बावजूद इसके न तो अब तक आरोपी की पहचान हो सकी है और न ही किसी प्रभावी कार्रवाई की जानकारी सामने आई है।

इस संबंध में जब थाना अध्यक्ष मंडावली से पक्ष जानने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने बताया कि इस प्रकार की किसी घटना की जानकारी उन्हें नहीं है।

### क्रेशर संचालकों में दहशत व्याप्त

लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्टोन क्रेशर संचालकों में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। संचालकों का कहना है कि जब बार-बार चोरी की घटनाएं हो रही हैं और सीसीटीवी फुटेज भी मौजूद है, तो फिर आरोपी तक न पहुंच पाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। स्टोन क्रेशर संचालकों ने मांग की है कि हल्का नंबर तीन में रात्रि गश्त बढ़ाई जाए और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

## सड़क हादसे में घायल की उपचार के दौरान मौत

**शेरकोट।** लगभग दस दिन पूर्व ग्राम मंघोरा निवासी करीब 60 वर्षीय चन्द्र सिंह अपने गांव के समीप स्थित खेत से साइकिल द्वारा घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रहे बाइक सवार दो युवकों ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चन्द्र सिंह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल को एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर दो दिन पूर्व उन्हें धामपुर स्थित एक निजी अस्पताल में रैफर किया गया, जहां उपचार के दौरान शुक्रवार को उनकी मृत्यु हो गई। चन्द्र सिंह के निधन की सूचना मिलते ही परिवार में शोक छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में भी घटना को लेकर शोक व्यक्त किया जा रहा है।

## एक नजर

### दुर्घटना में युवक घायल



**कालागढ़।** सीओ भरत सोनकर भिक्कावाला में अपनी सरकारी गाड़ी को बेक करते समय मुकुल कुमार (30 वर्ष) पुत्र विक्रम सिंह निवासी जाम. ुनवाला भारतीय स्टेट बैंक से आगे प्रदीप पुस्तक भंडार के ठीक सामने सड़क दुर्घटना में मुकुल के सिर, मुंह पर गंभीर छोटे आई। जिससे वह खून में लतपथ हो गया और मौके पर ही सुद्धबुद्ध खो बैठा। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने दौड़ कर घायल युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

### चकबंदी प्रक्रियाधीन ग्रामों की समीक्षा

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में आज जनपद के चकबन्दी प्रक्रियाधीन सभी ग्रामों की धारावार समीक्षा की गयी। अपर जिलाधिकारी ने चकबंदी कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के लिए एसओसी चकबंदी एवं तहसीलदार को निर्देशित किया कि कब्जा परिवर्तन अथवा अवैध कब्जा प्रकरणों को कब्जा मुक्त करने के लिए संयुक्त रूप से टीम बनाकर कब्जा परिवर्तन एवं अवैध कब्जे को कब्जा मुक्त करना सुनिश्चित करें ताकि चकबंदी कार्य में आवश्यक तेजी लाई जा सके। उन्होंने सभी चकबंदी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि अपने दायित्वों के निर्वहन के प्रति किसी भी स्तर पर लापरवाही न करें और कार्य पूर्ण समयबद्धता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न करें। उन्होंने एसओसी चकबंदी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सीओ, ऐसीओ एवं कानूनगो के कार्यों की प्रगति प्रतिदिन समीक्षा करें और जिस स्तर पर भी लापरवाही होना प्रकाश में आए उनके विरुद्ध तत्काल कार्यवाही अमल में लाएं।

# वीर बाल दिवस पर निकाली रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** वीर बाल दिवस के अवसर पर नगर में सिख समाज की ओर से भव्य रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गुरमुख परिवारों के सदस्य, गुरु घर से जुड़े सेवक-सेविकाएं एवं सिख संगत ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रैली में श्री गुरु नानक पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी विद्यालय की प्रधानाचार्य कुमुद रानी के मार्गदर्शन में भाग लिया।



रैली के अग्रिम सुसज्जित वाहन पर दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज एवं उनके चारों साहिब. जादों के चित्र सुशोभित रहे, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने। यह रैली गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह, गुरुद्वारा प्रबंध समिति अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट तथा सचिव सरदार गुरचरण सिंह चावला के संरक्षण व निर्देशन में समस्त संगत के सहयोग से निकाली गई।

रैली में गुरुद्वारा प्रबंध समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों सरदार सुरेंद्र सिंह हुड्डा, सरदार रविंद्र सिंह सीडाना, सरदार तनप्रीत सिंह मोगा, डॉ. अमरजीत सिंह चावला, सरदार त्रिलोचन सिंह चावला, सरदार गगनदीप सिंह चावला, सरदार तरजीत सिंह मोगा, सरदार गुरमीत सिंह गांधी राजू, सरदार बलजीत सिंह गांधी जोगा सहित अनेक गणमान्य लोगों ने सहभागिता की।

रैली गुरुद्वारे से प्रारंभ होकर नगीना चौक, खारी कुआं, भगत सिंह चौक, फल चौक, सुभाष चौक से होते हुए पुन: गुरुद्वारे पर आकर संपन्न हुई।

इस अवसर पर एसपी सलूजा, सरदार सतमीत सिंह मनी, पूर्व सभासद सरदार जसप्रीत सिंह रॉकी, सरदार गुरदीप सिंह चावला, महेंद्र सिंह सलूजा आराधक, सरदार मंजीत सिंह सलूजा, जत्थेदार बीबी महेंद्र कौर खालसा, मनजीत कौर, अमनप्रीत कौर, ज्योति छाबड़ा, खुशी छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में सिख संगत मौजूद रही।

रैली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में पुलिस बल तैनात रहा।

# सुरक्षात्मक चिन्ह व रिफलेक्टर लगवाना सुनिश्चित करें : डीएम

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर आरटीओ, अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, परिवहन, ट्रैफिक पुलिस अधिकारी समिति अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने सर्दी में कोहरे के दृष्टिगत लोक निर्माण विभाग और एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी हाइवे पर सड़क के दोनों ओर प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षात्मक चिन्ह एवं रिफिलेक्टर लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि हाइवे पर एक्सीडेंटल व संवेदनशील स्थानों पर दुर्घटना संबंधित पोस्टर लगाना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के सभी चिन्हित 'ब्लैक स्पॉट' जहां बार-बार दुर्घटनाएं हो रही हैं, पर तत्काल सुधारात्मक उपाय, साइनेज, रंबल स्ट्रिप, और प्रकाश व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उन्होंने एनएचआई के अधिकारियों निर्देश दिए कि जो भी मार्ग हाइवे से जुड़ रहे है, उन पर तत्काल स्पीड ब्रेकर बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि सभी चीनी मिल अधिकारियों के साथ बैठक



आयोजित कर निर्देशित करें कि किसी भी अवस्था में बिना फिटनेस एवं ओवरलोडेड वाहनों का गन्ना परिवहन में संचालन नहीं होना चाहिए। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि उक्त प्रकार की शिकायत संज्ञान में आने पर वाहन स्वामी के साथ-साथ मिल प्रबंधन तंत्र के विरुद्ध भी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित जगहों पर टेबिल टाप रोड ब्रेकर भी बनवाएं तथा चाल. कों की सुविधा के लिए उन पर सफेद लाइन भी बनाई जाएं ताकि कम से कम दुर्घटना की सम्भावना रहे। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि हाईवे पर शेष रह गए कट को उनको तत्काल बंद करना सुनिश्चित करें, जिससे कि कोई भी अप्रिय घटना न होने पाए। उन्होंने शिक्षा विभाग और आरटीओ को निर्देश दिए गए कि सभी स्कूली वाहनों की फिटनेस और चालकों के लाइसेंस की सघन जांच की जाए ताकि छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी वाहन बिना फिटनेस के संचालित न पाया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विगत अवधि में हुई सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की गई तथा दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों पर विस्तृत चर्चा की गई और निर्देश दिए गए कि ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर त्वरित सुधारात्मक कार्य किए जाएं। ओवरस्पीडिंग एवं बिना हेलमेट/सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।


## नाम परिवर्तन सूचना

मेरा पुराना नाम WASIM AHMAD है तथा मैंने इसके स्थान पर बदल कर अपना नाम WASEEM AHMAD रख लिया है। मुझे आज के बाद से इसी नये नाम से जाना और पहचाना जाए तथा प्रत्येक मौके पर इसी नये नाम से बुलाया जाए। मेरे पासपोर्ट में मृतक पिता के नाम की स्पेलिंग ABDUL HAPHIJ थी। जो कि अशुद्ध है और त्रुटिपूर्ण है। मेरे मृतक पिता के नाम की सही स्पेलिंग ABDUL HAFIZ है। **वसीम अहमद पुत्र श्री अब्दुल हफीज निवासी मौहल्ला मुमताज हुसैन, कस्बा व परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जनपद-बिजनौर।**

## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने मुवक्किल आधार हाउसिंग फाईनेन्स लि. के निर्देश पर यह नोटिस देता हूं कि मेरे मुवक्किल के यहां हिना परवीन पत्नी मौ. नुसरत ने अपने आवासीय मकान 72.38 वर्ग मीटर खसरा नं. 117 ग्राम कोतवाली, तहसील नगीना, जिला बिजनौर ने मकान के सापेक्ष में ऋण आवेदन किया है। यदि उक्त के संबंध में किसी उत्तराधिकारी, व्यक्ति, बैंक या किसी अन्य को आपत्ति हो, तो निम्न पते व सम्पर्क सूत्र पर सात दिन के भीतर सम्पर्क कर सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर**

**मो.नं.- 8958840567, 8445429323**

# पटाखा फैक्ट्रियों का गढ़ बना मुकर्रमपुर

## अनहोनी के डर से ग्रामीण चिंतित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम मुकर्रमपुर पटाखा फैक्ट्रियों का गढ़ बनता जा रहा है। एक किलोमीटर के दायरे में चार फैक्ट्रियां लग चुकी है, जिनमें से दो का संचालन हो रहा है और दो बनकर तैयार है। एक किलोमीटर के दायरे में चार फैक्ट्रियां मौजूदा समय में स्थापित होने पर ग्रामीण में चिंतित है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर के पूर्व की दिशा में स्थित ग्राम मुकर्रमपुर पटाखा फैक्ट्रियों का गढ़ बनता जा रहा है। मुकर्रमपुर के आसपास 1 किलोमीटर से भी कम के दायरे में चार फैक्ट्रियां लग चुकी हैं। फिलहाल दो फैक्ट्री यहां संचा. लित है और दो बनकर तैयार हो चुकी हैं। इन फैक्ट्रियों में ग्राम मुकर्रमपुर के अलावा आसपास के श्रमिक काम करते हैं। क्षेत्र व जिले में कहीं भी किसी भी फैक्ट्री में कोई धमाका होता है तो यह फैक्ट्रियां उसी दिन बंद हो जाती है।

आंकू में धमाका होने के बाद संचालित फैक्ट्रियां बंद हो गई थी, जिस पर श्रमिक हाथ पे हाथ धरकर घर बैठ गए थे। उसके बाद फैक्ट्री दोबारा से संचालित हुई लेकिन नजीबाबाद के जलालाबाद स्थित एक फैक्ट्री में विस्फोट होने के दौरान एक की मौत और कई के घायल होने पर इन फैक्ट्रियों को फिर से बंद कर दिया गया। इसमें काम करने वाले श्रमिक फिर से घर बैठ गए। बताया जाता है कि ग्राम मुकर्रमपुर के आसपास जिस तरह से पटाखा फैक्ट्रियां लग रही है। इसको लेकर आसपास के ग्रामीण चिंतित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन फैक्ट्री से आसपास के खेतों को तो नुकसान हो ही रहा है। इससे हमेशा खतरा बना रहता है।

चारों पटाखा फैक्ट्री गांवों के लिंक मार्गो पर बनी हुई है, जिन पर हमेशा आवाजाही लगी रहती है। स्कूली बच्चों सहित ग्रामीणों का आना जाना लगा रहता है।

# वन भूमि पर कब्जे के मामले में नौ के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

## भूमाफियाओं में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** वन विभाग ने 9 लोगों पर वन भूमि पर कब्जा करके फसल बोने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके साथ ही वन अधिकारियों ने गाली गलौच और अभद्रता करने का आरोप लगाया है, वन विभाग की इस कार्रवाई से भू माफियाओं में हड़कंप मचा है।

राजगढ़ वन रेंज के नांगल गंगा तट पर वन विभाग की हजारों बीघा आरक्षित वन भूमि है। इस आरक्षित वन क्षेत्र की सैकड़ों बीघा भूमि पर माफिया कब्जा करके वर्षों से फसल उगाकर लाखों रूपये कमा रहे है। वन भूमि पर कब्जा करने के मामले में राशिद उर्फ भूरे ने वन विभाग के उच्चाधिकारियों सहित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत की थी। इस मामले में सुध लेते हुए विगत दिनों कार्यवाही करते हुए वन क्षेत्र में उगाई गई कुछ बीघा गन्ने की सफल को नष्ट कराया था।

इस मामले में कार्यवाही करते राजगढ़ रेंज के सैक्शन अधिकारी योगेश कुमार ने नांगल थाने में तहरीर देकर यूसुफ, अय्यूब, साबिर, मोनू पंडत, बाबू, बिजेंद्र, हुक्म सिंह, बलराम, फैजान के विरुद्ध वन भूमि पर कब्जा करने, अभद्रता करने और गाली गलौच करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## एक नजर

### बांग्लादेश का पुतला फूंका



**किरतपुर।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार, एवं उत्पीड़न की घटनाओं के विरोध में नगर में विरोध प्रदर्शन किया गया। नगर के प्रमुख स्टेशन चौराहे पर एकत्र हुए विभिन्न सामाजिक एवं हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने बांग्लादेश का पुतला दहन कर अपना आक्रोश प्रकट किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जो न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन हैं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को संज्ञान लेना चाहिए। पुतला दहन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए बांग्लादेश सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया तथा पीड़ित हिंदुओं को सुरक्षा देने की मांग की। इस मौके पर थानाध्यक्ष को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। इस दौरान पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। थानाध्यक्ष ने ज्ञापन प्राप्त कर उच्चाधिकारियों तक मांगें पहुंचाने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई।

### मिर्जापुर ने जीता क्रिकेट मैच



**नांगल सोती।** आरबीएस इंटर कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में मिर्जापुर ने जीतपुर को हराकर मैच जीता। मिर्जापुर की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में पांच विकेट पर 154 रन बनाएं, जिसमें बल्लेबाज दीपांशु ने सर्वाधिक 70 रन बनाएं। लक्ष्य का पीछा करते हुए जीतपुर की टीम 142 रन ही बना सकी, जिसमें शुभम ने सर्वाधिक 49 रन बनाएं। मैन ऑफ द मैच मिर्जापुर के दीपांशु को चुना गया। अंपायर अंकित व छोटू रहे।

### दूसरी मंजिल से गिरा बच्चा



**नहटौर।** ग्राम सदरूद्दीन नगर में बुंदू खां के मकान में नदीम अहमद किराए पर रहता है। बताया जाता है कि नदीम अहमद का 1 वर्षीय पुत्र ईशान दूसरी मंजिल की छत पर खेल रहा था। अचानक वह नीचे गिर गया। सड़क के पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में बच्चा गिरता हुआ नजर आ रहा है। आसपास खड़े लोगों ने बच्चें को उठाया और परिवार के लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।

### स्वास्थ्य शिविर में 110 रोगियों का उपचार



**धामपुर।** श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के सौजन्य से ग्राम हबीबवाला में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा कुल 110 रोगियों का परीक्षण कर उपचार किया गया। शिविर के दौरान रोगियों की ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन एवं शुगर की नि:शुल्क जांच की गई। साथ ही आवश्यक दवाइयां भी नि:शुल्क वितरित की गईं। शिविर में आए मरीजों के लिए एक वर्ष की नि:शुल्क मेंबरशिप के कार्ड भी बनाए गए, जिससे उन्हें भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. आकाश कुमार एवं डॉ. रेनू सिंह का विशेष योगदान रहा। वहीं अस्पताल प्रबंधन की ओर से मैनेजर त्रिवेंद्र राणा तथा स्टाफ सदस्य अंकुर कौशिक, कुलदीप कुमार, वर्षा चौहान एवं निशु रानी ने व्यवस्थाओं को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के चेयरमैन डॉ. एन.पी. सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना अस्पताल का मुख्य उद्देश्य है। ग्रामीणों ने शिविर की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन समय-समय पर कराने की मांग की।

### शिकायत करने पर गाली-गलौज व मारपीट

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर जागन उर्फ लक्खूवाला निवासी सुनील कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसने ग्राम पंचायत में मनरेगा में हुई धांधली के चलते ग्राम प्रधान, मनरेगा मेट तथा ग्राम विकास अधिकारी के द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जांच कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिया था, जिसकी जांच ग्राम विकास अधिकारी द्वारा की जा रही है। ग्राम विकास अधिकारी ने 24 दिसंबर को उसे ब्लॉक कोतवाली देहात में बुलाया था। आरोप है कि जहां पहले से मौजूद ग्राम प्रधान के पति अवनीश कुमार ने सुनील को धमकी दी। आरोप है कि सुनील कुमार से शिकायत वापस लेने का दबाव भी बनाया तथा उन्हें एससी एक्ट लगवाने तथा जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद सुनील कुमार ग्राम विकास अधिकारी के आवास पर गए। वहां भी ग्राम प्रधान के पति ने उनके साथ गाली गलौज की। वह बीडीओ ऑफिस में जाकर बैठ गए। आरोपी ने बीडीओ ऑफिस में आकर गाली गलौज तथा मारपीट की। इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चेन झपटने का आरोपी गिरफ्तार

**बिजनौर।** पुलिस ने महिला के गले से चेन झपटने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एक नवंबर को नई बस्ती निवासी एक महिला ने कोतवाली शहर में तहरीर देकर बताया था कि दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उसके गले से सोने की चेन झपट ली है। जांच के दौरान 17 नवंबर को कोतवाली शहर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान संजय उर्फ शिवा पुत्र मंगत सैनी, निवासी ग्राम झिटकरी, थाना सरधना, जनपद मेरठ को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से छीनी गई पीली धातु की चेन और एक अवैध तमंचा 315 बोर भी बरामद हुआ था। पूछताछ में संजय उर्फ शिवा ने अपने दो अन्य साथियों के नाम उजागर किए थे, जिनमें सुशील उर्फ मानव पुत्र हरि सिंह, निवासी भूपेन्द्र नगर, थाना मोदीनगर, गाजियाबाद और शीशपाल शामिल थे। तभी से पुलिस दोनों की तलाश में जुटी थी। गुरुवार को कोतवाली शहर पुलिस टीम ने शीशपाल को गिरफ्तार कर लिया।

## भाकियू ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल ने उप जिलाधिकारी से मुलाकात की। उन्होंने किसानों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से गन्ने की फसल से संबंधित मांगें उठाई गईं। किसानों ने बताया कि उन्होंने फरवरी-मार्च में गन्ने की बुवाई की थी, जबकि वन विभाग ने सितंबर-अक्टूबर में सीमांकन किया। उन्होंने मांग की कि किसानों को उनकी गन्ने की फसल दी जाए और वन विभाग द्वारा चलाए गए ट्रैक्टरों से हुए फसल के नुकसान का मुआवजा दिलवाया जाए। किसानों ने राजस्व विभाग से उनके फर्द भूमि रिकॉर्ड के अनुसार कृषि भूमि उपलब्ध कराने की भी मांग की। उन्होंने बताया कि वन विभाग और राजस्व विभाग के नक्शों में 45 डिग्री का अंतर है, जो कि सही नहीं है। किसानों ने दोनों नक्शों का मिलान कर सही सीमांकन करने की अपील की। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार, मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष विजय पहलवान, मंडल उपाध्यक्ष शिव कुमार, युवा मंडल उपाध्यक्ष मुकुल, जिला उपाध्यक्ष वीरेश राणा, सोनू, पप्पू, अजीत सिंह, ब्लॉक सचिव ज्ञान सिंह, रोहित, सत्यपाल सिंह, साजिद, संजीव, विजय सिंह, राजबाला, मुन्नी, वीरों, जावित्री और बंटी सहित कई किसान मौजूद रहे।

# सिद्धेश्वर बालाजी धाम पर तुलसी महोत्सव



## संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम में तुलसी जयंती महोत्सव विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ श्रद्धा एवं भक्ति भाव से आयोजित किया गया। इस अवसर पर काशीपुर से पधारे मेहंदीपुर बालाजी महाराज के समर्पित भक्त एवं महंत अनुपम रस्तोगी जी महाराज तथा गुरु माता भारती रस्तोगी का जयकारों की गूंज के बीच शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

कालागढ़ मार्ग स्थित संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम पर महंत राहुल अग्रवाल जी महाराज के संरक्षण एवं धार्मिक संस्था श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के संयोजन में आयोजित इस महोत्सव का शुभारंभ प्रसिद्ध श्रीमद् भागवत कथा वाचक आचार्य पं. गौरव कृष्ण भारद्वाज जी महाराज द्वारा संगीत मय सुंदरकांड पाठ से किया गया। इस दौरान प्रस्तुत भजनों एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से वातावरण राममय और बजरंगमय हो गया।

कार्यक्रम में पं. माधव कृष्ण भारद्वाज जी तथा जगतारिणी भवन के संस्थापक पं. कुलदीप कुमार शर्मा का भी विशेष योगदान रहा। वहीं महाराज श्री के संगतकारों प्रतीक अग्रवाल, चेतन सैनी, यशपाल शर्मा, नादान आशु राजा सहित अन्य कलाकारों ने भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी। धार्मिक संस्था श्री श्याम मित्र मंडल के संस्थापक पं. विकास वशिष्ठ जी महाराज ने भी समर्पित रूप से सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में बालाजी महाराज के दरबार से जुड़े परिवारों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर महंत राहुल अग्रवाल जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।

उधर मौहल्ला खातियान स्थित चौराहे के निकट हंगामा लोक साहित्यिक एवं सामाजिक समिति द्वारा सामूहिक तुलसी पूजन कार्यक्रम एवं महामना पं. मदन मोहन मालवीय जी की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. जितेंद्र कौशिक, निर्मला कौशिक, राखी कौशिक एवं उपासना कौशिक द्वारा मालवीय जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन से हुआ।

इस अवसर पर शशि बाला शर्मा, सुदेश शर्मा, सुषमा रस्तोगी, सुनीता गोस्वामी, सृष्टि रानी, पूजा रानी सैनी, सार्थक रस्तोगी, उदित कुमार, रुद्र कुमार, स्नेही सहित अनेक लोगों ने सहभागिता की। वक्ताओं ने तुलसी जयंती एवं मालवीय जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

# पीबीएस फूड्स शुगर मिल का निरीक्षण



## चीनी स्टॉक व तौल कांटों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** जिला गन्ना अधिकार पी.एन. सिंह द्वारा पी.बी.एस. फूड्स शुगर मिल लिमिटेड चांदपुर का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान मिल के गन्ना भुगतान, चीनी स्टॉक की स्थिति और मिल गेट स्थित तौल कांटों की सघन जांच की गई।

चीनी मिल के समस्त गोदामों में उपलब्ध स्टॉक का भौतिक सत्यापन जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय, मिल प्रबंधन और सहकारी गन्ना विकास समिति, चांदपुर एवं काउंटिंग स्टॉफ चांगीपुर के संयुक्त स्टाफ द्वारा सघन रूप से किया गया। प्रथम दृष्टया स्टॉक और अभिलेखों में कोई अनियमितता नहीं पाई गई। पारदर्शिता हेतु अतिरिक्त तैनाती भविष्य में चीनी निकासी और विक्रय प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की त्रुटि या अनियमितता की संभावना को समाप्त करने के लिए निकासी बिंदुओं पर अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित कर दी गई है। तौल कांटे की जांच और विसंगति मिल गेट स्थित कांटा नंबर-1 की जांच के दौरान पाया गया कि ईआरपी सिस्टम द्वारा आवंटित कर्मचारी के स्थान पर कोई अन्य कर्मचारी तौल कार्य कर रहा था। इस संबंध में मिल प्रबंधन से स्पष्टीकरण मांगे जाने पर बताया गया कि संबंधित कर्मचारी के अस्वस्थ होने के कारण वैकल्पिक व्यवस्था की गई थी। जिला गन्ना अधिकारी पी.एन. सिंह ने मिल प्रबंधन को सख्त निर्देश दिए कि सभी गोदामों मे चीनी के कट्टे काउंटेबल पोजीशन में रखे।

साथ ही ईआरपी सिस्टम के प्रोटोकॉल का पूर्णत: पालन किया जाए और किसी भी स्थिति में बिना पूर्व सूचना या अनुमति के ड्यूटी रोस्टर में बदलाव न किया जाए। शासन की मंशा के अनुरूप गन्ना किसानों की सुविधा और पारदर्शिता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस मौके पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वीएम पाठक भी मौजूद रहे।

# तीन माह से लापता छात्रा की बरामदगी का मिला आश्वासन

## भाकियू का धरना प्रदर्शन स्थगित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** तीन माह से लापता मौहल्ला जोशियान की कक्षा आठ की छात्रा की 10 दिन के भीतर बरामदगी के लिए दिया गया अल्टीमेटम समाप्त होने पर भाकियू तोमर ने प्रशासन से बातचीत के दौरान होने वाले धरना-प्रदर्शन को स्थगित कर दिया है। उधर भाकियू तोमर के मंडल प्रभारी ने अपने पद से इस्तीफा दिया है।

गौरतलब है कि 15 दिसंबर को भाकियू तोमर के कार्यकर्ता थाने पहुंचे। उन्होंने कहा कि मौहल्ला जोशियान की 15 वर्षीय कक्षा आठ की छात्रा मुस्कान 19 सितंबर को ट्यूशन पढ़ने के लिए घर से निकली थी। उसके बाद लापता हो गई थी। जब से उसका कोई सुराग नहीं लग सका। छात्रा की बरामदगी नहीं होना पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है। भाकियू तोमर ने 25 दिसंबर तक छात्रा की बरामदगी की मांग की गई। छात्रा के बरामद नहीं होने पर धरने की चेतावनी दी गई। आज समय सीमा पूरी होने पर सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय, थाना अध्यक्ष धीरज नागर, भाकियू तोमर के जिला अध्यक्ष डा. सचिन गुप्ता के पास उनके कैम्प कार्यालय पहुंचे और उन्हें अवगत कराया की छात्रा की बरामदगी के लिए कई पुलिस टीम व एसओजी लगी हुई है। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

शीघ्र ही लापता छात्रा की बरामदगी का आश्वासन दिया। वही जिला अध्यक्ष डा. सचिन गुप्ता ने बताया कि प्रशासन के आश्वासन पर फिलहाल धरना स्थगित कर दिया गया है। छात्रा को ढूंढने का प्रशासन की ओर से ठोस आश्वासन दिया गया है। मामले में अगली रणनीति बनाई जाएगी।

इस मौके पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नीलम गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष अमरकांत शर्मा, पंकज शर्मा, सोनी शर्मा, जमशेद आलम, नसीम अहमद, अरविंद तोमर, डा. गोपीचंद, पवन सैनी, राजीव शर्मा आदि मौजूद रहे। उधर भाकियू तोमर के मंडल प्रभारी सुशील शर्मा ने अपने पद से इस्तीफा देने की बात कही है।

# ट्रैफिक पुलिस ने सड़क किनारे से अतिक्रमण हटवाया


**बिजनौर।** यातायात पुलिस ने नगीना रोड पर अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटवाया गया। गुरुवार को यातायात पुलिस प्रभारी रवि नैन के नेतृत्व में नगीना रोड पर दुकानों के बाहर रखे गए सामान, सड़क तक बढ़ी हुई रेहड़ी-ठेलियों और अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया। अतिक्रमण के कारण लगने वाले जाम और दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए पुलिस ने मौके पर मौजूद दुकानदारों और ठेली संचालकों को सख्त निर्देश दिये कि भविष्य में सड़क किनारे किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न करें। यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वह यातायात नियमों का पालन करें और सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

## एक नजर

### सीएचसी पर हुआ पहला सफल आप्रेशन

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के समीपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अब ऑपरेशन से होने वाली डिलिवरी शुरू हो गई। डिलीवरी के दौरान अस्पताल में पहला ऑपरेशन सफल हुआ। उल्लेखनीय है कि पिछले 13 सालों से इस अस्पताल में आपरेशन के लिए सर्जन डॉक्टर का प्रबंध नहीं था। अब लगभग 13 साल बाद सीएचसी पर ऑपरेशन से होने वाली डिलीवरी शुरू होने से आसपास क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को काफी लाभ होगा।

### साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला



**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए आई) और साइबर सुरक्षा विषय पर कार्यशाला के प्रथम चरण का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संचालन विद्यालय के आईटी हेड कपिल द्वारा उनकी टीम के सदस्य आशु एवं प्रियंका के सहयोग से किया गया। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूल अवधारणाओं, इसके दैनिक जीवन में उपयोग तथा साइबर सुरक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। विशेषज्ञों ने इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, डेटा सुरक्षा और ऑनलाइन खतरों से बचाव के उपायों पर भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज के समय की आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने बताया कि एआई न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि स्वास्थ्य, उद्योग के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### बच्चों ने ने बनाए सुंदर मॉडल

**नजीबाबाद।** नगर के अजमल खां मार्ग स्थित एमए पब्लिक स्कूल में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में बच्चों ने सभी विषयों पर सुन्दर मॉडल तैयार किए। बच्चों ने भारत के राष्ट्रीय प्रतीक, चंद्रयान-3, दिन और रात का चक्र, प्राचीन जीवन, सुक्ष्मदर्शी व उसके उपयोग, जल चक्र, दांत, सौर मंडल, कम्प्यूटर के भाग, प्रदूषण के प्रकार, जल बचाओ व जीवन बचाओ, वन जीवन, स्वच्छ जल, हृदय की संरचना, फेफड़े, पवन, टरबाइन, पौधों के भाग, इंद्रियों के अंग आदि मॉडल बनाए।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान अंतर्गत आज पुलिस द्वारा कस्बा क्षेत्र में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया।

महिला पुलिस कर्मियों द्वारा महिलाओं तथा छात्राओं को आत्मरक्षा एवं स्वाबलंवन बनने हेतु महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 108 स्वास्थ्य सेवा, 1930 साइबर हेल्प लाइन आदि के विषय में जानकारी दी गई एवं उनकी समस्याएं पूछी गई तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई।

इस बारे मे पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक का कहना है कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु पुलिस सदैव तत्पर रहती है और इस अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने का काम पुलिस विभाग लगातार करता चला आ रहा है। इसके कुछ अपेक्षित प्रणाम भी मिले हैं। महिलाओं, बालिकाओं तथा नागरिकों में बहुत कुछ जागरूकता देखने को भी मिल रही है।

इस अभियान के जारी रहने से महिला उत्पीड़न की घटनाएं रुकी है। ठगी की घटनाएं कम हुई है।

# हैंडपंप व सोलर लाइटों का लोकार्पण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम बुआपुर नत्थू में स्थित मां चामुंडा देवी मंदिर पर आयोजित हुए सामूहिक कार्यक्रम में ग्राम अजीतपुर दासी, जोगीपुरा, मिलक, नसीरपुर बनवारी, बुआपुर नत्थू में स्थापित किए गए 22 सोलर लाइट तथा 4 हैंडपंप का लोकार्पण बुआपुर नत्थू के प्रधान पति ओमराज सिंह, नसीरपुर बनवारी के प्रधान नौबहार सिंह एवं अजीतपुर दासी तथा जोगीपुरा के प्रधान जयवीर सिंह उर्फ पप्पन तथा धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम बुआपुर नत्थू में मीटिंग करके किया गया।

इस अवसर पर तीनों गांवों के प्रधानों ने धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता का माल्यार्पण करके गांव वासियों की ओर से उनका स्वागत और हार्दिक अभिनंदन किया तथा धामपुर शुगर मिल की ओर से गांव के प्रधानों का भी माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने अपने संबोधन में बताया कि धामपुर शुगर मिल का प्रयोजन गांवों में केवल सोलर लाइट्स एवं हैंड पंप का स्थापना करने का उद्देश्य ही नहीं है, बल्कि आसपास के गांवों से जुड़ना तथा उनका सामाजिक स्तर ऊंचा उठाने के लिए मिलजुल करके कार्य करना है। उन्होंने बताया कि धामपुर शुगर मिल के चेयरमैन कुंवर अशोक कुमार गोयल के निर्देशन में धामपुर को स्वच्छ धामपुर, शिक्षित धामपुर एवं स्वस्थ धामपुर बनाना है जिसके लिए सभी को मिल जुल करके कार्य करना है। उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने धामपुर शुगर मिल के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के अंतर्गत किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर बुआपुर नत्थू के प्रधान ओमराज सिंह, नसीरपुर बनवारी के प्रधान नौबहार सिंह, अजीतपुर दासी एवं जोगीपुरा के प्रधान जयवीर सिंह उर्फ पप्पन सिंह ने बताया कि धामपुर शुगर मिल प्रबंधन सदैव से उनके गांव के विकास के लिए कार्य करता रहा है।

धामपुर शुगर मिल के अधिकारियों कर्मचारियों में मुकेश कश्यप, विवेक सिंह यादव, अजय पांडेय, शरद गहलोत, दिनेश राजपूत, मौहम्मद कामरान, अरुण चौहान, विनोद सिंह राणा, वीरेंद्र सुपरवाइजर, कुलदीप,भूरे, राजू आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता ने किया।

# ईवीएमवीवीपैट वेयर हाउस के त्रिमासिक निरीक्षण में टैंक मिला लीक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** ई.वी.एम.वी.वी.पैट वेयरहाऊस का जिलाधिकारी ने त्रिमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाऊस की साफ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरे एवं लॉग बुक आदि सभी व्यवस्थाओं की जॉच की।

### ० जिलाधिकारी ने दिए अधिकारियों को निर्देश

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने ईवीएमवीवीपैट कक्षों को चेक किया। इस दौरान संबंधित अधिकारी को कक्षों एवं भवन की साफ सफाई कराने को लेकर निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने निर्वाचन से संबंधित अधिकारियों को छत पर लगा हुआ पानी का टैंक लीक हो रहा था उसे तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छत पर साफ सफाई का भी विशेष ध्यान दिया जाए। तत्पश्चात जिलाधिकारी तहसील सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे। डीएम ने एएसडी सूची, डिजिटलाइजेशन आदि को लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज, डिप्टी कलक्टर निधि पटेल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डा. मणिभूषण तिवारी, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी, भाजपा युवा मोर्चा से सौरभ गुप्ता एवं जिला पंचायत सदस्य अवधेश राघव आदि मौजूद रहे।

## सुबह देर तक कोहरा छाये रहने से बढ़ी गलन भरी सर्दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भीषण कोहरे और सर्दी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गलन भरी सर्दी के चलते हर कोई परेशान है और अलाव का सहारा ले रहा है। शुक्रवार की सुबह भीषण कोहरा और गलन भरी सर्दी ने जन जीवन को अस्त व्यस्त कर दिया। देर रात से छाया कोहरा देर दोपहर तक छाया रहा। देर दोपहर को सूरज निकलने के बाद कुछ राहत महसूस हो सकी।


सम्भल- शहजादी सराय स्थित इवीएमवीवी पैट वेयर हाउस का निरीक्षण करते डीएम साथ में सपा जिलाध्यक्ष।

# साइड न चलने से आ रही है परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** आईजीआरएस यूपी की साइड न चलने से मुआयना करने में दिक्कत आ रही है। जिसके कारण बारहसाला जारी करने में भी समस्या हो रही है।

विदित हो कि आईजीआरएस की साइट 8 से 11 नबंवर तक कार्य होने के कारण बन्द रही थी। जिससे बैनामे भी नहीं हो पाए थे। बैनामा साइट शुरू तो हो गई है लेकिन मुआयना साइड चलने मुआयना नहीं हो पा रहा है। साइड में समस्या लिखकर आ रहा है। जिसके कारण मुआयना नहीं हो पा रहा है। जो ऑनलाइन रिकार्ड अब तक साइट पर देखा जा रहा था वह अब दिखाई नहीं दे रहा। साइट पर देखने पर वह समस्या बता देता है। जिसके कारण बारहसाला का मुआयना नहीं हो पा

### ० बारहसाला मुआयना करने में हो रही है दिक्कत

रहा है क्योंकि 2025 से मुआयना का रजिस्टर बनना बंद हो गया है केवल ऑनलाइन ही मुआयना देखा जा सकता है लेकिन अब साइड में समस्या होने के कारण वह नहीं देख पा रहा है। जिसके कारण बारहसाला जारी होने में परेशानी हो रही है और मुआयना भी नहीं देखा जा रहा है। बैंक के पैनल अधिवक्ताओं का कहना है कि सरकार इस वेबसाइट को जल्द ठीक करें। जिससे मुआयना यथावत हो सके। सभी को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुन्नौर प्रभारी सब रजिस्टार राजवीर सिंह ने बताया कि साइड पर समस्या ऊपर से ही है। यह जल्द सही होगी।

## तुलसी का महत्व समझाया

**बबराला।** नगर के रामा कान्वेंट स्कूल में तुलसी पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षिकाओं ने भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुधा गौतम ने तुलसी की पूजा की। तुलसी के महत्व के बारे में बताया। उन्होने कहा कि तुलसी की पूजा हमें स्वच्छता, शुद्वता और पवित्रता का संदेश देती है। तुलसी माता को हिंदू धर्म में एक पवित्र पौधा माना जाता है।

# ग्राम सभाओं में जी राम जी की हकीकत बताएंगे कांग्रेसी

**०संसद में विरोध के बाद अब गांव-गांव पहुंचेंगे कांग्रेसी**
**०प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष ने जारी किया पत्र**
**०नया कानून बजट नियंत्रित योजना में बदले जाने के आरोप**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मनरेगा का नाम बदलकर जी राम जी करने का संसद में विरोध के बाद बने कानून का कांग्रेस अब सड़क पर उतर कर विरोध करेगी। इसके लिए कांग्रेस हाई कमान की ओर से कमर कसकर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटियों को पत्र जारी कर ग्रामीण और मजदूरों अवगत कराने के निर्देश दिए है।

हाल ही में संसद के शीतकालीन सत्र में केन्द्र सरकार ने मनरेगा का नाम बदलकर जी राम जी कर दिया है। महात्मा गांधी के नाम पर योजना का नाम बदलने पर कांग्रेस इसके विरोध में खड़ी हो गयी। नाम बदलने को संसद में करायी गई चर्चा में कांग्रेस और उसके साथ अन्य दलों की ओर से महात्मा गांधी के नाम पर मनरेगा योजना का नाम बदलने पर अनेको आरोप लगाये गए,लेकिन संसद में इस कानून को पास कर दिया गया। संसद में कानून का विरोध करती चली आ रही कांग्रेस ने अब इसके विरोध में सड़कों पर उतरना शुरू कर दिया है। पार्टी हाईकमान इसे गम्भीरता से लेकर मनरेगा के तहत ग्रामीणों को मिलने वाले काम के अधिकार को कम करने की साजिश का आरोप लगा रही है। प्रदेश में पूर्ववर्ती सरकार में काबीना मंत्री रहे व पूर्व कार्यकारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजबहादुर ने पार्टी के जिला एवं शहराध्यक्षों के नाम पत्र जारी किया है। पत्र में जिला एवं कांग्रेस अध्यक्षों को ग्राम सभायें आयोजित कर ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं कि कांग्रेसी ग्राम सभाओ का इस्तेमाल ग्रामीण मजदूरी और लाभार्थियों को गुमराह करने के लिए एक मंच के तौर पर किया जाने और इस कानून को गरीब सर्मथक बताया जा रहा है जबकि असल में यह ग्रामीण भारत से काम के उसा गारंटेड अधिकार को छीन लेता है जो उन्हे पहले कानूनी ढांचे मनरेगा के तहत मिला हुआ था। भाजपा सरकार ने ग्रामीण रोजगार डिमांड के ड्रिवन स्वरूप को जानबूझकर कमज़ोर करने का आरोप लगाया है और काम के कानूनी रूप से लागू होने वाली गारंटी को हटा दिया गया है। इसका बोझ मनमाने आवंटन और कार्यकारी फैसलों पर डाल दिया है। यह करोड़ों मजदूरों की आजीविका पर सीधा हमला है और स्वतंत्र भारत में सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा उपायों में से एक को कमज़ोर करने की कोशिश की जाने की जानकारी दींगे। इसके अलावा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने भी अनुरोध किया है कि वह अपने जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं और चुने गए प्रतिनिधियों व फ्रंटल संठनों को आने वाली ग्राम सभाओं मे सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए लागों को जुटाकर सच्चाई की जानकारी दउने के निर्देश दिऐ है। पत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं को साफ और शांत तरीके से समझनो कि भाजपा सरकार ने कैसे मजदूरों के रोजगार गारंटीड अधिकार को छीन लिया है तथा अधिकार आधारित कार्यक्रम को बजट निर्यंत्रित योजना में बदल कर ग्रामीण परिवारों को ज्यादा असुरक्षाा में डाल दिया है। जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की ने बताया कि पार्टी हाईकमान से मिले पत्र पर जिले भर में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जायेगा और मनरेगा को बदलकर बनाये नये कानून में मजदूरों के काम के अधिकारों को भाजपा सरकार ने किसी तरह से कम किया है इसकी जानकारी देंगे।

# न कोई प्रचार ओर न मदद लेने वालों का उपहास

**० सम्भल यूथ ट्रस्ट बिना फोटो के ही करती आ रही है गरीबों की मदद**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मदद करने का तरीका सीखा जाये तो यूथ ट्रस्ट से सीखो,क्योंकि न कोई मीडिया में प्रचार और न ही मदद के नाम पर गरीबों का उपहास बल्कि चुपचाप जाओ और मदद करके वापस आ जाओ। असहायों व कमज़ोरों और निर्धनों की किसी न किसी रूप में सहायता करती आ रहे यूथ ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बढ़ती कड़ाके की ठण्ड मे मदद को आगे हाथ बढ़ाते हुए सड़कों और फुटपाथों तथा मदद के लिए पात्रों को लिहाफों का वितरण किया।

अब तक देखा गया है कि थोड़ी बहुत मदद के लिए सोशल मीडिया पर जमकर प्रचार प्रसार किया जाता है। जबकि मदद करने वाले के फोटो खिंचवाकर उसे समाचार पत्रों की सुर्खियां बनवाकर गरीबा का उपहास उड़ाया जाता है। इस सबसे दूर सम्भल यूथ ट्रस्ट के पदाधिकारी गुमनाम सहायता करते चले आ रहे हैं। न कोई फोटो और न ही मदद करने वाले का चेहरा बस सहायता का बीड़ा उठाते चले आ रहे सम्भल यूथ ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बेगम सराय मे करीब 200 लिहाफों को तैयार कराया और बढ़ती हुई कड़ाके की ठण्ड मे गरीब और असहायों लोगों के बीच जाकर रात्रि के समय उनको वितरित किए। कुछ ऐसे लोगों को भी लिहाफ बांटे गये और जो रात्र के समय फुटपाथ आदि सड़क किनारे बैठकर ठण्ड को सर से गुजार देते हैं। सम्भल नगर के अलावा मुरादाबाद मे रेलवे स्टेशन के बाहर भी लिहाफ बांटे गए। सम्भल यूथ ट्रस्ट के पदाधिकारी जिनमे मौहम्मद दिलशाद, हाफिज तंजीम आलम डिलक्स, नाजिश मुख्तार, समीर वाहिद, मौ. रहबर, मयंक कुमार आदि ने मिलकर लिहाफों का वितरण किया। हाफिज तंजीम आलम ने बोलते हुए कहा कि ट्रस्ट की ओर से हर साल इसी तरह लिहाफों का गरीब और असहायों मे वितरण किया जाता है। वहीं रहबर ने कहा कि यह ऐसा पुन का कार्य है जिसमे जाति या मजहब नहीं देखा जाता बल्कि जरूरत मन्द देखा जाता है। समीर वाहिद ने कहा कि इसी तरह के कार्य समाज मे होते रहने चाहिए ताकि गरीबों और असहाय लोगों की मदद हो सके।


सम्भल- गरीबों की मदद को एकत्र किए गए लिहाफों को निहारते मददगार।

## सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैलादेवी।** कैला देवी थाना क्षेत्र के मुजाहिद पुर गांव निवासी युवक की सड़क हादसे में घायल होने के बाद उपचार के दौरान सप्ताह भर बाद मौत हो गई।



थाना क्षेत्र के मुजाहिद पुर गांव निवासी ग्रामीण मुकेश (34 वर्ष) बाइक से बीते सप्ताह भर पहले कहीं जा रहा था वहीं थाना क्षेत्र के कैला देवी-कैलमुंडी मार्ग पर हादसा हो गया था। जहां मुकेश के सिर में गंभीर चोट आई थी और मुरादाबाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सप्ताह भर इलाज चलने के बाद शुक्रवार को मुकेश ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृत्यु के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जहां पर जिन्होंने शव का अंतिम संस्कार कर दिया

# उधार न देने पर एससी/एसटी के मुकदमें में फंसाने की धमकी

**० दुकानदारों ने सामूहिक रूप से असमोली पुलिस को दी तहरीर**

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**असमोली।** उधार सामान न देने पर जान से मारने की धमकी और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने का झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने का दुकानदारों ने आरोप लगाया है। असमोली थाना प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर दुकानदारों दबंग व हैकड़ आरोपी पर आवश्यक कार्यवाही की गुहार लगायी है।

असमोली ग्राम के मौहल्ला होली वाला में लोग कॉस्मेअिक और परचून की दुकान करते हैं। आरोप है कि गांव का ही विपिन पुत्र श्रृषिपाल दबंग व हैंकड़ किस्म के प्रवृत्ति का व्यक्ति है।आरोपी दुकानदारों से उधार सामान लेकर जाता है। सामान के पैसे मांगने पर आरोपी दुकानदारों को गदी-गदी गालियां देने के साथ एससी एसटी के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देता है। दुकानदारों ने असमोली थाना प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर आरोप लगाया कि आरोपी को गांव के सम्मानित लोगों ने समझाया मगर नहीं मानता है और लड़ाई-झगड़ा करता है। शुक्रवार आज सुबह करीब 10:30 बजे आरोपी लाठी डंडे लेकर पहुंचा और धमकाने लगा। दुकानदारों ने इसका विरोध किया तो पर मारपीट करने को उतारू हो गया। आरोप है कि एक दुकानदार राजीव ने उसे समझाया तो उसके साथ मारपीट की। दुकानदारों ने सामूहिक रूप से असमोली थाना प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर आवश्यक कार्यवाही करने की गुहार लगायी है। तहरीर पर सुरेश कुमार, बजवीर सिंह, सोमनीत, राजीव, गौरव कुमार, नरेन्द्र कुमार, धर्मवीर सिंह, जितेन्द्र, पप्पू ठेकेदार, रामकुमर सैनी, अभिषेक के हस्ताक्षर थे।

## एक नज़र इधर भी


सिरसी-स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ के नगराध्यक्ष का स्वागत करते।

### रामकिशोर बने कर्मचारी संघ के बने नगराध्यक्ष

**सिरसी।** स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ के नगराध्यक्ष की घोषणा कर दी गई। कस्बा सिरसी के मौहल्ला गिन्नौरी वाल्मीकी बस्ती निवासी रामकिशोर को जिलाध्यक्ष अजय कुमार राजभर ने संघ के नगराध्श्क्ष की कमान सौंपी। जबकि दर्शन लाल को उपाध्यक्ष और वीरू कुमार को महामंत्री तथा अरूण कुमार को कोषाध्यक्ष और सौरभ कुमार को मीडिया प्रभारी तथा शान्तनु को संगठन मंत्री, जीत कुमार को नगर मंत्री मनोनीत किया गया। संचालन राजू अंजान ने किया। जबकि विशाल, टिन्नू लाल, संजय, सुदीश आदि मौजूद रहे।


असमोली- मातीपुर झकतौड़ा में जांच कर ग्रामीणों से जानकारी लेतेत्रे टीम।

### मातीपुर ढकतौड़ा में पहुंचे समाज कल्याण अधिकारी

**असमोली ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** क्षेत्र के ग्राम मातीपुर ढकतौड़ा में शुक्रवार को समाज कल्याण अधिकारी ने टीम के साथ ग्राम प्रधान से जुड़े मामलों की जांच की। बताया गया कि ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायतों के बाद विभाग ने यह कार्रवाई की है। जांच के दौरान अधिकारियों ने ग्राम पंचायत से संबंधित अभिलेखों, योजनाओं के क्रियान्वयन तथा लाभार्थियों की सूची का अवलोकन किया। साथ ही मौके पर मौजूद ग्रामीणों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं और शिकायतें सुनीं। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी जाएगी और यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान गांव में चर्चा का माहौल बना रहा। जबकि समाज कल्याण अधिकारी मीडिया से कतराते नजर आए। किसी भी बात का कोई उत्तर देने में संकोच करते रहे।


बबराला-गुन्नौर में विजिलेंस टीम के साथ चैकिंग करते अधिकारी।

### विद्युत कैम्प में 54 उपभोक्ताओं ने कराया पंजीकरण

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** विद्युत वितरण उपखण्ड गुन्नौर के उपखण्ड कार्यालय पर बिजली बिल राहत योजना 2025 के कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में कुल 54 उपभोक्ताओं द्वारा योजना के अन्तर्गत पंजीकरण कराया गया। एसडीओ गुन्नौर श्रृषि कुमार शुक्ला ने बताया कि कैंप में विभाग को विद्युत बिल धनराशि 6.05 लाख रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई। इसके साथ ही विद्युत चोरी के प्रकरणों में कुल 16 पंजीकरण हुए। जिससे विद्युत बिल धानराशि 3.79 लाख रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई। इसमें विजलेंस टीम एवं स्थानीय पुलिस का सहयोग प्राप्त हुआ।नगर में चेकिंग अभियान भी चला। उक्त कैम्प का आयोजन अधिशासी अभियन्ता अजय कुमार शुक्ला के निर्देशन में किया गया।कैंप में उपभोक्ताओं से कहा गया कि विभाग/शासन द्वारा लागू बिजली बिल राहत योजना 2025 में पंजीकरण कराकर योजना का लाभ उठायें। गुन्नौर उपखण्ड पर उपभोक्ताओं की भीड़ रही।

### लापरवाही से चार माह का मासूम झुलसा

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** आग जलाकर चारपाई पर चार माह के मासूम को लिटाकर काम करने में महिला की लापरवाही ने नवजात को गम्भीर रूप से झुलसा दिया। मौहल्ला लाडम सराय निवासी विमलेश ने अपने चार माह के पुत्र रुद्राक्ष को चारपाई पर लिटा दिया और स्वयं घरेलू काम कर रही थीं। ठंड अधिक होने के कारण उसने पास में ही आग जला रखी थी। चारपाई पर लेटा चार माह का मासूम झुलस गया।

# जिला अस्पताल में रोजाना बढ़ रहे कुत्ता काटे रोगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला और शहर में आवारा कुत्तों पर अंकुश नहीं होने से कुत्ता काटे जाने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। जबकि जिला अस्पताल में निरंतर कुत्ता, बिल्ली, बंदर और गीदड़ के काटने से घायल रोज पहुंच रहे हैं। अब तक यह संख्या एक हज़ार को पार कर चुकी है।

अस्पताल में एंटी रैबीज वैक्सीन लगा रहे स्वास्थ्य कर्मी सतवीर से मिली जानकारी के अनुसार अब तक करीब 8,000 लोगों को कुत्ता काटे पीड़ित उनके पास आ चुके हैं। जबकि 200 से अधिक बच्चे व बढ़े बिल्लियों के काटने से घायल हो चुके हैं। इतना ही नही 4,000 से अधिक लोगों को बंदरों का का शिकार हो चुके हैं। ग्रामीण अंचलों में लगभग 100 ग्रामीणों पर गीदड़ हमला कर चुका है। इसके अलावा दर्जनों रोगी रोज ही जिला अस्पताल में एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाने के लिए ओपीडी में पहुंच रहे हैं। स्वास्थ्य कर्मी ने बताया कि किसी भी जानवर के काटने की स्थिति में घबराए नहीं बल्कि प्राथमिक उपचार के लिए तत्काल अस्पताल आएं। उन्होंने बताया कि काटे गए स्थान को तुरंत साफ पानी और साबुन से अच्छी तरह धोयें जिससे वायरस का खतरा कम हो सके। इसके बाद बिना देरी किए करीब के ही सरकारी अस्पताल में जाकर एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाने पहुंचे।

## सड़क किनारे ट्रक की टक्कर से घायल की दिल्ली में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** ई रिक्शा से उतरकर सड़क के किनारे खड़े व्यक्ति को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल की दिल्ली इलाज के दौरान मौत हो गयी। असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम गरवारा निवासी सभीउद्दीन पुत्र शमीउद्दीन घर से गुरुवार की सुबह असमोली को गया था। जैसे ही वह ई रिक्शा से उतरकर सड़क किनारे खड़ा हुआ तभी पीछे से तेजी में आ ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हदसे में घायल हो गया। मौके पर जमा भीड़ ने उसे उठाकर असमोली के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी हालत देखते हुए मुरादाबाद रेफर कर दिया। मुरादाबाद से चिंताजनक हालत में घायल को दिल्ली को रेफर कर दिया। जहां दिल्ली में शुक्रवार की सुबह 6:00 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# हिंदुओं पर अत्याचार नहीं रूके, तो देश भर में आन्दोलन

**०अंतर्राष्ट्रीय परिषद ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बांगलादेश में मंदिर तोड़ने और हिंदू समुदाय के घरों व दुकानों को आग लगाने और जबरन धर्मान्तिरण कराने का देश भर में विरोध चरम पर पहुंचने लगा है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन व नारेबाजी कर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।

परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष अशोक गौतम के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों रोष जताया गया। ज्ञापन में कहा गया कि बांग्लादेश में मंदिरों को तोड़े जाने, हिंदू घरों और दुकानों में आग लगाए जाने, जबरन धर्मांतरण तथा महिलाओं पर अत्याचार जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। परिषद ने आरोप लगाया कि वहां हिंदू समुदाय असुरक्षित महसूस कर रहा है और हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। परिषद ने भारत सरकार से इस मामले पर कड़ा रुख अपनाने, बांग्लादेश सरकार पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दबाव बनाने और वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की। साथ ही पीड़ित हिंदुओं को संरक्षण और राहत दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने की भी मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान राष्ट्रीय बजरंग दल व अन्य संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। ज्ञापन में परिषद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिंदुओं पर अत्याचार नहीं रूका तो देश भर में अन्दोलन करने की भी चेतावनी दी।


सम्भल- बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन करते अं. हिंदू परिषद के कार्यकर्ता।

# ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज में गोपाल ने बाजी मारी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बहजोई में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में पाठकपुर स्थित पीएम श्री स्कूल के गोपाल ने प्रथम स्थान पाया तो वहीं दूसरे पर आरिफ रहे।

जिला विज्ञान के तत्वावधान में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जन कल्याण योग आश्रम बहजोई देहात पर ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विज्ञान एआरपी खुशबू रानी तथा जिला विज्ञान समन्वयक राजू सिंह यादव और वरिष्ठ नोडल शिक्षक सैंपल सिंह ने संयुक्त रूप से किया। विज्ञान क्विज प्रतियोगिता को दो चरणों में पूरा किया गया जिसमें प्रथम चरण में 20 प्रतिभागियों को चयनित किया गया तो वहीं दूसरे चरण में पांच विजेता प्रतिभागियों का चयन हुआ। जिसमें पाठकपुर स्थित पीएम श्री विद्यालय के गोपाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वही आरिफ ने दूसरा स्थान पाया और तीसरे स्थान पर पवन यादव रहे। वहीं चतुर्थ स्थान पर रमपुरा के नैतिक और पांचवें स्थान पर अमित कुमार रहे। जिला विज्ञान समन्वयक राजू सिंह यादव ने बताया कि चयनित पांचो प्रतिभागी जिला स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे। इस मौके पर आयुषी, नरेश कुमार, दिलीप किशोर,विनय कुमार, अजीत कुमार,भेदवीर सिंह, रतनिका आदि उपस्थित रहे। संचालन खुशबू रानी ने किया।


सम्भल- ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज में प्रतिभाग करने के प्रतिभागी।

# बीता साल-सपना जो हो न सका पूरा

**बबराला( अनिरूद्व शर्मा )।** बबराला से गुन्नौर होते हुए बदांयू तक रेलवे लाइन बिछाने व् गुन्नौर में रेलवे भवन बनाने का प्रस्ताव पारित हुए एक सदी से अधिाक का समय बीत गया। इसके बाबजूद लोगों का सपना अभी तक सपना बना है।इस प्रस्ताव का प्रमाण तहसील के अभिलेख हैं।

## कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री मौहम्मद हनीफ** द्वारा **संस्था सुआवाला कब्रिस्तान इंतेजामिया कमेटी, ग्राम सुआवाला नियर ईदगाह पोस्ट सुआवाला तहसील घामपुर, जिला बिजनौर** का **सेक्रेट्री** दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री. 1. इमामउद्दीन सदर, 2. मौ0 राजा- नायब सदर, 3. मौहम्मद हनीफ- सेक्रेटरी, 4. अजीउर्रहमान- नायब सेक्रेटरी, 5. इसरार अहमद- खजांची, 6. आरिफ अहमद अंसारी- सलाहाकार, 7. मौ0 अनीस, 8. परवेज आलम, 9. मौहम्मद आरिफ, 10. मौहम्मद जमालुददीन, 11. रईस, 12. फहीमुददीन, 13. रफीक अहमद, 14. मौहम्मद जीशान, 15. शाहबुददीन- सदस्य दर्शाये गये हैं।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं

विदित हो कि उक्त नोटिस सो0रजि0एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से
(आनन्द विक्रम सिंह)
सहायक निबन्धक

# सिविल लाइंस क्षेत्र में खड़ी कार को टक्कर मारते हुए मकान के गेट में घुसी कार

**मुरादाबाद।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक बड़ा हादसा उस समय होते-होते टल गया, जब एक अनियंत्रित कार सड़क किनारे खड़ी कार को टक्कर मारते हुए मकान के गेट में जा घुसी। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि तेज रफ्तार कार पहले खड़ी कार से टकराई, जिससे दीवार टूट गई और इसके बाद आगे बढ़ते हुए मकान के मुख्य गेट में जा घुसी। जानकारी के अनुसार, हादसे के वक्त कार में चार लोग सवार थे। टक्कर के बाद चालक ने मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन कुछ दूरी पर जाकर उनकी कार बंद हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइंस थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास क्षेत्र में तलाश शुरू की। पुलिस को कार स्वामी कार के साथ ही मिल गया, जबकि कार में सवार अन्य तीन लोग मौके से फरार हो गए। गनीमत यह रही कि हादसे के समय आसपास कोई राहगीर या घर का सदस्य कार की



चपेट में नहीं आया, वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। घटना से क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।फिलहाल दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है, जहां आपसी सहमति के आधार पर नुकसान की भरपाई को लेकर बातचीत चल रही है। कार स्वामी की ओर से टूटी कार और गेट को ठीक कराने का आश्वासन दिया गया है। पुलिस का कहना है कि यदि आपसी समझौता नहीं होता है तो आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह पूरा मामला मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र का है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में मुरादाबाद प्रेशर ग्रुप ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद प्रेशर ग्रुप, मुरादाबाद के पदाधिकारियों और सदस्यों ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई।ज्ञापन में कहा गया कि विगत वर्ष बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के दौरान सैकड़ों हिंदुओं की निर्मम हत्या की गई, उनके घरों में आगजनी व लूटपाट की घटनाएं हुईं तथा महिलाओं के साथ क्रूर अत्याचार किए गए, जिससे मानवता शर्मसार हुई। संगठन का कहना है कि हाल ही में बांग्लादेशी नेता बेता हादी की हत्या के बाद वहां अल्पसंख्यक हिंदू परिवारों के खिलाफ हिंसा फिर से भड़क उठी है। आरोप है कि हिंदू परिवारों के घरों को बाहर से बंद कर आग लगाने की को. शिश की गई।

ज्ञापन में विशेष रूप से हिंदू युवक दीपचंद दास की कथित अमानवीय हत्या का उल्लेख किया गया, जिसे पेड़ से लटकाकर जिंदा जलाने का आरोप लगाया गया है। इसके अलावा पांगशा



इलाके के होसेनडांगा गांव में अमृत मंडल उर्फ सम्राट की हत्या की घटना का भी हवाला दिया गया। संगठन ने कहा कि इन घटनाओं से देश-विदेश में आक्रोश व्याप्त है और बांग्लादेश में लोकतंत्र की स्थिति पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।मुरादाबाद प्रेशर ग्रुप ने राष्ट्रपति से आग्रह किया कि भारत सरकार बांग्लादेश सरकार को सख्त निर्देश दे, ताकि वहां अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को तुरंत रोका जाए और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। संगठन ने पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की भी मांग की।

# राहुल हत्याकांड की जांच में कॉल डिटेल बनी अहम कड़ी

## पुलिस ने निर्दोष को फंसाने की कोशिश नाकाम

**चन्दौसी।** हत्या जैसे जघन्य मामलों में पुलिस फूंक-फूंककर कदम रखती है, ताकि कोई निर्दोष व्यक्ति सलाखों के पीछे न पहुंच जाए। क्योंकि हत्या और बलात्कार जैसे संगीन मामलों में यदि किसी निर्दोष को फर्जी मुकदमे में फंसा दिया जाए तो उसका पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। ऐसे मामलों में अंतिम निर्णय न्यायालय द्वारा साक्ष्यों के आधार पर किया जाता है और अपराध सिद्ध होने पर कठोर दंड दिया जाता है। हालांकि, कितना ही शातिर अपराधी क्यों न हो, वह कोई न कोई ऐसा साक्ष्य छोड़ ही देता है, जिससे उसकी गिरफ्त संभव हो जाती है। ऐसा ही एक मामला चर्चित राहुल हत्याकांड से जुड़ा है, जिसमें पत्नी रुबी का आपराधिक चेहरा सामने आया। साधारण परिवार में जन्मी रुबी की शादी के बाद इच्छाएं और खर्चे सामान्य व्यक्ति की क्षमता से कहीं अधिक हो गए। इसी लालच में उसने अपने शातिर दिमाग से धनाढ्य परिवारों के युवकों को अपने मायाजाल में फंसाया और उनसे लाखों रुपये की वसूली करती रही। इसके बाद वह नए शिकार की तलाश में जुट जाती थी। धीरे-धीरे उसने एक पूरा रैकेट तैयार कर लिया। आखिरकार रुबी ने साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले गौरव को अपना अगला निशाना बनाया और उससे अपने पति राहुल की हत्या करा दी। उसे यह आभास था कि इस कृत्य को गौरव या उसका परिवार सहन नहीं कर पाएगा। हत्या के बाद भी रुबी विचलित नहीं हुई। वह बार-बार अपने दोनों बच्चों को बुलाकर उनसे वही कहलवाने का प्रयास कर रही थी, जिससे वह किसी निर्दोष व्यक्ति को फंसाना चाहती थी। पुलिस ने पूरे संयम के साथ जांच की और रुबी व गौरव की कॉल डिटेल पर फोकस किया। जांच में सामने आया कि रुबी ने गौरव से एक हजार से अधिक बार बातचीत की थी।

इसके अलावा, जेल जाने से पहले वह बच्चों के साथ भोजन करते समय भी उन्हें केस से जुड़े एक ऐसे व्यक्ति का नाम लेने को कह रही थी, जिससे उसका एक माह पहले ही संबंध विच्छेद हो चुका था। पुलिस की सूझबूझ से निर्दोष को फंसाने की साजिश विफल हो गई। भले ही इस मामले में कई सवाल उठे हों, लेकिन कहा जाता है कि जब पाप का घड़ा भर जाता है, तो वह भरे चौराहे पर ही फूटता है।

# रेलवे की कार्रवाई के खिलाफ सड़कों पर उतरे दुकानदार, नगर विधायक ने दिया आश्वासन

**मुरादाबाद।** शहर के पुराना रोडवेज बस अड्डे के सामने स्थित दुकानों पर रेलवे द्वारा लाल निशान लगाए जाने के बाद व्यापारियों में भारी आक्रोश है। अपनी रोजी-रोटी बचाने के लिए दुकानदार अब सड़कों पर उतर आए हैं। व्यापारी एकता रोडवेज मार्केट के बैनर तले दुकानदारों ने रेलवे की कार्रवाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है।व्यापारियों के समर्थन में भाजपा नगर विधायक रितेश गुप्ता मौके पर पहुंचे और दुकानदारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। विधायक ने व्यापारियों को हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए कहा कि वह उनकी बात शासन और प्रशासन तक पहुंचाएंगे और किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।बताया जा रहा है कि रेलवे ने स्टेशन रोड पर स्थित दुक. ानों पर लाल निशान लगाने के बाद व्यापारियों को कुछ दिनों की मो. हलत दी है।

रेलवे विभाग का कहना है कि यदि तय समय में दुकानें खाली नहीं की गईं तो पुलिस प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण हटाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर बुलडोजर की कार्रवाई भी की जा सकती है।स्थानीय व्यापारी संजय अरोड़ा, भरत अरोड़ा और अनीस सहित अन्य दुकानदारों का कहना है कि बस अड्डे के सामने, कटघर क्षेत्र और संभल फाटक वाले पुल के पास कुल करीब 165 दुकानें हैं। इन दुकानों के माध्यम से लगभग 15



हजार लोगों का परिवार पालन-पोषण करता है। यदि रेलवे द्वारा दुकानों को हटाया गया तो सैकड़ों परिवार बेरोजगार हो जाएंगे और मजबूरी में आंदोलन तेज किया जाएगा। व्यापारियों की प्रमुख मांग है कि यदि दुकानों को हटाना जरूरी है तो उन्हें किसी अन्य स्थान पर पुनर्वासित कर दुकानें उपलब्ध कराई जाएं।

वहीं कुछ दुकानदारों का कहना है कि यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है, ऐसे में बिना अंतिम फैसले के दुकानों पर लाल निशान लगाना गलत और अन्यायपूर्ण है। व्यापारियों ने चेता. वनी दी है कि मांगें न मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# मिशन शक्ति महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत शुक्रवार को महिला पुलिसकर्मियों द्वारा बालिकाओं को जागरुक किया गया। साथ ही 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के अन्तर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया एवं पुलिस टीमों द्वारा सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों के बारे में तथा सरकार द्वारा प्रत्येक थाने को दिए गए हैं मिशन शक्ति नंबर के बारे में भी बताया गया।

# जनपद में विटामिन 'ए' सम्पूरण कार्यक्रम के द्वितीय चरण का हुआ शुभारंभ

**मुरादाबाद।** जनपद में 26 दिसम्बर शुक्रवार से "विटामिन 'ए' सम्पूरण कार्यक्रम" के द्वितीय चरण का शुभारम्भ किया गया है। अभियान का उद्घाटन नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टाउनहॉल में स्थापित टीकाकरण केन्द्र पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. संजीव बेलवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग एवं सहयोगी संस्थाओं के कई अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर पर डा. आर.डी. सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ईएसआई टाउनहॉल, अरबन हेल्थ कोऑर्डिनेटर, जिला सहायक प्रतिरक्षण अधिकारी प्रथम एवं द्वितीय, एआरओ, यूनिसेफ के अरबन कोऑर्डिनेटर पिन्टू, सीएसओ कोऑर्डिनेटर गावी यूनिसेफ, सीसीपीएम एनयूएचएम सहित अन्य सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. संजीव बेलवाल ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के कुल 4,24,369 बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उन्होंने कहा कि विटामिन 'ए' बच्चों को रतौंधी से बचाने के साथ-साथ उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपदवासियों से अपील की गई है कि 26 दिसम्बर से 24 जनवरी 2026 तक चलने वाले इस अभियान के दौरान अपने नजदीकी टीकाकरण सत्र स्थल पर बच्चों को अवश्य ले जाएं और उन्हें विटामिन 'ए' की खुराक पिलवाएं। विभाग ने "भूल न जाना अपने बच्चे को विटामिन 'ए' खुराक जरूर पिलाना" का संदेश देते हुए अधिक से अधिक सहभागिता का आह्वान किया है।यह जानकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुरादाबाद द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

# ग्राम धामपुर कान्हू में ग्राम चौपाल का आयोजन चकबंदी मामलों की हुई त्वरित सुनवाई

**चन्दौसी।** तहसील चन्दौसी के परगना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धामपुर कान्हू में जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल का उद्देश्य वादों का त्वरित निस्तारण कर आमजन को सुलभ न्याय उपलब्ध कराना रहा। आयोजित चौपाल में ग्राम चकबंदी से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान एसओसी डॉ. सुरेश सागर, ग्राम चकबंदी अधिकारी खुशीराम, चकबंदी लेखपाल सुभाष गोयल, ग्राम प्रधान सूरज पाल सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

चौपाल के दौरान कुल 80 चक अपील वादों की गांव में ही सुनवाई कर मौके पर मुआइना किया गया। इनमें से 10 वादों का त्वरित निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष वादों को 15 दिन के भीतर निस्तारित करने का आश्वासन दिया गया। ग्राम चौपाल से ग्रामीणों को काफी राहत मिली और प्रशासन की इस पहल की सराहना की गई।

# आगरा कैंट पैसेंजर ट्रेन पुनः संचालित करने का निर्णय, यात्रियों व व्यापारियों में खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** कोरोनाकाल के दौरान बंद की गई आगरा कैंट पैसेंजर ट्रेन को लेकर लंबे समय से चली आ रही मांग पर आखिरकार रेलवे प्रशासन ने सकारात्मक निर्णय लिया है। बरेली से बांदीकुई के बीच पैसेंजर ट्रेन के संच. ालन का फैसला किए जाने से चन्दौसी क्षेत्र के यात्रियों, व्यापारियों और छात्रों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। इस निर्णय के स्वागत में अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्टेशन परिसर में खुशी जाहिर की। गुरुवार को अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ता चन्दौसी रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्टेशन अधीक्षक व रेलवे कर्मचारियों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं और ट्रेन संचालन के निर्णय का स्वागत किया। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि आगरा कैंट पैसेंजर ट्रेन के बंद होने से चन्दौसी क्षेत्र के यात्रियों को लंबे समय से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। चन्दौसी से आगरा, फिरोजाबाद तथा बांदीकुई स्थित बालाजी मंदिर के लिए यही



एकमात्र सीधी ट्रेन थी। ट्रेन बंद होने के बाद यात्रियों को मजबूरन पहले रोडवेज से अलीगढ़ जाना पड़ता था और वहां से आगरा के लिए ट्रेन या बस पकड़नी पड़ती थी, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त हानि हो रही थी। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल द्वारा कई बार रेलवे प्रशासन को ज्ञापन सौंपे गए और लगातार मांग उठाई गई। संगठन ने यात्रियों, व्यापारियों और छात्रों की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया, जिसके परिणामस्वरूप अब बरेली-बांदीकुई के बीच ट्रेन संचालन का निर्णय लिया गया है। व्यापार मंडल के पदाधिकारी प्रभात कृष्णा ने रेलवे प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह संगठन के निरंतर संघर्ष का ही परिणाम है कि वर्षों से बंद पड़ी ट्रेन को पुनः संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से क्षेत्र के व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और धार्मिक यात्राओं में भी सुविधा होगी। इस अवसर पर शाहआलम मंसूरी, शुभम अग्रवाल, रितिक वार्ष्णेय, अभिषेक, तुषार, टी. एस. पाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मूढापाण्डें, (मुरादाबाद)

पत्रांक: 4478 /आंकिक/क्षे.पं.पत्रां/2025-26 दिनांक: 26.12.2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत निम्नलिखित विवरणानुसार निर्माण कार्य करायें जाने हेतु पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से दिनांक 27 दिसम्बर, 2025 से दिनांक 05 जनवरी, 2026 की अपरान्ह 12.00 बजे तक नीचे दर्शाये गये कार्यों की पृथक-पृथक सीलबंद निविदायें (तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड पृथक-पृथक लिफाफों में) प्रतिशत दर के आधार पर आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 05 जनवरी 2026 को अपरान्ह 2.00 बजे उपस्थिति निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति द्वारा कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मूढापाण्डे में खोली जायेंगी। कार्य से सम्बन्धित विवरण, निविदा एवं नियम-शर्ते कार्यदिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य जमा कर दिनांक 05 जनवरी, 2026 की अपरान्ह 11.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। कार्यादेश धनराशि की उपलब्धता के आधार पर निर्गत किये जायेंगे। किसी भी निविदा अथवा सम्पूर्ण निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कार्य पूर्ण करने की अवधि 03 माह है। सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | स्वीकृत लम्बाई मीटर में | अनुमानित लागत कर सहित (लाख रू. में) | धरोहर राशि (रू० में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू. में) 500+500 stationery etc |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम मिलक बूजपुर आशा में अन्त्येष्टि स्थल निमार्ण कार्य। | 1 | 6.50 | 13000.00 | 1000/- |
| 2 | ग्राम कांगनी में अन्त्येष्टि स्थल निमार्ण कार्य। | 1 | 6.50 | 13000.00 | 1000/- |
| 3 | ग्राम सिरसा इनायतपुर में अन्त्येष्टि स्थल निमार्ण कार्य। | 1 | 6.50 | 13000.00 | 1000/- |
| 4 | ग्राम धतुरामेघा नंगला में अन्त्येष्टि स्थल निमार्ण कार्य। | 1 | 6.50 | 13000.00 | 1000/- |
| 5 | ग्राम गोविन्दपुर खुर्द तिराहे पर पीने पानी हेतू बोरिंग आर0ओ वाटरकूलर आदि कार्य। | 1 | 2.50 | 5000.00 | 1000/- |
| 6 | ग्राम परशुपुराबाजे तिराहे पर पीने पानी हेतू बोरिंग आर0ओ वाटरकूलर आदि कार्य। | 1 | 2.50 | 5000.00 | 1000/- |
| 7 | ग्राम मछरिया में जयपाल सिंह के घर से पी0डब्लू0डी0 रोड की ओर सी0सी0 टाईल्स सडक (इंटरलॉकिंग) निमार्ण कार्य। | 144 | 9.99 | 2000.00 | 1000/- |
| 8 | विकास खण्ड परिसर में बोरिंग रिबोर कार्य। | 1 | 6.79 | 13500.00 | 1000/- |
| 9 | ग्राम नाजरपुर मुख्य मार्ग विशनसिंह के घर से आंगनबाडी केन्द्र रोड तक सी0सी0 टाईल्स सडक (इंटरलॉकिंग) निमार्ण कार्य। | 77 | 3.18 | 6500.00 | 1000/- |
| 10 | ग्राम लक्ष्मीपुर कटटईमें जीरो पॉयन्ट पुलिस चौकी के पास यात्री शैड निर्माण कार्य। | 1 | 5.395 | 11000.00 | 1000/- |
| 11 | ग्राम रफातपुर में अम्बेडकर पार्क पर फुटपाथ निमाण एवं अन्य कार्य। | JOB WORK | 3.65 | 7300.00 | 1000/- |
| 12 | ग्राम लालाटीकर में पी0डब्लू0डी0 रोड से मन्दिर की तरफ नाली व सी0सी0 टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) कार्य। | 122 | 9.99 | 20000.00 | 1000/- |
| 13 | ग्राम दौलारी में गिरीश शर्मा के घर से सतपाल सिंह के घर तक नाली व सी0सी0 टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) कार्य। | 114 | 5.14 | 10500.00 | 1000/- |

**खण्ड विकास अधिकारी मूढ़ापांडे (मुरादाबाद)।**

**प्रमुख क्षेत्र पंचायत मूढ़ापांडे (मुरादाबाद)।**


# आवारा पशुओं को खेत में घुसाने को लेकर कहासुनी में चले लाठी-डंडे, पांच लोग घायल

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** शुक्रवार को थाना कुढफतेहगढ क्षेत्र के गांव सराय ज्वालापुरी के जंगल में आवारा पशुओं से खेतों में खड़ी फसल की रखवाली के दौरान पशुओं को दूसरे के खेत में घुसाने को लेकर हुई कहासुनी में लाठी डंडे चल गये जिसमें दोनों पक्षों से पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने मेडिकल के लिए भेजा है। सराय ज्वालापुरी के जंगल में बिलारी थाना क्षेत्र के निकटवर्ती गांव बिचौला ढूकी निवासी मीना देवी पत्नी धर्मपाल, किरनवती व ऊषा पुत्री सुरेश अपने खेतों की रखवाली कर रहीं थी। तभी सराय ज्वालापुरी के कुछ लोगों पर आवारा पशुओं को अपने खेतों से निकाल. कर बिचौला ढूकी निवासी मीना देवी के खेतों में घुसाने का आरोप



है। इसी बात को लेकर खेत पर मौजूद मीना देवी, किरनवती व ऊषा ने विरोध किया तो दोनों पक्षों में कहासुनी के दौरान हुई मारपीट में लाठी डंडे चल गये। देवदत्त ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि मारपीट के दौरान बचाव में आये सुरेश को धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। देवदत्त निवासी बिचौला ढूकी ने आठ लोग नामजद तथा पन्द्रह से बीस अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। वहीं दूसरे पक्ष से मारपीट में नन्हे पुत्र भुल्लन निवासी सराय ज्वालापुरी भी घायल हुआ है। पुलिस ने सुरेश,मीना देवी, किरनवती व ऊषा निवासी बिचौला ढूकी तथा नन्हे पुत्र भुल्लन निवासी सराय ज्वालापुरी को मेडिकल के लिए भेजा है। दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है।

# नगर पालिका ने मंकी कैचर टीम बुला कर शुरू कराया रेस्क्यू अभियान

**चन्दौसी।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में खूंखार होते जा रहे बंदरों से आमजन भयग्रस्त हैं। लोगों की शिकायत है कि बंदर राहगीरों तथा छतों पर कपड़े सुखाने गए लोगों पर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर रहे हैं। चन्दौसी एवं रामनगर कैथल क्षेत्र में बंदरों के हमले से एक महिला की मौत भी हो चुकी है। नगर में बंदरों की संख्या लगातार बढ़ रही है, वहीं ग्रामीण आंचल में किसान भी इनसे परेशान हैं, क्योंकि बंदर सब्जी व खेती-बाड़ी को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। नगरपालिका चन्दौसी में बढ़ते हिंसक हमलों की लगातार शिकायत मिलने के बाद शुक्रवार को मथुरा से मंकी कैचर टीम को बुलाया गया। टीम ने नगरपालिका कर्मचारियों के सहयोग से रेलवे स्टेशन क्षेत्र से पिंजरों की सहायता से बंदरों को पकड़ने का अभियान शुरू किया। मंकी कैचर टीम ने पहले चरण में 117 बंदरों को पकड़कर वाहन में रखा। अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने बताया



कि पकड़े गए बंदरों को रात्रि के समय ऐसे जंगलों में छोड़ा जाएगा, जहां उनके रहने व खाने-पीने की समुचित व्यवस्था हो। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी नगरपालिका द्वारा बंदरों को पकड़कर उत्तराखंड के जंगलों में छोड़ा गया था, जिससे उस समय बंद. रों की संख्या में काफी कमी आई थी। फिलहाल नगरपालिका चन्दौसी द्वारा खूंखार बंदरों को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है।

# टीएमयू में एरिदमिया का रंगारंग आगाज

**मुरादाबाद।** विकास प्राधिकरण- एमडीए के वीसी आईएएस श्री अनुभव सिंह ने तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के एरिदमिया की भव्यता एवम् विविधता की मुक्तकंठ प्रशंसा करते हुए कहा, उन्हें अपने कॉलेज टाइम की यादें ताजा हो गई हैं। उन्होंने मेडिकल के छात्रों के संग अपने कॉलेज जीवन के यादगार अनुभव और किस्से भी साझा किए। श्री अनुभव तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से आयोजित सात दिनी स्पोर्ट्स, क्लचरल एंड टैलेंट इवेंट- एरिदमिया 2025 के शंखनाद मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। मुख्य अतिथि ने चित्रकला प्रदर्शनी का विशेष रूप से अवलोकन किया और मेडिकल स्टुडेंट्स की कलात्मक प्रतिभा की सराहना की। इससे पूर्व बतौर मुख्य अतिथि आईएएस श्री अनुभव सिंह, कुलाधिपति श्री सुरेश जैन,डायरेक्टर प्रशासन श्री अभिषेक कपूर, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह आदि ने रंग बिरंगी रोशनी के बीच मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन, मशाल जलाकर और गुब्बारे उड़ाकर रिद्धि-सिद्धि भवन में एरिदमिया का रंगारंग आगाज किया। दूसरी ओर रात को मेडिकल



स्टुडेंट्स को ऑडी में बॉलीवुड फिल्म दे दना दन दिखाई गई। एरिदमिया के शंखनाद के मौके पर मेडिकल साइंसेज के डीन प्रो. एसके जैन, वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी, पैथोलॉजी की एचओडी एवम् अरिदमिया- 2025 की कन्वीनर प्रो. सीमा अवस्थी के संग-संग इवेंट्स कॉर्डिनेटर्स आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही।उल्लेखनीय है, एरिदमिया में इंडोर और आउटडोर स्पोर्ट्स के तहत क्रिकेट, फुटबाल, बास्केटबाल, वालीबाल, थ्रोबाल, बॉक्स क्रिकेट, टग ऑफ वार, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, ट्रैक एंड फील्ड, टेबिल-टेनिस, स्कैश, आर्म रेसलिंग, पुश-अप्स, कैरम, चेस आदि, कल्चर इवेंट के तहत गिफ्ट वार्पिंग, ग्लास पेंटिंग, आर्ट एग्जिबेशन, डिबेट, ट्रेजर हंट, पिक्शनरी, कॉमेडी स्किट, कॉमिक बुक मेकिंग, मीम मेकिंग, एड मेर्कि. कंग, रील मेकिंग, शिल्पकारी, फोटोग्राफी, जबकि इवनिंग एंड नाइट इवेंट में सोलो डांस, डुएट डांस, ग्रुप डांस, सोलो सिंगिंग, डुएट सिंगिंग, ग्रुप सिंगिंग, टैलेंट हंट, फैशन शो आदि में भावी डॉक्टर्स अपने हुनर का जलवा दिखाएंगे।

# युवा अपने अंदर छिपी प्रतिभा को पहचाने: डॉ. विशेष गुप्ता

**मुरादाबाद।** मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वधान मे अंतर जनपद युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का 30 दिसंबर तक आयोजन किया जा रहा। जनपद दौरान जनपद बनारस से 35 प्रतिभागी जिसमें 15 युवती व 20 युवा शामिल हैं।

5 दिवसीय पर भ्रमण पर आए हैं इस दौरान प्रतिभागी जनपद में 5 दिन का प्रवास करेंगे इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए जनपद के उप निदेशक अंकित कुमार गौर ने बताया प्रतिभागियों के प्रतिदिन एक लेक्चर के माध्यम से विभिन्न विषयों की जानकारी कराई जाएगी अपराह्न भोजन उपरांत प्रतिभागी मुरादाबाद के विभिन्न पर्यटक स्थल का दौरा कर उसके बारे में जानेंगे इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर मुरादाबाद की संस्कृति से भी उनको परिचित कराया जाएगा। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कार्यक्रम अधिकारी रंजीत कुमार सैनी ने कहा कि प्रथम दिन 26 दिसंबर को प्रात: 10 बजे युवाओ का स्वागत किया गया। उन्हें माय भारत का किटबैग वितरित किया गया। प्रथम सत्र के उद्घाटन अवसर पर डॉक्टर विशेष गुप्ता प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता एवं राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग के पूर्व अध्यक्ष ने युवा नेतृत्व पर कक्षा को संबोधित किया उन्होंने युवाओं से अपने अंदर छिपी प्रतिभा को पहचान ने पर बल दिया।उन्होंने कहा कि वह अपने अंदर छिपी प्रतिभा को पहचाने और आगे डॉ. मेहंदीरत्ता ने युवाओं ने कहा कि युवा स्वयं का रोजगार स्थापित कर अपनी आजीविका चलाएं। भोजन उपरांत युवाओं ने नवनिर्मित संविधान हनुमान वाटिका, कंपनी बाग, का भी भ्रमण किया। कार्यक्रम में जोगेंद्र सिंह, चंद्रसिंह चंचल, सौरभ सिंह, विकास सारिका ,विशेष भूमिका निभा रहे हैं।



# श्री साई विद्या कन्या इंटर कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पेक्ट्रा 2025 का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** शहर के मानसरोवर कॉलोनी स्थित श्री साई विद्या कन्या इंटर कॉलेज में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम "स्पेक्ट्रा 2025" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कृति और छात्राओं की प्रतिभा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सिलसिला शुरू हुआ।कार्यक्रम में जनपद के चार प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों ने सहभागिता की, जिनमें श्री साई विद्या कन्या इंटर कॉलेज, द साई स्कूल, साहू प्रहलाद किशोर जूनियर हाई स्कूल एवं श्री सत्य साई एकेडमी विद्यालय शामिल रहे। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, संगीत, नाट्य प्रस्तुति एवं समूह नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।मुख्य अतिथि के रूप में बी.पी. सिंह, सहायक निदेशक शिक्षा, मुरादाबाद उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि डा. नीरज विनोद खन्ना, चेयरमैन ई.पी.सी.एच. इंडिया ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। "स्पेक्ट्रा 2025" ने सभी उपस्थित लोगों को एक यादगार अनुभव प्रदान किया।



# लेडीज क्लब के द्वारा नववर्ष के स्वागत में आयोजित किया गया कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** लेडिल क्लब मुरादाबाद की मासिक सभा न्यू ईयर हंगामा कार्यक्रम "प्यार के रंग आपके रंग" थीम के साथ शुक्रवार को लेडिल क्लब परिसर में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में नववर्ष के स्वागत के साथ मनोरंजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की धूम रही।सभा की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष संजुल अग्रवाल ने की, जबकि सचिव डॉ. विमिता अग्रवाल ने सभी सदस्यों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए समीक्षा प्रस्तुत की। मनोरंजक सभा की संयोजिका रेनू गुप्ता रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत में सेजल, डॉ. विमिता और सपना ने सभी सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया।सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अंजू गुप्ता एवं रश्मि रस्तोगी द्वारा प्रस्तुत युगल नृत्य ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। सरोज अग्रवाल और वंदना कपूर के फनी एक्ट ने सभी को हँसने पर मजबूर कर दिया। डॉ. विमिता अग्रवाल के एकल नृत्य के बाद स्नेह, शिखा, सुमन, मधु और लक्ष्मी के ग्रुप डांस ने समां बांध दिया। वंदना विदुषी ने युगल नृत्य के माध्यम से धर्मेंद्र को भावपूर्ण ट्रिब्यूट दिया।कार्यक्रम में शशि शाह, सुषमा तोमर, ममता गिरी, कुमुद, उमा टंडन, अर्चना साहू, माधुरी, सीमा, मीनू गुप्ता, नंदिनी, अनुराधा, आरती सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं।कार्यक्रम का समापन उल्लास और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

# लाडली फाउंडेशन के तत्वावधान में रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**मुरादाबाद।** लाडली फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा पुलिस प्रशासन के सहयोग से शुक्रवार को पुलिस लाइन, में महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न पर आधारित जागरूकता कार्यशाला, वीरांगना सम्मान समारोह एवं मिशन शक्ति कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षित कार्यस्थल और शिकायत निवारण प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना तथा उत्कृष्ट सेवा देने वाली महिला कर्मियों को सम्मानित करना रहा।कार्यक्रम में लाडली फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से सीओ कोतवाली सुनीता दहिया, एसआई चंद्र प्रभा गौतम, एसआई समीक्षा एवं एसआई प्रीति को "वीरांगना सम्मान" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके साहस, कर्तव्यनिष्ठा और समाज सेवा के लिए प्रदान किया गया।मुख्य अतिथि एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह एवं विशिष्ट अतिथि एसपी सिटी रणविजय सिंह ने कहा कि च्वैभ ।बज महिलाओं की गरिमा और सम्मान की रक्षा का सशक्त माध्यम है। ऐसे कार्यक्रम महिलाओं का मनोबल बढ़ाते हैं। लाडली फाउंडेशन की अध्यक्ष आरती गुप्ता ने संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक संगठनों व अधिवक्ताओं सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संचालन डॉ. अरुण शंखधर ने किया। अंत में ट्रस्ट सदस्यों ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



# ग्राम पंचायत में 'विकसित भारत रोजगार व आजीविका मिशन' को लेकर जागरूकता बैठक आयोजित

**सुरजननगर।** ग्राम पंचायत भवन मे शुक्रवार को ग्राम पंचायत में 'विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' के प्रभावी क्रियान्वयन और जन-जागरूकता हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सरकार की नई रोजगार नीति से अवगत कराना था।

बैठक में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया गया कि यह महत्वाकांक्षी योजना अब मनरेगा के स्थान पर संचालित की जा रही है। इस नई व्यवस्था के तहत मजदूरों के हित में एक बड़ा बदलाव किया गया हैख्रअब श्रमिकों को वर्ष में 100 दिन के स्थान पर 125 दिन की गारंटी मजदूरी प्रदान की जाएगी। बैठक के दौरान योजना की आधिकारिक गाइडलाइन को विस्तार से पढ़कर सुनाया गया, ताकि पात्र व्यक्ति अपने अधिकारों को समझ सकें। प्रमुख उपस्थिति एवं सहभागिता: बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान वीर सिंह ने की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव निशा चौहान ने योजना के तकनीकी पहलुओं और पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीएचओ अंजलि चौहान ने श्रमिकों के स्वास्थ्य कार्ड पर चर्चा की। इस दौरान पंचायत सहायक विनीत, सुबोध विश्नोई, और संजीव कुमार ने डाटा प्रबंधन और आवेदनों की जानकारी साझा की। बैठक में आशा और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई, जिससे ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण सुनिश्चित किया गया। ग्राम प्रधान वीर सिंह ने कहा कि यह मिशन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और मजदूरों की आजीविका को स्थायित्व प्रदान करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा।



**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2012 अनुक्रमांक 0842600 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2014 अनुक्रमांक 0632532 का प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **प्रशांत चौहान पुत्र विजेंद्र सिंह निवासी- ग्राम चांवड़ पोस्ट मलकपुर सेमली तहसील ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# विद्यालयो में 'मूंगफली की चिक्की, बाजरे के लड्डू' का नहीं हुआ वितरण

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** शासन के निर्देश पर गुरुवार को परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को मूंगफली की चिक्की और बाजरे का लड्डू मिलना था लेकिन दर्जनों विद्यालय में इसका वितरण नहीं हो पाया। जानकारी के अनुसार 'प्रदेश में पीएम पोषण - (मध्याह्न भोजन) योजना के तहत परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को अब सप्ताह में एक दिन अतिरिक्त पौष्टिक सामग्री दी जाएगी। इसमें स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री में मूंगफली की चिक्की, गुड़-तिल मूंगफली का गजक, चौलाई/बाजरे का लड्डू (कम से कम 20 ग्राम) या भुना चना (कम से कम 50 ग्राम) में से कोई एक विकल्प बच्चों को दिया जाएगा। मध्याह्न भोजन प्राधिकरण के अनुसार, फ्लैक्सी फंड की उपलब्धता के आधार पर यह व्यवस्था दिसंबर 2025 से मार्च 2026 तक लागू रहेगी। इसके तहत हर गुरुवार को विद्यार्थियों को पांच रुपये प्रति छात्र प्रति दिवस की दर से सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन उपलब्ध कराया जाएगा। गुरुवार को अवकाश होने पर वितरण अगले कार्यदिवस में होगा 'जिलाधिकारी सामग्री की उपलब्धता के अनुरूप उपयुक्त विकल्प या दिन वार निर्धारण करेंगे। इसकी निगरानी के लिए विद्यालयों से ब्लाक स्तर पर रिपोर्ट भेजने की व्यवस्था की गई है। जिला और विकासखंड स्तर की टास्क फोर्स निरीक्षण करेगी, वहीं प्रदेश स्तर पर सोशल आडिट के माध्यम से मूल्यांकन कराया जाएगा।

गुरुवार को अनेक विद्यालयों में मूंगफली की चक्की और बाजरे के लड्डू का वितरण नहीं हुआ।

# दावते इस्लामी इन्डिया ने ख्वाजा गरीब नवाज का 814 वां उर्स मनाया

**कुन्दरकी।** नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित साबरी मस्जिद में दावते इस्लामी इन्डिया के हफ्ता वारी इज्तेमा में खघ्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती का 814 वां यौमे उर्स मनाया इज्तेमा का आगाज कुरआन पाक की तिलावत से हाफिज असद रजा अत्तारी ने किया और मुहम्मद तफसीर अत्तारी ने खघ्वाजा गरीब नवाज की शान में कलाम पेश किया इसके बाद मुबल्लिगे दावते इस्लामी इन्डिया हाजी साजिद रजा अत्तारी ने खवाजा गरीब नवाज की सीरत बयान की खवाजा ए हिन्द वो दरबार है आला तेरा कभी महरूम नहीं मांगनें वाला तेरा आखिर में कुल शरीफ के बाद देश में अमन शांति भाईचारे के लिए दुआ कराई और लगंर भी तकसीम किया इस अवसर पर कारी नईम अत्तारी कघरी अब्दुल वकील अत्तारी गुलाम नबी अत्तारी काशिफ अत्तारी अबरार हुसैन अत्तारी मौलाना फैजान मदनी तौफीक अत्तारी आदि मौजूद रहे।



**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / कोचिंग, (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा प्लास्टिक बोतल क्रेशर मशीन के ठेके को संचालन एवं आवंटन हेतु ई-बोलियाँ website: **www.ireps.gov.in** पर दिनांक **12.01.2026** को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **4009/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### गुरुद्वारा कमेटी ने लगाया लंगर

**चन्दौसी।** दिसंबर के अंतिम सप्ताह में पड़ रही कड़ाके की ठंड से आमजन बेहाल हैं। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं, वहीं समाजसेवी संस्थाएं मानव सेवा में आगे आ रही हैं। इसी क्रम में



शुक्रवार को बस स्टैंड के निकट स्थित गुरुद्वारे पर गुरुद्वारा कमेटी द्वारा लंगर एवं भंडारे का आयोजन किया गया। प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक लगातार लंगर चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जरूरतमंदों, राहगीरों और यात्रियों ने भोजन ग्रहण किया। भंडारे के दौरान सेवादारों ने श्रद्धा और सेवा भाव के साथ लोगों को गर्म भोजन कराया।

ठंड के बीच गुरुद्वारे में आयोजित इस लंगर से लोगों को न केवल भोजन मिला, बल्कि मानवता और भाईचारे का संदेश भी मिला। इस सेवा कार्य में अंगद कटारिया, विपिन बिल्लो, सरदार रविन्दर सिंह, सरदार अमन सहित अन्य सेवादार उपस्थित रहे और पूरे मनोयोग से सेवा में जुटे रहे। क्षेत्रवासियों ने गुरुद्वारा कमेटी की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जरूरतमंदों के लिए बड़ी राहत बताया।

### चिकित्सा अधीक्षक ने कराया बाल स्वास्थ्य पोषण माह का शुभारंभ



कांठ(शाह टाइम्स) वाल स्वास्थ पोषण, माह का शुभारम्भ चिकित्सा अधीक्षक राजीव कुमार एवं बीपीएम चन्द्रशेखर यादव द्वारा नया गाँव के आंगनबाड़ी केन्द्र पर किया गया जिसमे 9 मास से 5 वर्ष तक 75 बच्चों में से 15 वच्चो को विटामिन ए की खुराक पिलाई गई। बताया गया कि यह कार्यक्रम 26 दिसम्बर से 24 जनवरी तक चलेगा जिसमे 9 मास से 5 बर्ष तक के सभी -38041बच्चों को प्रत्येक गाँव में खुराक पिलाई जायेगी। ये खुराक वच्चो में आखो के रतौन्धी एवम वच्चो के सम्पूर्ण पोषण के लिए दी जाती है।

### अनाड़ी हाथों में ई रिक्शा की कमान चार घायल



**कांठ ( शाह टाइम्स )** अनाड़ी हाथों में ई-रिक्शाओं की कमान होने के कारण रोड जाम और दुर्घटना होना आम बात हो गई है आज इसी तरह एक अनाड़ी ने अपनी ही रिक्शा को खंबे से टक्कर मार दी जिसमें बैठी चार सवारी घायल हो गई उन्हें उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। सिकंदरा बाद के एक युवक ने ई रिक्शा को कमाई का जरिया बनाने के लिए फाइनेंस पर दो माह पहले रिक्शा खरीदकर उसे कमाई करनी शुरू कर दी। लेकिन अनाड़ी होने के कारण वह उसका संचालन ठीक प्रकार से नहीं कर पाया और कब्रिस्तान के सामने बिजली के खंभे में रिक्शा दे मारी जिसमें बैठी चार सवारी घायल हो गई घायलों को तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया गया ई रिक्शा चालक के परिवार की महिलाएं घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंच गई उनका कहना था कि उन्होंने फाइनेंस पर रिक्शा खरीदा है और घटना के बाद पुलिस रिक्शा की चाबी अपने साथ ले गई अगर उन्हें चाबी नहीं मिली तो उनके परिवार का पेट भरना मुश्किल हो जाएगा कुल मिलाकर जिन्होंने इस घटना को देखा उन्होंने प्रशासन से ई-रिक्शा चालकों को प्रशिक्षित किए जाने की मांग भी उठाई है।

### पशु चारागाह की भूमि को कराया कब्जामुक्त



**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ के गांव छावड़ा में तहसील प्रशासन ने गाटा संख्या 288/0.922 हेक्टेयर पशु चारागाह की भूमि तथा एक चकरोड को कब्जामुक्त कराया। गांव में स्थित पशु चारागाह की भूमि पर गांव के ही लोगों का कब्जा था तथा वन विभाग द्वारा लगाये गये पौधों को भी नष्ट करने का आरोप था। अरविंद पुत्र यशपाल सिंह निवासी छाबड़ा की ओर से तहसील चन्दौसी में सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि को कब्जामुक्त कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिस पर बुधवार को तहसील चन्दौसी से राजस्व विभाग की टीम ने कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंचकर पशु चारागाह एवं एक चकरोड से अवैध कब्जा को हटवाकर कब्जामुक्त कराया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक भोजराज सिंह, लेखपाल चन्द्रेश वार्ष्णेय, सुमित कुमार, रोहित वार्ष्णेय तथा कुढ़फतेहगढ़ पुलिस मौजूद रही।

### भोजपुर में छेड़छाड़ का मामला

**भोजपुर।** गनीमतनगर में गांव से बाहर कूड़ा डालने जा रही चाची भतीजी को अकेला देखकर चार युवकों ने रास्ते में रोककर छेड़छाड़ की। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में पीड़ित महिला ने कहा है कि वह अपनी भतीजी के साथ गांव के बाहर कूड़ा डालने जा रही थी। गांव के राकेश,राजु, कृष्ण पाल और भूरा ने रास्ते में पकड़ कर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दुकान के सामान को लेकर मारपीट

**कांठ ( शाह टाइम्स )** नगर के शुभम कुमार पुत्र राजवीर सिंह का आरोप है कि 24 दिसंबर को रात्रि करीब 7.30 बजे घर मे टेन्ट की दुकान के सामान को लेकर झगडा हो गया जिसमें धर्मेन्द्र पुत्र चेता तथा निखिल पुत्र राजेश ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# मेलबर्न में एक दिन में 20 विकेट गिरे, ऑस्ट्रेलिया टॉप पर

● **मेजबान टीम 46 ओवर में 152 रन पर ऑलआउट हो गई जबकि इंग्लैंड 30 ओवर से भी कम में सिर्फ 110 रन पर ढेर हुई**



**मेलबर्न, वार्ता।** पिछले साल के बॉक्सिंग डे टेस्ट की तुलना में मेलबर्न पिच पर सिर्फ चार मिलीमीटर ज्यादा घास होने से बॉक्सिंग डे पर पिच शरारती हो गई, जिससे 20 विकेट गिरे, जो ऑस्ट्रेलिया में पहले दिन गिरे संयुक्त रूप से तीसरे सबसे ज्यादा विकेट हैं। मेजबान टीम 46 ओवर के अंदर 152 रन पर ऑल आउट हो गई, जिसके बाद इंग्लैंड एक कदम और आगे बढ़कर 30 ओवर से भी कम में सिर्फ 110 रन पर ढेर हो गई, यह सब एमसीजी में 94,199 दर्शकों की रिकॉर्ड भीड़ के सामने हुआ।

दिन का अंत शानदार ड्रामे के साथ हुआ। स्कॉट बोलैंड, ट्रैविस हेड के साथ ओपनिंग करने आए और उन्होंने एक पूरा ओवर सुरक्षित रूप से खेला, जिससे पूरे स्टेडियम में मौजूद दर्शक बहुत खुश हुए, जो दिन भर के रोमांचक एक्शन के बाद पहले से ही अपनी सीटों पर खड़े थे। बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी करने भेजा, लेकिन इसमें एक अजीब विडंबना थी कि इंग्लैंड सालों तक घर पर सपाट पिचों पर तैयारी करने के बाद एक बार फिर हरी सीमिंग पिच पर खेल रहा था, और ऑस्ट्रेलियाई चुनौती के लिए अपनी तेज़ गेंदबाजी की योजना ऊंचाई और उछाल के हिसाब से बना रहा था, जबकि चुनौती ने अलग सवाल पूछे। हालांकि, इस बार उनके गेंदबाजों ने बेहतर जवाब दिया, उन्होंने पूरी लेंथ पर गेंदें फेंकीं और तुरंत इनाम पाया। ट्रैविस हेड, जिन्होंने दौरे पर पहले एक और मुश्किल पिच पर इंग्लैंड को चोट पहुंचाई थी, गस एटकिंसन की गेंद पर अपने स्टंप्स पर आउट हो गए, लेकिन पहले बदलाव के गेंदबाज के रूप में जोश टंग के आने से सच में मैच का रुख बदल गया। जेक वेदरल्ड दुर्भाग्य से लेग साइड में आउट हो गए, लेकिन इसके बाद की गेंदों ने यह साबित कर दिया कि पर्थ और ब्रिस्बेन में टंग की कितनी कमी खली थी। मार्नस लाबुशेन ने बाहर जाती हुई गेंद पर किनारा लगाया, जबकि स्टीव स्मिथ एक तेज इन-स्विंगर पर बोल्ड हो गए। 51 रन पर 4 विकेट गिरने के बाद, उस्मान ख्वाजा और एलेक्स कैरी ने ऑस्ट्रेलिया को संभालने के लिए मिलकर 72 रन पर 4 विकेट तक पहुंचाया। लेकिन 38 रन की यह साझेदारी ब्रेक के बाद चौथे ओवर में टूट गई जब एटकिंसन ने ख्वाजा का किनारा लिया। इस बार, स्निको पर आवाज और स्पाइक एक साथ आए और ऑन-फील्ड फैसला पलट दिया गया।

स्टोक्स, जिन्होंने दोपहर के सेशन में एटकिंसन के साथ बॉलिंग की शुरुआत की थी, उन्होंने एक अच्छी प्लानिंग के तहत कैरी को लेग स्लिप पर कैच करवाया, जिससे ऑस्ट्रेलिया 91 रन पर 6 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गया। यह और भी बुरा हो सकता था, लेकिन माइकल नेसर को दो बार किस्मत का साथ मिला क्योंकि किनारे कॉर्डन में शॉर्ट गिरे, पहले जेमी स्मिथ के सामने और बाद में जो रूट के सामने, जिससे यह सवाल उठा कि क्या इंग्लैंड के कीपर और स्लिप कॉर्डन बहुत पीछे खड़े थे। नेसर ने मिले मौकों का पूरा फायदा उठाया और पलटवार किया, जोश टंग के एक ओवर में चार चौके लगाए, जबकि कैमरन ग्रीन ने मुश्किल पिच पर धैर्य और समझदारी दिखाई। सातवें विकेट के लिए उनकी 52 रन की साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को 150 रन के पार पहुंचाया, हालांकि ग्रीन की पारी एक जोखिम भरे सिंगल और नॉन-स्ट्राइकर एंड पर ब्रायडन कार्स के डायरेक्ट हिट से खत्म हुई। मिशेल स्टार्क इस सीरीज में 50 से ज्यादा के एवरेज के साथ आए थे, लेकिन इस बार सस्ते में आउट हो गए, स्टोक्स ने मिड-ऑफ पर पीछे दौड़कर एक शानदार कैच पकड़ा। रिप्ले में दिखा कि कार्स का अगला पैर क्रीज के अंदर था, लेकिन तीसरे अंपायर ने बॉलर के पक्ष में फैसला दिया। फिर टंग ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को आउट किया, उसी ओवर में बोलैंड और नेसर, जो पारी के टॉप स्कोरर थे, को आउट करके ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला पांच विकेट हॉल पूरा किया। इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। बेन डकेट ने जल्दी ही स्टार्क को मिड-ऑन पर कैच दे दिया, जबकि नेसर, जो अपना पहला रेड-बॉल टेस्ट खेल रहे थे, ने ऑफ साइड से बाहर जाती गेंद पर एज लगाकर जैकब बेथेल को आउट किया। जैक क्रॉली भी जल्द ही आउट हो गए, अपने शरीर से दूर जाती गेंद पर जोर से शॉट लगाने की कोशिश में, जिससे इंग्लैंड 8 रन पर 3 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गया। स्टीव स्मिथ ने दूसरे स्लिप पर यह कैच पकड़ा, जिससे वह एक फील्डर के तौर पर सबसे ज्यादा कैच लेने के मामले में राहुल द्रविड़ के 210 कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ गए। सिर्फ जो रूट (214) के पास उनसे ज्यादा कैच हैं। फिर नेसर ने एक और विकेट लिया, रूट की क्रीज पर बेकार की। शिश को एक जाने-पहचाने बाहरी किनारे के साथ खत्म किया और अनुभवी बल्लेबाज को 15 गेंदों पर शून्य पर आउट कर दिया। यह उनके टेस्ट करियर का 15वां शून्य था। सात ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आए हैं! हैरी ब्रूक ने अगली गेंद पर छक्का मारा और गेंद के बार-बार गड़बड़ करने के बावजूद ट्रैक पर दौड़ने के लिए उत्सुक दिखे, लेकिन विडंबना यह है कि वह पगबाधा आउट हो गए, बोलैंड की एक गेंद पर क्रीज में फंस गए जो अंदर की तरफ आई थी।

# स्मिथ ने द्रविड़ का कैच रिकॉर्ड तोड़ा



● **राहुल द्रविड़ ने 164 टेस्ट में 210 कैच लपके थे, स्टीव स्मिथ 122 टेस्ट में 212 कैच के साथ राहुल द्रविड़ से आगे निकल गए हैं**

**मेलबर्न, वार्ता।** स्टीव स्मिथ ने एक फील्डर के तौर पर सबसे ज्यादा कैच लेने के मामले में राहुल द्रविड़ के 210 कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। सिर्फ जो रूट (214) के पास उनसे ज्यादा कैच हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। बेन डकेट ने जल्दी ही स्टार्क को मिड-ऑन पर कैच दे दिया, जबकि नेसर, जो अपना पहला रेड-बॉल टेस्ट खेल रहे थे, ने ऑफ साइड से बाहर जाती गेंद पर एज लगाकर जैकब बेथेल को आउट किया। जैक क्रॉली भी जल्द ही आउट हो गए, अपने शरीर से दूर जाती गेंद पर जोर से शॉट लगाने की कोशिश में, जिससे इंग्लैंड 8 रन पर 3 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गया। स्टीव स्मिथ ने दूसरे स्लिप पर यह कैच पकड़ा, जिससे वह एक फील्डर के तौर पर सबसे ज्यादा कैच लेने के मामले में राहुल द्रविड़ के 210 कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ गए। सिर्फ जो रूट (214) के पास उनसे ज्यादा कैच हैं। राहुल द्रविड़ ने 164 टेस्ट में 210 कैच लपके थे जबकि स्टीव स्मिथ 122 टेस्ट में 212 कैच के साथ द्रविड़ से आगे निकल गए हैं। जो रूट ने 162 टेस्ट में 214 कैच लपके हैं।

# 70 टीमें जूनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप में भाग लेंगी

**लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, पुडुचेरी, चंडीगढ़, दादर नगर हवेली और दिल्ली केन्द्र शासित प्रदेश हैं जो चैंपियनशिप में में भाग ले रहे हैं**

**बेंगलुरु, वार्ता।** 44वीं जूनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप 2025-26 में लगभग 35 लड़कों और इतनी ही लड़कियों की टीमों के भाग लेने की उम्मीद है, जो 31 दिसम्बर, 2025 से 4 जनवरी, 2026 तक गुंजूर, बेंगलुरु में होगी।

लद्दाख, जम्मू और कश्मीर, पुडुचेरी, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली और दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश हैं जो चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं। राज्यों के अलावा, कोल्हापुर, विदर्भ और मध्य भारत जैसे मान्यता प्राप्त खो खो संघों का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमें भी चैंपियनशिप में खिताब के लिए मुकाबला करेंगी, जो लीग-कम-नॉकआउट आधार पर होगी। सभी की निगाहें महाराष्ट्र पर होंगी, जिसने 25 से 29 नवम्बर, 2024 तक अलीगढ़, उत्तर प्रदेश में आयोजित 43वीं जूनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप लड़कों और लड़कियों दोनों श्रेणियों में खिताब जीता था। लड़कों और लड़कियों दोनों श्रेणियों में प्री-क्वार्टर फाइनल मैच सुबह और क्वार्टर फाइनल मैच दोपहर में 03 जनवरी को होंगे। 04 जनवरी को, सेमीफाइनल सुबह और उसके बाद फाइनल होंगे। लड़कों और लड़कियों दोनों टीमों को 8-8 समूहों में बांटा गया है। कर्नाटक राज्य खो खो संघ के अध्यक्ष श्री लोकेश्वरा ने कहा कि रेफरी के अलावा, तकनीकी अधिकारियों, कोचों और संघ के अधिकारियों सहित लगभग 25 अधिकारियों को चैंपियनशिप की तैयारियों और सुचारू संचालन के लिए तैनात किया गया है। खिलाड़ियों के रहने और खाने की व्यवस्था स्टेडियम के 3-4 किमी के दायरे में की गई है, और उनके आने-जाने के लिए 10 बसें लगाई गई हैं। चैंपियनशिप गुंजूर के अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा कि यह खो खो का एक फेस्टिवल है जिसमें देश भर के युवा टैलेंट टाइटल के लिए मुकाबला करते हैं। यह जूनियर टैलेंट के लिए अपने स्किल्स दिखाने का एक प्लेटफॉर्म भी है। टैलेंट की पहचान और उसे पहचानना खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि हम पूरी लगन से खो खो को एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स और ओलंपिक्स में शामिल करने का लक्ष्य रखते हैं। भारत 9-14 मार्च, 2026 तक पहली कॉमनवेल्थ खो खो चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा, जबकि 58वीं सीनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप (पुरुष और महिला) 2025-26 11-15 जनवरी, 2026 तक काजीपेट, तेलंगाना में और 35वीं सब-जूनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप (लड़के और लड़कियां) 2025-26 कुरुक्षेत्र, हरियाणा में 31 जनवरी 2026 से 4 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### महाराष्ट्र ने सिक्किम को आठ विकेट से हराया

**जयपुर, वार्ता।** प्लेयर ऑफ द मैच राजवर्धन हंगारगेकर (21 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी से महाराष्ट्र ने सिक्किम को विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मैच में शुक्रवार को 192 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। महाराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए सिक्किम को 150 रन पर ढेर करने के बाद 18 ओवर में दो विकेट पर 153 रन बनाकर मुक़ाबला जीत लिया। महाराष्ट्र की तरफ से पृथ्वी शॉ ने 51, अर्शिन कुलकर्णी ने 40 और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने नाबाद 38 रन बनाए। सिक्किम की पारी में हंगारगेकर के चार विकेट के अलावा रामकृष्ण घोष ने तीन विकेट लिए।

### सूर्या, श्रुति, टॉप दो सीड को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचीं

**विजयवाड़ा, वार्ता।** लोकल पसंदीदा सूर्या करिश्मा तामिरी और अनुभवी श्रुति मुंडाडा ने शुक्रवार को यहां सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए सीधे गेम में टॉप दो सीड को हराया। सूर्या करिश्मा टॉप सीड उन्नति हुड्डा के लिए बहुत मजबूत साबित हुईं, उन्होंने अपना क्वार्टर फाइनल सिर्फ 36 मिनट में 21-12, 21-15 से जीता, जबकि श्रुति ने दूसरी सीड और पूर्व नेशनल चैंपियन अनुपमा उपाध्याय को 39 मिनट में 22-20, 21-12 से हराया। सेमीफाइनल में, सूर्या करिश्मा का सामना रक्षिता श्री से होगा, जब 18 साल की खिलाड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट तन्वी शर्मा को 16-21, 21-14, 21-18 से हराया। पुरुषों के सिंगल्स कैटेगरी में, टॉप सीड किरण जॉर्ज को 11वीं सीड रौनक की चुनौती से पार पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी, उन्होंने 41 मिनट में 21-18, 21-18 से जीत हासिल की। अब उनका सामना 2024 ओडिशा ओपन चैंपियन ऋत्विक से होगा।

### युवराज संधू दूसरे राउंड में शानदार 64 के स्कोर के साथ टॉप पर पहुंचे

**जमशेदपुर, वार्ता।** युवराज संधू जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में खेले जा रहे 2 करोड़ रुपये के टाटा ओपन 2025 और पीजीटीआई के सीजन-फिनाले के दूसरे राउंड में अपने शानदार आठ-अंडर 64 के स्कोर की बदौलत लीडरबोर्ड में टॉप पर पहुंच गए हैं। युवराज (67-64), जिन्होंने शुक्रवार को बेल्डीह में खेला था, ने हाफवे स्टेज पर कुल 11-अंडर 131 का स्कोर बनाया और तीन शॉट की बढ़त के साथ अपने पिछले रात के आठवें स्थान से सात स्थान ऊपर आ गए। युवराज, जिन्होंने इस साल पीजीटीआई पर छह बार जीत हासिल की है, पहले ही 2025 पीजीटीआईऑर्डर ऑफ मेरिट का ताज जीत चुके हैं और इस तरह अगले साल के लिए डीपी वर्ल्ड टूर में अपनी जगह पक्की कर ली है।

# विराट-पंत की फिफ्टी, दिल्ली ने बनाए 252 रन



● **दिल्ली ने गुजरात के खिलाफ ट्रॉफी में एलीट ग्रुप डी मैच में शुक्रवार को 254 रन बनाए**

**बेंगलुरु, वार्ता।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (77) के लगातार दूसरे अर्द्धशतक और कप्तान ऋषभ पंत (70) की शानदार पारियों की बदौलत दिल्ली ने गुजरात के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी में एलीट ग्रुप डी मैच में शुक्रवार को 50 ओवर में नौ विकेट पर 254 रन का स्कोर बना लिया।

पिछले मैच में शतक जड़ने वाले विराट ने इस मुकाबले में अपनी फॉर्म जारी रखते 61 गेंदों में 13 चौकों और एक छक्के की मदद से 77 रन बनाए जबकि पंत ने 79 गेंदों पर 70 रन में आठ चौके और दो छक्के लगाए।

हर्ष त्यागी ने 40 और सिम. रजीत सिंह ने नाबाद 15 रन का योगदान दिया। गुजरात की तरफ से विशाल जायसवाल ने 42 रन देकर सर्वाधिक चार विकेट लिए।



## रोहित शून्य पर लुढ़के, लेकिन मुंबई ने उत्तराखंड को 51 रन से हराया

**जयपुर, वार्ता।** स्टार बल्लेबाज और पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा विजय हजारे ट्रॉफी में एलीट ग्रुप सी मैच में उत्तराखंड के खिलाफ शुक्रवार को शून्य पर लुढ्क गए लेकिन मुंबई ने उत्तराखंड को 51 रन से हरा दिया। मुंबई ने सात विकेट पर 331 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद उत्तराखंड को नौ विकेट पर 280 रन पर रोक दिया।

उत्तराखंड की तरफ से ओपनर युवराज चौधरी ने 96 रन की शानदार पारी खेली। इससे पहले पिछले मैच के शतकधारी रोहित को देवेंद्र सिंह बोरा ने आउट किया। लेकिन मुशीर खान (55), सरफराज खान (55) और प्लेयर ऑफ द मैच हार्दिक तामोरे ने नाबाद 93 रन का योगदान देकर मुंबई को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। शम्स मुलानी ने 48 रन बनाए। उत्तराखंड की तरफ से बोरा 74 रन पर तीन विकेट लेकर सबसे सफल रहे।

# रिंकू ने 56 गेंदों में जड़ा शतक

● **रिंकू सिंह की तूफानी पारी की बदौलत यूपी ने चंडीगढ़ को 227 रनों से दी मात**



**राजकोट, वार्ता।** टी-20 विश्व कप से पहले उत्तर प्रदेश के स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह ने विजय हजारे ट्रॉफी में एलीट ग्रुप बी मैच में चंडीगढ़ के खिलाफ तूफानी बल्लेबाजी करते हुए शानदार शतक जड़ा।

रिंकू ने महज 60 गेंदों पर नाबाद 106 रन बनाकर अपनी टीम को विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप बी मुकाबले में 4 विकेट के नुकसान पर 367 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया जिसके जवाब में चंडीगढ़ की टीम 29.3 ओवर में 140 रन पर लुढ़क गई। यूपी की तरफ से जीशान अंसारी ने 29 रन देकर चार विकेट लिए। आर्यन जुयाल को उनकी 134 रन की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इससे पहले रिंकू ने चौकों और छक्कों की बारिश करते हुए 11 चौके और 4 गगनचुंबी छक्के लगाए। रिंकू के अलावा आर्यन जुयाल ने भी शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने 118 गेंदों पर 134 रन की तेज पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 8 छक्के शामिल रहे। वहीं, ध्रुव जुरेल ने भी अहम योगदान देते हुए 57 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 67 रन बनाए। इसके अलावा समीर रिजवी ने 36 रन जोड़े, जबकि प्रशांत वीर 12 रन बनाकर नाबाद रहे। चंडीगढ़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। उत्तर प्रदेश की शुरुआत हालांकि खराब रही और महज 2-1 ओवर में सलामी बल्लेबाज अभिषेक गोस्वामी एक रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद आर्यन जुयाल और ध्रुव जुरेल ने पारी को संभालते हुए दूसरे विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी की और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश ने इससे पहले हैदराबाद को हराकर टूर्नामेंट में शानदार आगाज किया था।

# ब्रजेश पाठक ने पीएम को दिया नेशनल बॉलीबॉल चैंपियनशिप का निमंत्रण

● **ब्रजेश पाठक ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि पीएम से आत्मीय भेंट कर स्नेहिल सानिध्य और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ**

**लखनऊ/दिल्ली, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें चार से 11 जनवरी तक वाराणसी में आयोजित होने वाली नेशनल बॉलीबॉल चैंपियनशिप में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी भी मौजूद रहे। मुलाकात के बाद ब्रजेश पाठक ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री से आत्मीय भेंट कर स्नेहिल सानिध्य और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ तथा उनके बहुमूल्य समय के लिए आभार व्यक्त किया। इस मुलाकात को राजनीतिक नजरिए से भी अहम माना जा रहा है। हाल ही में लखनऊ में भाजपा के ब्राह्मण विधायकों की बैठक के बाद प्रदेश की राजनीति में चर्चाएं तेज हैं। 23 दिसम्बर 2025 को कुशीनगर से भाजपा विधायक पीएन के आवास पर हुई इस बैठक में करीब 40-50 ब्राह्मण विधायक और एमएलसी शामिल हुए थे। बैठक में ब्राह्मण समाज की घटती राजनीतिक भागीदारी, जातिगत संतुलन और विभिन्न सामुदायिक मुद्दों पर मंथन किया गया। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में कुल 52 ब्राह्मण विधायक हैं, जिनमें से 46 भारतीय जनता पार्टी से हैं। ऐसे में पाठक की पीएम से यह मुलाकात खेल आयोजन के निमंत्रण के साथ-साथ सियासी दृष्टि से भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# टी-20 वर्ल्ड कप 2026 ट्रॉफी टूर ने डीपी वर्ल्ड के साथ कतर-ओमान का दौरा किया

**कतर में, ट्रॉफी एक पारंपरिक धो नाव से दोहा कॉर्निश पहुंची, जो शहर के स्काईलाइन के सामने थी**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत में राम सेतु के नाम से मशहूर, सांस्कृतिक रूप से पूजनीय एडम ब्रिज पर अपने शानदार लॉन्च के बाद, डीपी वर्ल्ड के साथ आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 ट्रॉफी टूर ने कतर और ओमान में अपना सफर सफलतापूर्वक पूरा किया। इस दौरान दोनों देशों के प्रमुख शहरों और मशहूर जगहों पर फैंस, छात्रों और समुदायों को शामिल किया गया। कतर में, ट्रॉफी एक पारंपरिक धो नाव से दोहा कॉर्निश पहुंची, जो शहर के स्काईलाइन के सामने थी। यह दोहा की समृद्ध विरासत और ग्लोबल खेल में उसकी बढ़ती भूमिका का प्रतीक था। देश भर की अपनी यात्रा के दौरान, ट्रॉफी ने कतर के कई सबसे मशहूर जगहों का दौरा किया, जिनमें सीलाइन बीच, एस्पायर जोन (जिसे दोहा स्पोर्ट्स सिटी के नाम से भी जाना जाता है), कटारा कल्चरल विलेज, सूक वकीफ और लुसैल बुलेवार्ड शामिल हैं। इन पड़ावों ने फैंस को ट्रॉफी के साथ जुड़ने का मौका दिया, साथ ही कतर की विरासत और आधुनिक विकास के मेल को भी दिखाया। इस टूर का मुख्य फोकस सामुदायिक जुड़ाव पर था। ट्रॉफी को एक केंद्रीय सार्वजनिक सभा स्थल पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय खिलाड़ी, दूतावास और सामुदायिक नेता मौजूद थे, जिससे फैंस को ऑन-ग्राउंड एक्टिवेशन और फोटो के अवसरों के माध्यम से जुड़ने का मौका मिला। यह टूर स्कूलों और विश्वविद्यालयों तक भी पहुंचा, जिसमें बिरला पब्लिक स्कूल, यूडीएसटी यूनिवर्सिटी और कतर फाउंडेशन शामिल हैं, जिससे हजारों छात्र जुड़े और खेल के माध्यम से समावेशिता को बढ़ावा मिला। कतर फाउंडेशन में विशेष बातचीत में समावेशी पहलों पर प्रकाश डाला गया, जिसमें ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के साथ जुड़ाव भी शामिल था। देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कार्यबल को सम्मान देने के लिए, एशियन टाउन में एक विशेष एक्टिवेशन आयोजित किया गया, जिसमें दक्षिण एशियाई समुदाय और क्रिकेट के प्रति उनके प्यार का जश्न मनाया गया। कतर का सफर रेगिस्तान में सूर्यास्त के समय ट्रॉफी के प्रदर्शन के साथ समाप्त हुआ, जो देश में टूर के एक यादगार अध्याय के अंत का प्रतीक था। कतर के बाद, ट्रॉफी ओमान पहुंची, जहां इसने खेल स्थलों, सांस्कृतिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों का दौरा किया। प्रमुख पड़ावों में मुत्तरा किला, सुल्तान कबूस ग्रैंड मस्जिद, रॉयल ओपेरा हाउस मस्कट, ओमान अक्रॉस एजेस म्यूजियम, जबल अख्दर व्यूप्वाइंट और कुरम बीच शामिल थे, जो फैंस के साथ बातचीत और मीडिया जुड़ाव के लिए सुंदर पृष्ठभूमि प्रदान करते थे। इस टूर का फोकस इंडियन स्कूल मस्कट और इंडियन स्कूल अल वादी अल कबीर जाकर युवाओं और फैंस को जोड़ने पर था, जिससे स्टूडेंट्स को ट्रॉफी को करीब से देखने का मौका मिला।

# नोएडा निजास ने कानपुर वॉरियर्स को मात दी

**नोएडा, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 21 ए स्थित नोएडा इनडोर स्टेडियम में देर रात गुरुवार को यूपी कबड्डी लीग सीजन दो प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

अकस्मात शुरू हुए देर रात कबड्डी प्रतियोगिता का पहला मुकाबला नोएडा निजास और कानपुर वारियर्स के बीच हुआ जहां नोएडा निजास ने कानपुर वारियर्स के 39-36 से मात देकर जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग सीजन दो प्रतियोगिता के आयोजकों द्वारा शुक्रवार को जानकारी दी गई कि उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग सीजन दो प्रतियोगिता की शुरुआत गत बुधवार को होना था, जिसके लिए आयोजकों द्वारा जिला प्रशासन एवं खेल संबंधी प्रशासन से अनुमति में देरी होने के चलते ए समस्या सामने आई जिस कारण जिला प्रशासन द्वारा बढ़ते प्रदूषण के स्तर पर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान चतुर्थ के अंतर्गत पाबंदियों अथवा निर्देशों का हवाला देते हुए कबड्डी खेल आयोजन को स्थगित कर दिया गया था, जो 24 दिसम्बर तय तारीख के मुताबिक आयोजित नहीं की जा सकी, अथवा कुछ समय पश्चात जिला प्रशासन के जारी निर्देशों के अनुपालन के तहत कबड्डी खेल परिसर में एयर प्यूरिफायर और मास्क लगाने की अनिवार्य शर्त पर आयोजन के लिए मंजूरी दे दी गई।

# रेलवे स्टेशन पर आत्महत्या का प्रयास कर रहे युवक की आरपीएफ के जवानों ने बचाई जान



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर बीती देर रात एक बड़ा हादसा टल गया, जब एक युवक ने रेलवे ट्रैक पर लेटकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। युवक के ट्रैक पर लेटे होने की जानकारी मिलते ही स्टेशन परिसर में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने शोर मचाकर रेलवे प्रशासन को सूचना दी।इसी दौरान उसी ट्रैक पर एक मालगाड़ी आ रही थी। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए मौके पर मौजूद रेलवे कर्मचारियों और यात्रियों ने तुरंत संकेत दिए, जिसके बाद मालगाड़ी को समय रहते रोक दिया गया। सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान तत्काल मौके पर पहुंचे और बिना देर किए साहसिक कार्रवाई शुरू की।आरपीएफ के जवानों ने मालगाड़ी के नीचे फंसे युवक को सुरक्षित तरीके से बाहर निकाला और रेलवे ट्रैक से हटाया। युवक उस समय घायल अवस्था में था।

प्राथमिक जांच में उसके शरीर पर चोट के निशान पाए गए। आरपीएफ द्वारा तुरंत एंबुलेंस बुलाकर युवक को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार घटना देर रात की है और युवक की पहचान तथा आत्महत्या के प्रयास के कारणों की जांच की जा रही है।

प्रारंभिक तौर पर युवक मानसिक तनाव में बताया जा रहा है, हालांकि पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।आरपीएफ की त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ के चलते एक बड़ा हादसा टल गया और एक युवक की जान बच सकी। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों और स्थानीय लोगों ने आरपीएफ जवानों की सराहना करते हुए उनके साहस और कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की।

# अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ने दिया ज्ञापन



**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन (यूपीएमई आरए), मुरादाबाद इकाई के सदस्यों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। संगठन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से केंद्र सरकार से मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग की।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से हाल ही में लागू की गई चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने की मांग की गई। संगठन का कहना है कि इन सर्ि. हताओं से कर्मचारियों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। इसके अलावा निश्चित अवधि का रोजगार, वेतन कटौती में कमी, समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने, मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स को "मिट्टी संवर्धन कर्मचारी (सेवा की शर्तें) अधिनियम 1976" के अंतर्गत पूर्ण संरक्षण देने की मांग उठाई गई।संगठन ने बोनस अधिनियम, कर्मचारी भविष्य निधि एवं विवाद अधिनियम को प्रभावी रूप से लागू करने, न्यूनतम वेतन 26,910 रुपये निर्धारित करने तथा दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर शून्य जीएसटी लागू करने की भी मांग की।

पदाधिकारियों ने कहा कि महंगाई के इस दौर में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स का शोषण बढ़ रहा है, जिसे रोका जाना आवश्यक है।इस अवसर पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय नारंग, मुरादाबाद इकाई के अध्यक्ष विपिन कुमार सहित दुर्गेश, शिवम शर्मा, यूसुफ, लुकमान, यश, विशाल, अजय कुमार, गोपाल, रवि,, राहुल सैनी, अक्षत शर्मा समेत कई सदस्य उपस्थित रहे। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

# कुंदरकी में ग्राम चौपाल का आयोजन, विकसित भारत जी राम जी पर की चर्चा




**कुंदरकी।** विकासखंड कुंद. रकी की ग्राम पंचायत भैसोड़ में शासन के निर्देशों के क्रम में ग्राम चौपाल एवं ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने मनरेगा के स्थान पर लागू की जा रही विकसित भारत जी राम जी से संबंधित योजना के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। ग्राम चौपाल के दौरान ग्रामीणों की शिकायतें सुनी गईं और कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

बैठक में सहायक विकासखंड अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम सचिव, ग्राम प्रधान सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी।

# भागवत कथा में सुदामा चरित्र का प्रसंग सुन श्रोता हुए भाव विभोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन स्वामी नरेन्द्रानन्द सरस्वती ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा



सुदामा जी पूर्वकाल के भृगु ऋषि के पुत्र थे। एक बार देवताओं में यह बात चली थी कि त्रिदेवों में अधिक धैर्य किसमें है। और उन्होंने ब्रह्मा जी की परीक्षा ली, शिव जी की भी परीक्षा ली तो वे दोनों ही क्रोधित हो गए। तब भृगु ऋषि ने कहा कि मैं भगवान विष्णु के धैर्य की परीक्षा लूँगा। तभी उनकी साधना का समय हो गया और वह अपनी पत्नी से यह कहने लगे कि मैं साधना में जा रहा हूँ, मेरे पीछे जो भी अतिथि आए तुम उनकी सेवा का ध्यान रखना। कोई भी आश्रम से असंतुष्ट होकर न जाये। तभी देव-असुर संग्राम हुआ जिसमें असुरों ने देवताओं को परास्त कर दिया। तब देवता भगवान विष्णु के समीप गए और उन्होंने कहा कि हे हरी हमारी सहायता करें। तब देवताओं की सहायता के लिए भगवान विष्णु चले। तब वे असुरों को खदेड़कर भगा रहे थे। असुर भागकर भृगु ऋषि के आश्रम में आ गए और भृगु पत्नी से कहने लगे कि हमारा शत्रु हमारे पीछे पड़ा है आप हमारी सहायता करें। तो भृगु पत्नी ने यह निश्चित करते हुए कहा कि तुम यहाँ सुरक्षित रहो परन्तु भगवान विष्णु सुदर्शन चक्र लिये हुए वहाँ पर पहुँच गये और उन्होंने भृगु पत्नी से कहा कि मेरा मार्ग छोड़ दो। भृगु पत्नी ने कहा कि हे विष्णु इन असुरों को मारने के लिए पहले मेरा वध करना होगा। तब भगवान विष्णु ने तीन बार निवेदन करके उनसे हटने के लिए कहा परन्तु जब वह नहीं हटीं तब भगवान ने सुदर्शन चक्र चला दिया और भृगु पत्नी का शीश कट गया और असुर भी मारे गये। भृगु ऋषि जब साधना से लौटे तब उन्होंने देखा कि मेरी पत्नी और असुर मरे पड़े हैं तो उन्होंने ज्ञानमयी विद्या से अपनी पत्नी के शीश को जोड़कर जीवित कर दिया। फिर उन्होंने अपनी पत्नी से पूछा कि तुम्हें किसने मारा तब उनकी पत्नी ने कहा कि मुझे भगवान विष्णु ने मारा। यह सुनते ही भृगु क्रोधित हो गए और वैकुंठ चले गये और क्रोध में भरकर भगवान विष्णु की छाती पर चरण का प्रहार कर दिया। श्री हरि तो कुछ नहीं बोले परन्तु लक्ष्मी जी ने क्रोध में भरकर उन्हें यह अभिशाप दे दिया कि तुम सात जन्मों तक दरिद्र रहोगे और भगवान विष्णु के चरणों में आने पर ही मेरा अभिशाप हटेगा। इसके बाद भृगु मुक्त हुए। तब भगवान विष्णु के चरणों में जाकर अभिशाप हटने पर तुम्हारी दरिद्रता दूर होगी। तब सुदामा जी आये तब श्री कृष्ण के चरणों में आने पर उनकी दरिद्रता दूर हुई।

यजमान संजीव गुप्ता सर्राफ, समिति के संजीव गुप्ता, पंकज चौहान, दीपक गुप्ता, आकाश गुप्ता ,नितिन गुप्ता कुलदीप गुप्ता, सुमित हलवाई कल्लू हलवाई ,शिखा गुप्ता, रुचि गुप्ता ,मोनिका गुप्ता, प्रीति गुप्ता आदि रहे।

## भोजपुर में दबंगों ने बाप-बेटे पर किया हमला

**भोजपुर।** गांव खानपुर में खेत की मेढ़ और उस पर खड़े पोपलर के पेड़ काटने का विरोध करने पर दबंगों ने बाप-बेटे को लाठी डंडों एवं फावड़े से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में गांव खानपुर निवासी हुकमी देवी ने कहा है कि गुरुवार को पति रामगोपाल और बेटा अतुल खेत पर गए थे। खेत की मेढ़ और उस पर लगे पोपलर के पेड़ों को पड़ोसी खेत स्वामी सूरज पाल अपने साथियों नरेश, रामभरोसे और नन्हें के साथ मिलकर काट रहे थे।

पति और बेटे ने उनसे पेड़ और मेढ़ काटने को मना किया तो गाली गलौज करने लगे। आरोपियों ने पिता-पुत्र पर डंडों और फावड़े से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।घ उपचार के लिए उन्हें निजी अस्पताल में लेकर गई तो चिकित्सकों ने पति की हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल को रेफर कर दिया। महिला के अनुसार पति की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बच्चों को रतौंधी से बचाने के लिए शुरू हुआ बच्चों को विटामिन ए पिलाने का अभियान, एक माह तक चलेगा

**बिलारी।** 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में विटामिन ए की कमी दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अभियान शुरू किया है जिसका शुभारंभ बृहस्पतिवार से हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी के क्षेत्र में पहले दिन 22 टीकाकरण सत्रों में ऐसे बच्चों को आशा आंगनबाड़ी के सहयोग से टीकाकरण केंद्र पर बुलाकर उनको विटामिन ए की खुराक दी गई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजपाल सिंह ने बताया कि यह अभियान 26 दिसंबर से 24 जनवरी तक चलेगा जो प्रत्येक टीकाकरण सत्र में यह कार्य किया जाएगा। सीएमएस ने बताया कि आंखों की कमजोरी और रतौंधी रोग से बचाव के लिए साल भर में दो बार यह अभियान चलाया जाता है।



## अपहरण का आरोपी गिरफ्तार, किशोरी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** पुलिस ने चार दिसंबर को अपहृत नाबालिग किशोरी को बरामद करने के साथ ही नामजद आरोपी मैनाठेर थाने के रयातपुर गांव निवासी मोहित को गिरफ्तार किया है। 21 दिसंबर को घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने किशोरी के मेडिकल परीक्षण कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इधर नारायनपुर देवा गांव के धर्मेंद्र और अंकित को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में शिवसेना का प्रदर्शन, पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचार, हत्याओं एवं देवी-देवताओं के अपमान की घटनाओं के विरोध में शुक्रवार को शिवसेना कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश सरकार का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

नगर में शिवसेना के कार्यकर्ता तहसील प्रमुख सोमपाल सिंह कश्यप के नेतृत्व में पुराने एसडीएम कार्यालय पर एकत्र हुए। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बीते कुछ समय से बांग्लादेश में हिंदुओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। मंदिरों में तोड़फोड़ देवी-देवताओं की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करना, हिंदू महिलाओं व युवकों पर हमले तथा हत्याओं की घटनाएं सामने आ रही हैं, जो अत्यंत निंदनीय हैं। इन घटनाओं से देशभर के हिंदू समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। प्रदर्शन के दौरान शिवस. ेना कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम प्रीति सिंह को






सौंपा। ज्ञापन में भारत सरकार से बांग्लादेश में हो रहे अत्याचारों पर कड़ा रुख अपनाने तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हस्तक्षेप करने की मांग की गई। साथ ही बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाकर वहां रह रहे अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की अपील की गई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार नहीं रुके तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। अंत में बांग्लादेश सरकार का प्रतीकात्मक पुतला फूंका गया। इस मौके पर भवानी सेना की तहसील प्रमुख मनीषा शर्मा, अमित शर्मा, राजकुमार सिंह, निखिल, आकाश कश्यप, कमल कश्यप, अमित कश्यप, रामू, मोहित सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कंपनी में निवेश के नाम पर व्यापारी से लाखों रुपये की साइबर ठगी

**ठाकुरद्वारा।** सीओ सर्किल ठाकुरद्वारा के अंतर्गत भगतपुर थाना क्षेत्र के रोशनपुर रोड स्थित इंडियन पार्क निवासी आस मोहम्मद मैसर्स पंजाब ट्रेडिंग कम्पनी के प्रोपराइटर हैं। आस मोहम्मद के अनुसार 25 अगस्त को एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें वॉट्सएप कॉल कर संपर्क किया। कॉल करने वाले ने खुद को निवेश से जुड़ा विशेषज्ञ बताते हुए उसकी कंपनी में पैसा लगाने पर कम समय में रकम दोगुनी करने का दावा किया। ज्यादा मुनाफे का लालच देकर आरोपी ने उनका भरोसा जीत लिया। तथा आरोपी की बातों में आकर आस मोहम्मद ने 26 अगस्त से 29 नवंबर के बीच अलग-अलग चरणों में कुल 33.92 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। रुपये डलवाने के लिए उन्हें कई बैंकों के खाते उपलब्ध कराए थे, जिनमें एयू बैंक, डीसीबी बैंक, एक्सिस बैंक, यूनियन बैंक समेत अन्य बैंक खाते शामिल थे। पीड़ित ने इन खातों में रकम भेजी।

कुछ समय बाद जब न तो किसी प्रकार का लाभ मिला और न ही आरा. ेपी से संपर्क हो पाया, तब पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। कॉल और संदेश बंद होने के बाद आस मोहम्मद ने मामले की जानकारी जुटाने की को. शिश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। साइबर पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। साइबर थाने की पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## राशन डीलर चयन में गलत प्रस्ताव का आरोप, तहसीलदार ने दिए जांच के आदेश

**ठाकुरद्वारा।** तहसील ठाकुरद्वारा के ब्लॉक डिलारी स्थित ग्राम पंचायत नाखूनका में राशन डीलर के चयन को लेकर गंभीर शिकायत सामने आई है। शिकायत के आधार पर तहसीलदार ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश पूर्ति निरीक्षक को दिए हैं। क्षेत्र के ग्राम नाखूनका की निशा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष रश्मि देवी ने तहसील प्रशासन को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि दो दिसंबर को गांव में राशन डीलर चयन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई थी। आरोप है कि बैठक में नियमों की अनदेखी करते हुए बालाजी स्वयं सहायता समूह को राशन डीलर बनाने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया, जो निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है। शिकायतकर्ता का कहना है कि निशा स्वयं सहायता समूह सभी आवश्यक पात्रताओं को पूरा करता है, इसके बावजूद गलत तरीके से दूसरे समूह का चयन कर लिया गया।

रश्मि देवी ने आरोप लगाया कि प्रस्ताव प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई। उन्होंने प्रशासन से गलत प्रस्ताव को निरस्त कर पुन: ग्राम सभा की बैठक बुलाकर नियमानुसार राशन डीलर का चयन कराने की मांग की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार ने पूर्ति निरीक्षक को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने और आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

## मंदिर से पैदल घर जा रहे वृद्ध को बाइक सवार ने पीछे से मारी टक्कर, गंभीर रूप से घायल

**ठाकुरद्वारा।** मंदिर से पूजा करके पैदल वापस घर रहे 62 वर्षीय व्यक्ति को ठाकुरद्वारा सुरजननगर मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिसमें वृद्ध गंभीर से घायल हो गए । घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उनकी हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला निवासी चौधरी कदम सिंह (62) पुत्र रामप्रसाद सिंह प्रति दिन सुबह को 5.00 बजे गांव में ठाकुरद्वारा सुरजननगर मार्ग स्थित शिव मंदिर पर पूजा अर्चना करने आते थे। शुक्रवार की सुबह शिव मंदिर से पूजा अर्चना कर आरती के बाद अपने घर पैदल रहे थे। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने चौधरी कदम सिंह को पीछे से टक्कर मार दी।

# वीर बाल दिवस के अंतर्गत वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



**कांठ( शाह टाइम्स )।** शासन द्वारा चलाए जा रहे वीर बाल दिवस के अंतर्गत महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ में राष्ट्र निर्माण में बच्चों की भूमिका व विकसित भारत के लिए मेरा दृष्टिकोण विषय के अंतर्गत वाद- विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र - छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करते हुए अपने-अपने विचार व्यक्त किये कक्षा 11 की छात्र प्रगुन चौहान, अवनी भारद्वाज और अनु कुमारी ने विकसित भारत के लिए मेरा दृष्टिकोण विषय पर बोलते हुए कहा कि राष्ट्र को 2047 तक विकसित बनाने के लिए मजबूत अर्थव्यवस्था, उच्च जीवन स्तर, बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, सामाजिक समानता और सुशासन हो जो आर्थिक सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता के साथ सभी नागरिकों के समावेशी विकास पर केंद्रित है।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह निशिकांत पाठक, सुन्दर सिंह आदि शिक्षक शिक्षकों के साथ-साथ सभी छात्राएं उपस्थित रहे।

# बजट के अभाव में पिछड़ गई जनपद की 96 ग्राम पंचायते

**कांठ (शाह टाइम्स)।** प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत जिले की 96 ग्राम पंचायतों को आदर्श गांव बनाने की तैयारी तो वर्षों से चल रही है, लेकिन हकीकत यह है कि अधिकांश पंचायतों में विकास केवल कागजों तक सीमित है। योजना का मुख्य उद्देश्य दलित बहुल गांवों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ कर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है, मगर बजट न मिलने के कारण यह महत्वाकांक्षी योजना जमीन पर उत्तर ही नहीं पा रही है। जब तक बजट जारी नहीं होता, तब तक 'प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना' जिले में एक और अधूरी सरकारी घोषणा बनी हुई है।समाज कल्याण विभाग के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020 से 2022 के बीच जिले की 44 ग्राम पंचायतों का चयन 'प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना' किया गया था। इसके बाद 2022-23 में 35 और पंचायतों को योजना में शामिल किया गया, लेकिन धनराशि जारी न होने के कारण इन गांवों में आज तक कोई ठोस विकास कार्य शुरू नहीं हो सका। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 17 नई ग्राम पंचायतों का चयन कर लिया गया। इस तरह कुल 96 पंचायतें आदर्श गांव की सूची में शामिल हो चुकी हैं, लेकिन किसी भी स्तर पर यह स्पष्ट नहीं है कि इन्हें बजट कब मिलेगा। योजना के तहत प्रत्येक चयनित ग्राम पंचायत को 20-20 लाख रुपये दिए जाने का प्रविधान है।

इस धनराशि से गांवों में सड़क निर्माण, नाली व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सामुदायिक भवन, शौचालय, स्ट्रीट लाइट और साफ-सफाई जैसे कार्य कराए जाने हैं। लेकिन, बजट के अभाव में ये सभी दावे खोखले साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों पहले उनके गांव को आदर्श गांव घोषित किया गया था, लेकिन आज भी कच्ची सड़कें, जलभराव, गंदगी और पीने के पानी की समस्या जस की तस है। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि चयन के बाद न तो कोई समीक्षा होती है और न ही विभागीय स्तर पर कोई समयसीमा तय की जाती है। अधिकारी भी बजट का हवाला देकर जिम्मेदारी से बचते नजर आते हैं। दिलचस्प बात यह है कि चालू वित्तीय वर्ष में भी 17 नए गांवों का चयन कर लिया गया, जबकि पुराने चयनित गांव आज तक पहली किश्त का इंतजार कर रहे हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुड़ी जैन ने बताया कि कि चयनित ग्राम पंचायतों के लिए बजट आवंटन को लेकर शासन स्तर पर लगातार पत्राचार किया जा रहा है।



# देर से उठाया कदम

आखिरकार भारत ने बांग्लादेश के प्रति अपना रुख सख्त कर दिया है, लेकिन देर हो चुकी है। जब दीपू दास की हत्या हुई थी, उसी समय भारत की प्रतिक्रिया आनी चाहिए थी, लेकिन अब तक चार अल्पसंख्यकों की हत्या के बाद भारत की प्रतिक्रिया सामने आई है, जिसे देर से उठाया जा रहा कदम बताया जा रहा है। किसी भी देश में वहां के नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी वहां की सरकार की होती है, लेकिन भारत ने इस पर कोई कदम नहीं उठाया था। दीपू दास की हत्या के बाद भारत में प्रदर्शन हुए, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजे गए, तब कहीं जाकर भारत सरकार ने अपना मुंह खोला है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा, एचवन बी वीजा, ऑस्ट्रेलिया टेरर अटैक और कनाडा में भारतीय छांत्र की मौत मामले पर प्रतिक्रिया दी। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के मामले को लेकर मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल का कहना है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ जो हो रहा है वो चिंता का विषय है। हम बांग्लादेश में हाल ही में एक हिंदू युवक की हत्या की निंदा करते हैं। इस अपराध के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। भारत का हमेशा यह ध्येय रहा है कि पड़ोसी देशों से संबंध अच्छे रहे, लेकिन यूनुस सरकार ने इन संबंधों पर पानी फेर दिया। भारत बांग्लादेश के लोगों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने के पक्ष में है। बांग्लादेश में शांति और स्थिरता चाहता हैं। सरकार को देश के नागरिकों से कई शिकायतें मिली हैं, जिन्हें अपने वीजा अपाइंटमेंट को रीशेड्यूल करने में दिक्कतें आ रही हैं। वीजा से जुड़े मुद्दे किसी भी देश के संप्रभु अधिकार क्षेत्र में आते हैं। इन मुद्दों और अपनी चिंताओं को भारत ने अमेरिकी पक्ष के सामने उठाया है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को बांग्लादेश में भीड़ ने जबरन वसूली के आरोप में अमृत मंडल नामक हिंदू शख्स को पीट-पीटकर मार डाला। इससे पहले मैमनसिंह के भालुका में कथित ईशनिंदा के आरोप में 25 साल के हिंदू गारमेंट फैक्ट्री वर्कर दीपू चंद्र दास की भी भीड़ ने हत्या कर दी थी,जिसको लेकर भारतभर में विरोध प्रदर्शन हुए थे। अब इस मामले में बालीवुड के अभिनेता और अभिनेत्रियां सामने आने लगे हैं। सभी ने बांग्लादेश में हुई हत्याओं की कड़ी निंदा की है और इसे नरसंहार का नाम दे डाला है।हम दुनिया के दूसरे छोर पर हो रही घटनाओं पर रोते रहेंगे, जबकि हमारे अपने भाई-बहन जलाकर मार दिए जा रहे हैं। किसी भी रूप में मौजूद उग्रवाद की निंदा और विरोध करना जरूरी है, इससे पहले कि हम अपनी इंसानियत को भूल जाएं।

## राहुल गांधी की गतिविधियों पर नजर



राहुल गांधी के विदेश दौरों के दौरान भारतीय दूतावास के अधिकारी उन पर नजर रखते हैं और कई बार विदेशी नेताओं से उन्हें न मिलने को कहा जाता है, मैने खुद देखा है कि राहुल गांधी के होटल, मीटिंग्स और एयरपोर्ट पर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है, हालांकि इसके सबूत नहीं हैं, लेकिन अनुभव के आधार पर यह बात कह रहा हूं, भाजपा के राहुल पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने के आरोप बेबुनियाद हैं , विदेश यात्राएं अचानक तय नहीं होतीं, बल्कि महीनों पहले से उनका कार्यक्रम बनता है, सच तो सच होता है, चाहे वह भारत में बोला जाए या विदेश में, डबल स्टैंडर्ड नहीं हो सकते, राहुल गांधी या कांग्रेस का किसी भी तरह के एंटी-इंडिया नेटवर्क से कोई संबंध नहीं है। सब बकवास है। -**सैम पित्रोदा, चेयरमैन, ओवरसीज कांग्रेस**


# देश को याद आ रहे आर्थिक संकट से उबारने वाले डा. मनमोहन सिंह

डॉ मनमोहन सिंह भारतीय राजनीति के ऐसे व्यक्तित्व रहे हैं जिनका नाम आते ही सादगी, ईमानदारी, विद्वता और दूरदर्शिता का भाव स्वतः मन में उभर आता है। वे केवल एक प्रधानमंत्री नहीं थे, बल्कि आधुनिक भारत की आर्थिक नींव को मजबूती देने वाले एक ऐसे शिल्पकार थे जिनकी सोच, निर्णय और कार्यशैली ने देश की दिशा ही बदल दी। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि शांत स्वभाव, गहरी समझ और निस्वार्थ भावना के साथ भी कोई व्यक्ति देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है।

डॉ. मनमोहन सिंह का जन्म 26 सितम्बर 1932 को तत्कालीन अविभाजित भारत के गाह (अब पाकिस्तान में) नामक गांव में हुआ था। विभाजन के समय उन्होंने अपने परिवार के साथ भारत आकर कठिन परिस्थितियों में जीवन की नई शुरुआत की। बचपन से ही वे अत्यंत मेधावी थे। पढ़ाई के प्रति उनकी लगन इतनी गहरी थी कि सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने शिक्षा को ही अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया। पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातक करने के बाद वे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय पहुंचे और फिर ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। यह अपने आप में एक असाधारण उपलब्धि थी, क्योंकि उस दौर में विदेश जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त करना आसान नहीं था।

शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने अध्यापन और शोध को अपना प्रारंभिक क्षेत्र बनाया। दिल्ली स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स और पंजाब विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में उन्होंने छात्रों को अर्थशास्त्र पढ़ाया। उनके व्याख्यानों में गहराई, तार्किकता और व्यावहारिक दृष्टिकोण साफ झलकता था। धीरे-धीरे उनकी पहचान एक गंभीर और विद्वान अर्थशास्त्री के रूप में बनने लगी। यही कारण था कि उन्हें भारत सरकार में आर्थिक मामलों से जुड़े कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करने का अवसर मिला।

डॉ. मनमोहन सिंह का प्रशासनिक जीवन बेहद प्रभावशाली रहा। वे भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर बने, योजना आयोग के उपाध्यक्ष रहे और बाद में प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार भी बने। इन सभी पदों पर रहते हुए उन्होंने हमेशा देशहित को सर्वोपरि रखा। वे निर्णय लेने से पहले गहराई से सोचते थे और किसी भी मुद्दे को भावनाओं के बजाय तथ्यों और आंकड़ों के आधार पर परखते थे। उनकी यही विशेषता उन्हें एक असाधारण नीति-निर्माता बनाती है। साल 1991 भारत के इतिहास का एक निर्णायक मोड़ था। देश गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार लगभग समाप्त हो चुका था, महंगाई बढ़ रही थी और आर्थिक व्यवस्था चरमराने लगी थी। ऐसे समय में प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने डॉ. मनमोहन सिंह को वित्त मंत्री नियुक्त किया। यह एक साहसिक निर्णय था, क्योंकि वे राजनीति में सक्रिय नहीं थे, लेकिन उनकी काबिलियत पर पूरा देश भरोसा करता था।




वित्त मंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह ने जो ऐतिहासिक फैसले लिए, उन्होंने भारत की आर्थिक तस्वीर ही बदल दी। उन्होंने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीति को अपनाया, जिसे आमतौर पर एलपीजी सुधार कहा जाता है। लाइसेंस राज की समाप्ति, विदेशी निवेश को बढ़ावा, उद्योगों को स्वतंत्रता, आयात-निर्यात में सरलता और बैंकिंग सुधार जैसे कदमों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति दी। यह वही दौर था जब भारत विश्व अर्थव्यवस्था से मजबूती से जुड़ना शुरू हुआ। आज जो भारत एक उभरती हुई आर्थिक शक्ति के रूप में देखा जाता है, उसकी नींव उसी समय रखी गई थी। साल 2004 में डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री बने। यह अपने आप में एक ऐतिहासिक क्षण था, क्योंकि वे स्वतंत्र भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे जो सीधे तौर पर राजनीति की पारंपरिक पृष्ठभूमि से नहीं आए थे। उन्होंने कभी आक्रामक भाषण नहीं दिए, न ही वे दिखावे में विश्वास रखते थे।

उनकी ताकत उनके काम, उनकी ईमानदारी और उनकी दूरदृष्टि थी। प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल को विकास, स्थिरता और सामाजिक कल्याण के लिए जाना जाता है। उनके नेतृत्व में भारत ने आर्थिक मोर्चे पर उल्लेखनीय प्रगति की। देश की विकास दर तेज हुई, विदेशी निवेश बढ़ा और भारत को वैश्विक मंच पर एक जिम्मेदार और भरोसेमंद राष्ट्र के रूप में पहचान मिली। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में बड़े सुधार किए। उनकी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में मनरेगा योजना मानी जाती है, जिसने ग्रामीण भारत को रोजगार की गारंटी दी। इस योजना ने करोड़ों गरीब परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की और गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया। शिक्षा के क्षेत्र में सर्व शिक्षा अभियान और शिक्षा का अधिकार कानून जैसे कदमों ने देश के भविष्य को मजबूत आधार दिया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन ने दूर-दराज के इलाकों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाईं। विदेश नीति के क्षेत्र में भी डॉ. मनमोहन सिंह का योगदान उल्लेखनीय रहा। उन्होंने अमेरिका के साथ परमाणु समझौता कर भारत को वैश्विक परमाणु शक्ति के रूप में मान्यता दिलाई। यह समझौता भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण था। इसके अलावा उन्होंने पड़ोसी देशों के साथ संबंध सुधारने, व्यापार बढ़ाने और शांति बनाए रखने पर भी जोर दिया। वे हमेशा संवाद और सहयोग के पक्षधर रहे। डॉ. मनमोहन सिंह की सबसे बड़ी विशेषता उनकी ईमानदारी थी। राजनीति में रहते हुए भी उनके ऊपर कभी व्यक्तिगत भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं लगा। वे एक साधारण जीवन जीते थे, सादे कपड़े पहनते थे और बिना किसी दिखावे के अपना कार्य करते थे। सत्ता में रहते हुए भी उन्होंने कभी अपनी मर्यादा नहीं छोड़ी। वे आलोचनाओं से विचलित नहीं होते थे और चुपचाप अपना काम करते रहते थे। उनके आलोचक भी इस बात से इंकार नहीं कर सकते कि वे एक सच्चे राष्ट्रभक्त और विद्वान नेता थे। उनका जीवन और कार्य आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा और भारतीय इतिहास में उनका स्थान सदैव सम्मान के साथ सुरक्षित रहेगा। **-मौ. इमरान**

# भयंकर तेजी से क्यों पिघल रहे ग्लेशियर

**ग्लेशियरों का कम होना बढ़ते वैश्विक तापमान के सबसे भयावह परिणामों में से एक है । ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्र तल में वृद्धि होती है जिससे तटीय क्षरण बढ़ता है । इसके साथ ही साथ उग्र तटीय तूफान पैदा होते रहते हैं क्योंकि समुद्री तापमान में वृद्धि होती है और गर्म हवाएं बहुत तेज रफ्तार से चलती हैं, जिससे समुद्री बर्फ और ग्लेशियर पिघलते हैं और महासागर गर्म होते हैं । समुद्र की धाराएं दुनिया भर में मौसम व समुद्री जीव-जंतुओं को प्रभावित करती हैं । ग्लेशियरों के पिघलने से जैव विविधता को नुकसान पहुंचता है और जीव-जंतुओं की दुर्लभ प्रजातियां खत्म होने लगती हैं । इसके अलावा ग्लेशियरों के पिघलने से दीर्घावधि में ताजे पानी की मात्रा में कमी आ सकती है । साथ ही समुद्र के किनारे बसे शहरों के जलमग्न होने का खतरा भी है ।**

पृथ्वी पर करीब 2 लाख ग्लेशियर (हिमनद) हैं, किंतु अब ग्लोबल वार्मिंग एवं बढ़ते प्रदूषण के कारण दुनिया भर के ग्लेशियरों का पिघलना तेजी से बढ़ रहा है। पॉट्सडैम इंस्टिट्यूट फॉर क्लाइमेट चेंज इंपैक्ट में जलवायु प्रोफेसर का कहना है कि पिछले 100 सालों में दुनिया के समुद्र तल में 35 फीसदी इजाफा ग्लेशियरों के पिघलने की वजह से हुआ है।



जर्नल दी क्रायोस्फियर में प्रकाशित शोध के अनुसार बर्फ अब 65 प्रतिशत ज्यादा तेजी से पिघल रही है। 1994 से 2017 के बीच 28 लाख करोड़ टन बर्फ पिघल चुकी है। किलिमंजारो पहाड़ों की बर्फ 1912 के बाद से 80 प्रतिशत से अधिक पिघल गई है। भारत में गढ़वाल हिमालय में ग्लेशियर के तेजी से पिघलने के आधार पर वैज्ञानिकों का मानना है कि अधिकांश मध्य और पूर्वी हिमालय के ग्लेशियर 2035 तक गायब हो सकते हैं। कुछ समय पूर्व ही अंटार्कटिका में दुनिया का सबसे बड़ा हिमखंड 'ए-76' टूट कर अलग हुआ है। इसका कुल क्षेत्रफल 4320 वर्ग किलोमीटर है। यह हिमखंड अंटार्कटिका में मौजूद ग्लेशियर रोने आइस शेल्फ के पश्चिमी हिस्से से टूटकर वेडेल सागर में गिरा है।

शोधकर्ताओं के अनुसार तेजी से बर्फ पिघलने के कारण समुद्र का जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण पूरी दुनिया पर बड़ा संकट आ रहा है। ग्लेशियरों के पिघलने से दुनिया के उन लोगों पर असर पड़ेगा जिनके लिए ग्लेशियर ही पानी का प्रमुख स्रोत हैं। इससे अकेले दक्षिण-पूर्व एशिया में ही 70 करोड़ लोगों के जीवन पर असर पड़ेगा। हिमालय के ग्लेशियर आस-पास रहने वाले 25 करोड़ लोगों और ऐसी नदियों को पानी देते हैं जो करीब 1.65 अरब लोगों के लिए भोजन, ऊर्जा और कमाई का साधान है।

नेदरलैंड्स की डेल्फ्ट यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के हैरी जोकोलारी के अनुसार ज्यादातर लोग इस बात का महत्व नहीं समझते कि बर्फ की विशाल संरचनाएं कितनी जरूरी हैं। एक स्वस्थ ग्लेशियर गर्मी में थोड़ा पिघलता है और सर्दियों में और बड़ा बन जाता है। इसका मतलब है कि लोगों को जब पानी की ज्यादा जरूरत होती है तो उन्हें ग्लेशियर से पानी मिलता है। प्रमुख शोधकर्ता व लीड्स विश्वविद्यालय के प्रो. थॉमस स्लेटर का अनुमान है कि समुद्री जल स्तर में हर एक सेंटीमीटर की वृद्धि से करीब एक लाख लोग विस्थापित होंगे। इसके साथ ही प्राकृतवासों व वन्य जीवों पर भी खतरा है। हाल ही में विश्व मौसम विज्ञान संगठन की स्टेट ऑफ ग्लोबल क्लाइमेट रिपोर्ट 2020 से पता चला है कि 2020 इतिहास का सबसे गर्म वर्ष था। नेशनल ओशिएनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) के नेशनल सेंटर फॉर एनवायर्नमेंटल इंफॉर्मेशन (एनसीईआई) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021 इतिहास का छठा सबसे गर्म वर्ष था। रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष तापमान 20वीं सदी के औसत तापमान से 0.84 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया था। स्पष्ट है पृथ्वी अब तेजी से गर्म होती जा रही है जिसका असर ग्लेशियरों पर हो रहा है। आईपीसीसी की रिपोर्ट में बताया गया है कि यदि हम ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को रोकने में सफल हो जाएं और दुनिया के तापमान में बढ़त को उद्योग-पूर्व स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक पर सीमित कर दिया जाए तब भी एशिया के ऊंचे पर्वतों के ग्लेशियर अपनी एक तिहाई बर्फ खो सकते हैं। पहाड़ों के ऊपर उड़ने वाली धूल तेजी से बर्फ को पिघला रही है, क्योंकि धूल में सूरज की रोशनी अवशोषित हो जाती है जिसकी वजह से बढ़ी गर्मी के कारण बर्फ पिघलने लगती है।


**(स्रोत फीचर्स)**

# नर्वस सिस्टम में धीरे-धीरे बढ़ता है पर्किंसन रोग

पर्किंसन रोग नर्वस सिस्टम में धीरे-धीरे बढ़ता एक डिसऑर्डर है जिससे पूरे शरीर की गतिविधि प्रभावित होती है। शुरू में धीरे-धीरे इसके बढ़ते रहने के कारण आमतौर पर इसके कोई लक्षण नजर नहीं आते हैं या बमुश्किल किसी हाथ में कंपकंपी महसूस होती है। आम तौर पर हाथों में कंपकंपी से ही पर्किंसन की मौजूदगी की पुष्टि हो जाती है, लेकिन इसके साथ ही जकडन या शारीरिक गतिविधियों में धीमापन या अति संवेदनशीलता जैसे लक्षण भी प्रकट हो सकते हैं। शुरुआती चरणों में चेहरे पर शायद कोई लक्षण न दिखे या टहलते समय बाजुओं में कोई झटका महसूस न हो सके, लेकिन जुबान धीमी या अस्पष्ट हो सकती है और रोग बढने के साथ ही ये लक्षण बदतर होने लगते हैं। ऐसी स्थिति में किसी अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट से तत्काल संपर्क करना जरूरी है।

पर्किंसन रोग में मस्तिष्क के कुछ स्नायु तंत्र (न्यूरॉन) धीरे-धीरे कमजोर या मृतप्राय होने लगते हैं। कई लक्षण उन न्यूरॉन की क्षति के कारण बढ़ जाते हैं जो आपके मस्तिष्क तक रासायनिक संदेशवाहक यानि डोपेमाइन बनाते हैं। डोपेमाइन का स्तर जब कम हो जाता है तो इससे मस्तिष्क की गतिविधि असामान्य होने लगती है, जिससे पर्किंसन के लक्षण सामने आने लगते हैं। पर्किंसन रोग की वजह अभी तक अज्ञात है, लेकिन इसके पनपने में कई कारक जिम्मेदार माने जाते हैं, जिनमें शामिल हैं- आनुवांशिक, पर्यावरण प्रभाव, लेवी बॉडीज की मौजूदगी। इसके रिस्क फैक्टर्स है:-उम्र, वंशानुगत, लिंग, टॉक्सिन की चपेट में आना: इसके लक्षण और संकेत अलग-अलग तरह के लोगों पर अलग-अलग तरह के हो सकते हैं। शुरुआती लक्षण बहुत मामूली और न पहचाने जाने लायक हो सकते हैं। अक्सर ये लक्षण शरीर के एक हिस्से से शुरू होते हैं और जब तक शरीर के दोनों तरफ लक्षणों का असर होता है, तब तक अमूमन वह हिस्सा बहुत बिगड़ चुका होता है। कंपकंपी, धीमी गतिविधि, सख्त मांसपेशियां, शरीर की असाधारण मुद्रा और संतुलन, स्वाभाविक गतिविधियों पर विराम, बोली में बदलाव, लिखावट में बदलाव। सबसे अच्छा होगा कि मेडिकल स्थिति के आधार पर किसी अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट से जांच करवाएं, शारीरिक जांच कराएं और इसके लक्षणों और संकेतों का मूल्यांकन करें। एमआरआई, मस्तिष्क की अल्ट्रासाउंड, एसपीईसीटी और पीईटी स्कैन जैसी इमेजिंग जांच भी दूसरे तरह के डिसऑर्डर का पता लगाने में मददगार साबित हो सकती है।

इमेजिंग टेस्ट सिर्फ पर्किंसन्स रोग की डायग्नोसिस में मददगार नहीं होती है। कई बार पर्किंसन रोग की पहचान करने में बहुत समय लग जाता है। डॉक्टर आपकी स्थिति और समय के साथ आपके लक्षणों का मूल्यांकन करने तथा पर्किंसन्स रोग की पहचान करने के लिए मूवमेंट डिसऑर्डर में प्रशिक्षित न्यूरोलॉजिस्टों से नियमित रूप से परामर्श लेते रहने की सलाह दे सकते हैं। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) में सर्जन आपके मस्तिष्क के एक खास हिस्से में इलेक्ट्रोड का प्रत्यारोपण करते हैं। ये इलेक्ट्रोड्स आपके कॉलरबोन के पास आपके सीने में इंप्लांट किए गए जनरेटर से जुड़े होते हैं, जिससे आपके मस्तिष्क तक इलेक्ट्रिकल पल्स भेजे जाते हैं और आपके पर्किंसन रोग के लक्षणों को कम किया जा सकता है। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन अक्सर एडवांस स्टेज में पहुंच चुके पर्किंसन पीड़ितों को दिया जाता है, जिन पर दवाइयों का असर खत्म हो जाता है। डीबीएस चिकित्सा स्थिति के उतार-चढ़ाव को स्थिर कर सकता है, अस्वाभाविक गतिविधियों (डिसकिनेसियास) को कम या रोक सकता है, कंपकंपी, अकड़न को कम कर सकता है और सामान्य गतिवधियों में आई कमी को सुधार सकता है। डिसकिनेसियास पर नियंत्रण पाने के लिए ली जा रही दवाइयों का असर प्रभावी बनाने के लिए डीबीएस कारगर होता है। हालांकि डीबीएस उन समस्याओं में मददगार नहीं होता, जिनमें कंपकंपी के अलावा चिकित्सा पद्धति का कोई असर नहीं होता। कंपकंपी यदि दवाइयों से बहुत ज्यादा नियंत्रित नहीं हो पाती है, तो इसे डीबीएस से नियंत्रित किया जा सकता है। पीडी के लक्षणों को कम करने के लिए दवाइयों का तात्कालिक प्रभाव ही होता है। जब किसी व्यक्ति पर दवाइयों का प्रभावी असर रहता है तो उसे ऑन-फेज कहा जाता है और जब दवाइयां उस पर बेअसर हो जाती है तो उसे ऑफ फेज कहा जाता है। एक समय बाद शरीर पर दवाइयों का प्रभाव खत्म हो जाता है और दवाइयां लेने की दर बढ़ जाती है। मरीज को यदि दिन में तीन बार दवाइयां लेने की सलाह दी जाती है तो प्रभाव कम होते रहने के कारण उस पर दिन में आठ से ज्यादा बार भी दवाइयां लेनी पड़ सकती है। इससे उसके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है, क्योंकि उसमें कई बार ऑन और ऑफ प्रभाव की स्थिति में जीना पड़ जाता है। डीबीएस मरीज पर लगातार 24 घंटे तक प्रभावी रहता है। इससे डिसकिनेसियास की स्थिति से भी निपटा जा सकता है जिस कारण अस्वाभाविक गतिविधियां रुक जाती हैं। इसके अलावा डीबीएस कंपकंपी में उतार-चढ़ाव नहीं आने देता है, जैसाकि दवाइयां लेने से होता है। दवाइयां अनिश्चित लक्षणों के प्रभाव को कम कर सकती हैं और काम पर जाने या खरीदारी करने की योजना बनाने वाले मरीजों में अटैक का खतरा बना रह सकता है क्योंकि दवाइयों का असर किसी भी वक्त कम हो सकता है जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।



**इमेजिंग टेस्ट सिर्फ पर्किंसन्स रोग की डायग्नोसिस में मददगार नहीं होती है। कई बार पर्किंसन रोग की पहचान करने में बहुत समय लग जाता है। डॉक्टर आपकी स्थिति और समय के साथ आपके लक्षणों का मूल्यांकन करने तथा पर्किंसन्स रोग की पहचान करने के लिए मूवमेंट डिसऑर्डर में प्रशिक्षित न्यूरोलॉजिस्टों से नियमित रूप से परामर्श लेते रहने की सलाह दे सकते हैं।**

(साभार प्र.सा.)



नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पहली पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी।

## दक्षिणी लेबनान में इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह सदस्य की मौत

**बेरुत/यरूशलेम।** दोपहर दक्षिणी लेबनान में गुरुवार को इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह का एक सदस्य मारा गया। लेबनानी सूत्रों और इजरायली सेना ने यह जानकारी दी। लेबनान की आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएए) ने बताया कि गुरुवार दोपहर सीमावर्ती गांव मजदल सेल्म के प्रवेश द्वार पर एक इजरायली ड्रोन ने एक पिकअप ट्रक को निशाना बनाया। लेबनान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन संचालन केंद्र ने पुष्टि की कि हमले में एक नागरिक मारा गया। एक सुरक्षा सूत्र ने मृतक की पहचान मोहम्मद अला अल-दीन नामक हिजबुल्लाह सदस्य के रूप में की।

## भारत में मिल रही नकली रेबीज वैक्सीनः ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया में वैक्सीन के लिए काम करने वाली सरकार की संस्थान आस्ट्रेलियन टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप आन इम्यूनाइज.शन (एटीएजीआई) ने शुक्रवार को भारत में इस्तेमाल होने वाली रेबीज वैक्सीन के लिए चेतावनी जारी की है। ये चेतावनी ABHAYRAB ब्रांड के लिए जारी की गई है। चेतावनी में कहा गया है। ABHAYRAB ब्रांड की वैक्सीन नकली है और रेबीज बीमारी के लिए फायदेमंद नहीं है। नवम्बर 2023 से ये नकली वैक्सीन सप्लाई हो रही है। एटीएजीआई के मुताबिक नकली वैक्सीन में सही मात्रा में एक्टिव इंग्रीडिएंट नहीं हैं। ABHAYRAB का इस्तेमाल आस्ट्रेलिया में नहीं होता है।

# भारत की आर्थिक वृद्धि अनुमानों से कहीं बेहतर होगी

### अगले दो वर्ष तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना रहेगाः गोल्डमैन सैक्स

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर काम करने वाले अमेरिका के निवेश बैंक गोल्डमैन सैक्स के एक ताजा अनुमान के अनुसार भारत अगले दो वर्ष तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना रहेगा और देश की वृद्धि की रफ्तार वैश्विक स्तर पर लगाए जा रहे अनुमानों से बेहतर होगी।

इस प्रतिष्ठित बैंकिंग की शुक्रवार को प्रकाशित मैक्रोइकोनॉमिक आउटलुक (वृहत आर्थिक परिदृश्य) रिपोर्ट के 2026 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वास्तविक (स्थिर कीमत पर) वृद्धि 6.7 प्रतिशत और 2027 में 6.8 प्रतिशत रह सकती है। यह धीमी पड़ रही वैश्विकअर्थव्यवस्था के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के बढ़ते जुझारूपन और संरचनात्मक शक्ति को दिखाता है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की वृद्धि के बारे में ये अनुमान अधिकांश विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में काफी ऊपर हैं। भारत से इस तरह के प्रदर्शन





यह सुधार मुख्य रूप से महंगाई में कमी और वित्त बाजार की स्थिति के धीरे-धीरे सामान्य होने को देखते हुए है

की उम्मीद ऐसे समय में है जबकि कड़ी वित्तीय स्थितियों, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और लगातार व्यापार बाधाओं के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि धीमी होने के आसार हैं। गोल्डमैन सैक्स का अनुमान है कि 2026 में वैश्विक अर्थव्यवस्था लगभग 2.8 प्रतिशत की अपेक्षाकृत स्थिर लेकिन मामूली गति से बढ़ेगी, जो मौजूदा अनुमानों से थोड़ी अधिक है। अनुमान में यह सुधार मुख्य रूप से महंगाई में कमी और वित्त बाजार की स्थिति के धीरे-धीरे सामान्य होने को देखते हुए है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस वैश्विक परिदृश्य में भारत निर्यात पर अत्यधिक निर्भरता के बिना वृद्धि की उच्च दर को बनाए रखने की अपनी क्षमता की दृष्टि से अलग दिखता है। वैश्विक मांग में उतार-चढ़ाव के आगे कमजोर पड़ने वाली कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बिपरीत भारत की वृद्धि दर एक बड़ी सीमा तक घरेलू खपत, सार्वजनिक निवेश और संरचनात्मक सुधारों से संचालित हो रही है। रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई है कि भारत का बड़ा आंतरिक बाजार, बढ़ता घरेलू खर्च और सरकार के नेतृत्व में बुनियादी ढांचे का लगातार विस्तार देश में आर्थिक गतिविधि के लिए मजबूत आधार के रूप में काम करेगा है। इसके अनुसार, 'सार्वजनिक पूंजीगत व्यय भारत के मध्यम अवधि के दृष्टिकोण का एक प्रमुख चालक बना हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### जापान में 58 अरब डालर के रिकॉर्ड रक्षा बजट को मंजूरी

**टोक्यो।** जापान के मंत्रिमंडल ने क्षेत्रीय तनाव और चीन की बढ़ती सैन्य गति. विधियों को देखते हुए शुक्रवार को अब तक के सबसे बड़े रक्षा बजट को अपनी मंजूरी दे दी। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए जापान सरकार ने रक्षा क्षेत्र को लगभग 58 अरब डॉलर का आवंटन किया है। जापानी मुद्रा एन में यह राशि नौ हजार अरब एन है। स्थानीय मीडिया जापान टुडे के मुताबिक इस भारी भरकम बजट का मुख्य उद्देश्य जापान की जवाबी हमले की क्षमता को बढ़ाना और अत्याधु. निक मानवरहित हथियारों, ड्रोनों के जरिए तटीय सुरक्षा को पुख्ता करना है।

### नाइजीरिया ने आईएस ठिकानों पर हवाई हमलों की पुष्टि की

**अबुजा।** नाइजीरियाई सरकार ने इस बात की पुष्टि की कि अमेरिका सहित अंतर्राष्ट्रीय सहयोगियों ने मिलकर अफ्रीकी देश के पश्चिमोत्तर हिस्से के आईएस के आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता किमिबी एबिएनफा ने कहा कि यह अभियान पश्चिमी अफ्रीकी देश में आतंकवाद और हिसक उग्रवाद को खत्म करने के लिए अमेरिका सहित अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ नाइजीरिया के सुरक्षा सहयोग का हिस्सा था।

### ईरान में पूर्व अफगान पुलिस कमांडर की हत्याः मीडिया रिपोर्ट

**तेहरान।** ईरान की राजधानी तेहरान में एक सशस्त्र हमले में एक पूर्व अफगान पुलिस कमांडर की हत्या कर दी गई। अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मेहर ने ईरान पुलिस के एक जानकार सूत्र के हवाले से बताया कि मृतक की पहचान इकरामुद्दीन सरी के रूप में हुई है, जो पूर्व अफगान सरकार के तहत उत्तरी अफगानिस्तान के तखर प्रांत में पुलिस कमांडर थे। सरी को वलियासर स्ट्रीट स्थित अपने कार्यस्थल से निकलने के बाद गोली मार दी गई।

# H-1B वीजा में देरी पर भारत ने जताई चिंता

### कहाः बच्चों की पढ़ाई और परिवारों पर गंभीर असर, वह अपने नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है

**नई दिल्ली।** विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों से जुड़े मामलों को लेकर भारत सरकार ने एक बार फिर साफ किया है कि वह अपने नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वीजा परेशानियों, सुरक्षा से जुड़े मामलों, भगोड़े अपराधियों की वापसी और विदेशों में भारतीय छात्रों की मौत जैसे मुद्दों पर विदेश मंत्रालय ने अपनी स्थिति स्पष्ट की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार को एच1बी वीजा नियुक्ति के बार-बार पुनर्निर्धारित होने को लेकर कई शिकायतें मिली हैं। इस कारण बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक लंबे समय से विदेशों में फंसे हैं, जिससे उनके परिवार और बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ा है।

प्रवक्ता ने बताया कि वीजा से जुड़े मुद्दे किसी भी देश के संप्रभु अधिकार क्षेत्र में आते हैं, लेकिन भारत ने अपनी चिंताएं अमेरिका के सामने नई दिल्ली और वाशिंगटन डीसी, दोनों जगह उठाई हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ लगातार बातचीत की जा रही है ताकि भारतीय नागरिकों को हो रही दिक्कतों को कम किया जा सके। भारत ने अमेरिका में काम करने वाले हजारों भारतीय पेशेवरों से जुड़े एच-1बी वीजा मामले पर गंभीर चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बड़ी संख्या में भारतीय आवेदकों के पहले से तय एच-1बी वीजा साक्षात्कार अचानक रद्द या आगे खिसका दिए गए हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने





भारत ने अमेरिका में काम करने वाले हजारों भारतीय पेशेवरों से जुड़े एच-1बी वीजा मामले पर तथ्यों से अवगत कराया

साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि सरकार को कई भारतीय नागरिकों से शिकायतें मिली हैं। इन शिकायतों में कहा गया है कि वीजा साक्षात्कार पुनर्निर्धारित होने के कारण वे लंबे समय से भारत में फंसे हुए हैं और अमेरिका लौटकर अपनी नौकरी जाइन नहीं कर पा रहे हैं।

मंत्रालय के अनुसार, दिसम्बर के मध्य से जिन एच-1बी वीजा आवेदकों के साक्षात्कार तय थे, उन्हें अचानक कई महीनों के लिए टाल दिया गया है। कुछ आवेदकों को ई-मेल के जरिए बताया गया कि उनके साक्षात्कार अब अगले साल मई तक के लिए बढ़ा दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि यह फैसला सोशल मीडिया प्रोफाइल और आनलाइन गतिविधियों की अतिरिक्त जांच के चलते लिया गया है। साथ ही ये भी स्पष्ट किया कि वीजा से जुड़े फैसले किसी भी देश के संप्रभु अधिकार क्षेत्र में आते हैं, लेकिन भारत ने इस मुद्दे को अमेरिका के सामने नई दिल्ली और वाशिंगटन डीसी, दोनों जगह उठाया है। उन्होंने कहा कि इस देरी से भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों को आर्थिक, पारिवारिक और शैक्षणिक स्तर पर गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रणधीर जायसवाल ने आस्ट्रेलिया के बान्डी बीच में हुई आतंकी घटना पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारत इस हमले से जुड़े जिम्मेदार लोगों की गतिविधियों से अवगत है और इस मामले में संबंधित विद.ेशी एजेंसियों के संपर्क में है। विदेश मंत्रालय ने दोहराया कि भारत उन सभी लोगों को वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो देश में कानून से बचकर विदेशों में छिपे हुए हैं। इसके लिए कई देशों से बातचीत चल रही है। प्रवक्ता ने कहा कि प्रत्यर्पण की प्रक्रिया में कई कानूनी स्तर होते हैं, लेकिन सरकार की मंशा साफ है कि ऐसे लोग भारत लौटें और अदालतों में मुकदमे का सामना करें। कनाडा में एक भारतीय छात्र की मौत पर विदेश मंत्रालय ने गहरा दुख जताया। रणधीर जायसवाल ने बताया कि सरकार मृतक छात्र के परिवार के संपर्क में है और स्थानीय अधिकारियों से मौत की परिस्थितियों को लेकर जानकारी ली जा रही है। भारत का दूतावास परिवार को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या नजरअंदाज नहीं कर सकतेः भारत

### विदेश मंत्रालय बोलाः हत्यारों को जल्द सजा मिले, भगोड़े ललित मोदी-माल्या को वापस लाएंगे

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश में जारी अशांति और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को लेकर चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जायसवाल ने कहा कि हम ढाका में हिंदू युवक की हत्या की निंदा करते हैं और उम्मीद करते हैं कि अपराधियों को जल्द से जल्द सजा मिलेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि सरकार ललित मोदी और विजय माल्या को वापस लाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने इसके अलावा कई सवालों के जवाब दिए। जायसवाल ने कहा कि भारत बांग्लादेश में फैलाई जा रही भारत-विरोधी झूठी कहानी को खारिज करता है। वहां कानून-व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखना बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि अंतरिम सरकार के कार्यकाल के दौरान अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की 2,900 से अधिक घटनाएं दर्ज की गई हैं। इन घटनाओं को महज मीडिया की बयानबाजी या राजनीतिक हिंसा कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। जायसवाल ने आगे कहा कि भारत बांग्लादेश के लोगों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# पाक ने एलओसी पर एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पाक-अधिकृत कश्मीर (पीओ.के) में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात कर दिए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक नए काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम रावलकोट, कोटली और भिंबर सेक्टर में लगाए गए हैं। काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम वह तकनीक है, जो दुश्मन के ड्रोन को पहचानने, ट्रैक करने और उन्हें जैम या मार गिराने के लिए इस्तेमाल की जाती है। पाकिस्तानी सेना को आशंका है कि भारत फिर से ऑपरेशन सिंदूर जैसा खतरनाक कदम उठा सकता है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान ने एलओसी पर 30 से ज्यादा खास एंटी-ड्रोन यूनिट्स तैनात की हैं। ये तैनाती मुर्री की 12वीं इन्फैंट्री डिवीजन और 23वीं इन्फैंट्री डिवीजन ने की हैं, जो कोटली/भिंबर इलाके की ब्रिगेड्स को संभालती हैं। इसका मकसद एलओसी के पास हवाई निगरानी और इलेक्ट्रानिक वारफेयर क्षमता मजबूत करना है। स्पाइडर एंटी-ड्रोन सिस्टम रेडियो फीक्वेंसी के जरिए ड्रोन का पता लगाता है और करीब 10 किलोमीटर तक छोटे ड्रोन और लोइटरिंग म्यूनिशन पहचान



पाक सेना ने आशंका जताई कि भारत फिर से ऑपरेशन सिंदूर जैसा खतरनाक कदम उठा सकता है

सकता है। यह पोर्टेबल और वाहन-माउंटेड दोनों रूपों में उपलब्ध है। यह ड्रोन के कम्युनिकेशन को बाधित कर हवा में रुकने, वापस लौटने या लैंड करने पर मजबूर करता है। स्पाइडर काउंटर-यूएएस सिस्टम को पाकिस्तान की ग्लोबल इंडस्ट्रियल एंड डिफेंस सोल्यूशन (जीआईडीएस) ने विकसित किया है। सुफ्रा जैमिंग गन-यह कंधे पर रखकर चलाया जाने वाला हथियार है जिसकी रेंज करीब 1.5 किलोमीटर है। यह ड्रोन के कंट्रोल, वीडियो और जीपीएस लिंक को बाधित करता है। यह एक साथ कई कामीकाजे ड्रोन को डिएक्टिवेट कर सकती है। सुफ्रा जैमिंग गन को पाक के नेशनल इलेक्ट्रानिक्स काम्प्लेक्स ने विकसित किया है।

# पाक के परमाणु शस्त्र दुनिया के लिए खतरा

### दस्तावेजों से खुलासाः पुतिन ने 24 साल पहले जॉर्ज बुश को किया था आगाह

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने साल 2001 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश से अपनी पहली मुलाकात के दौरान पाकिस्तान को लेकर चिंता जताई थी। पुतिन ने कहा था कि पाकिस्तान असल में एक सैन्य शासन यानी जुंटा है, जिसके पास परमाणु हथियार हैं।

यह कोई लोकतांत्रिक देश नहीं है। पुतिन के मुताबिक, इसके बावजूद पश्चिमी देश पाकिस्तान की आलोचना नहीं करते, जो चिंता की बात है। उन्होंने कहा था कि इस मुद्दे पर खुलकर चर्चा होनी चाहिए। दोनों नेता पाकिस्तान के अंदरूनी हालात, राजनीतिक अस्थिरता और परमाणु कमांड सिस्टम को लेकर चिंतित थे। उन्हें डर था कि



यह कोई लोकतांत्रिक देश नहीं हैः पुतिन

अगर हालात बिगड़े तो परमाणु तकनीक गलत हाथों में जा सकती है। यह जानकारी दोनों के बीच 2001 से 2008 के दौरान हुई बातचीत के डीक्लासिफाइड दस्तावेज सामने आए हैं। ये दस्तावेज अमेरिका की नेशनल सिक्योरिटी आर्काइव ने सूचना के अधिकार कानून के तहत जारी किए हैं। यह बातचीत ऐसे समय में हुई थी जब दुनिया में आतंकवाद और दक्षिण एशिया की सुरक्षा को लेकर हालात काफी संवेदनशील थे। पुतिन का मानना था कि परमाणु हथियारों से लैस किसी गैर-लोकतांत्रिक देश का होना वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। बात.चीत में पाकिस्तान के 'एक्यू खान नेटवर्क', ईरान और उत्तर कोरिया तक परमाणु तकनीक पहुंचने के खतरे और पाकिस्तान की परमाणु सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता जताई गई है। 2001-2008 के दौर में पाकिस्तान में सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ का शासन था। 9/11 के बाद आतंकवाद विरोधी लड़ाई में अमेरिका और रूस दोनों उसका सहयोग ले रहे थे।

# यूएई प्रेसिडेंट पाक पहुंचे, शहबाज व मुनीर स्वागत करने एयरपोर्ट आए

**इस्लामाबाद।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान शुक्रवार को पाकिस्तान की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे हैं। पीएम शहबाज शरीफ और चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस आसिम मुनीर यूएई प्रेसिडेंट को रिसीव करने एयरपोर्ट पहुंचे। यह इस साल उनकी पाकिस्तान की दूसरी यात्रा है।

इससे पहले जनवरी 2025 में वे रहीम यार खान में निजी यात्रा के दौरान शहबाज से मुलाकात कर चुके हैं। हालांकि राष्ट्रपति के रूप में उनकी पहली आधिकारिक पाकिस्तान यात्रा है। विदेश कार्यालय के एक बयान के अनुसार, राष्ट्रपति अल नाहयान प्रधानमंत्री शहबाज के साथ द्विपक्षीय संबंधों के पहलुओं की समीक्षा करेंगे। क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर बात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह दौरा दोनों देशों के बीच लंबे

ट्रेड-एनर्जी पर डील संभव, पाक को सऊदी जैसा रक्षा समझौता होने की उम्मीद

समय से चले आ रहे भाईचारे को और मजबूत करने का अच्छा मौका है। साथ ही व्यापार, निवेश, ऊर्जा, विकास और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में समझौते हो सकते हैं। यात्रा से पहले, इस्लामाबाद में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बिलबोर्ड लगे हुए हैं। इस्लामाबाद जिला प्रशासन ने यात्रा के दिन यानी आज पूरी राजधानी में छुट्टी की घोषणा की। पाकिस्तान और यूएई के बीच गहरे राजनयिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। जो यूएई में रहने वाले बड़ी पाकिस्तानी प्रवासी आबादी के कारण और मजबूत हुए हैं।





# कनाडा में भारतीय छात्र की हत्या, यूनिवर्सिटी में गोली मारी

**टोरंटो।** कनाडा के यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो के पास भारतीय मूल के 20 वर्षीय छात्र शिवांक अवस्थी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह टोरंटो में 2025 की 41वीं हत्या है।

यह घटना कैंपस के पास होने से छात्रों में डर का माहौल है और यूनिवर्सिटी ने भी सुरक्षा अलर्ट जारी किया। पुलिस के अनुसार, 23 दिसम्बर को दोपहर में हत्या की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर शिवांक अवस्थी को गोली लगी हालत में पाया और मौके पर ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। संदिग्ध पुलिस के आने से पहले मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने लोगों से संदिग्ध से जुड़ी कोई भी जानक.ारी मिलने पर सूचना देने की अपील की है। टोरंटो में 3 दिन के अंदर दो भारतीयों का हत्या हुई। इससे पहले 20 दिसम्बर को भारतीय मूल की महिला हिमांशी खुराना

कैंपस में सुरक्षा अलर्ट जारी, आरोपी फरार, पिछले तीन दिनों के दौरान दो भारतीयों का मर्डर

का उसके पार्टनर ने मर्डर कर दिया था। टोरंटो में भारतीय दूतावास ने इस दुखद घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि वे शिवांक के परिवार से संपर्क में हैं। स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर हर संभव मदद मुहैया करा रहे हैं। दूतावास ने अपने बयान में शिवांक को एक युवा भारतीय डाक्टरल छात्र बताया है, हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में उन्हें लाइफ साइंसेज का अंडरग्रेजुएट छात्र भी कहा गया है। इसी शहर में कुछ दिन पहले ही एक अन्य भारतीय महिला हिमांशी खुराना की हत्या हुई थी। वो 30 साल की थीं और टोरंटो में रहती थीं। पुलिस ने मामले में एक संदिग्ध की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया।

# बांग्लादेश के ढाका यूनिवर्सिटी में भारत विरोधी प्रदर्शन

### हादी के हत्यारे को सजा देने की मांग, बांग्लादेशी हिंदू की हत्या मामले में 6 और गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में एक बार फिर भारत विरोधी प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। इंकिलाब मंच ने नेता उस्मान हादी की हत्या के खिलाफ न्याय की मांग करते हुए ढाका के शाहबाग इलाके में प्रदर्शन किया।

इस दौरान भारत विरोधी नारे भी लगाए गए। जुमा की नमाज के बाद ढाका यूनिवर्सिटी से जुलूस निकाला गया, जो शाहबाग पहुंचकर धरने में बदल गया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम कर दी, जिससे इलाके में यातायात ठप हो गया। इंकिलाब मंच का कहना है कि जब तक हादी की हत्या में न्याय नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। शरीफ उस्मान हादी की पिछले हफ्ते हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद देश में एक बार फिर अशांति फैल गई है। प्रदर्शन के दौरान 'आई एम हादी' जैसे नारे गूंजते रहे। ढाका यूनिवर्सिटी वही जगह है, जहां जुलाई



हिंदू संगठन ने ढाका में प्रदर्शन किया

2024 में हुए आंदोलन की रणनीति बनी थी। बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास की बेरहमी से की गई हत्या के मामले में पुलिस ने छह और लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी मयमनसिंह जिले के भालुका इलाके में छापेमारी के दौरान हुई। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, इन लोगों पर आरोप है कि वे दीपू दास पर अपनी नौकरी छोड़ने का दबाव बना रहे थे। इस मामले में अब तक कुल 18 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। दीपू चंद्र दास की 18 दिसम्बर को भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। इसके बाद हमलावरों ने उन्हें एक पेड़ से आग भी लगा दी थी। इस घटना के बाद अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया था। इस घटना के विरोध में हिंदू संगठन नेशनल हिंदू महाजोत ने ढाका के नेशनल प्रेस क्लब पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने दीपू दास की हत्या की निंदा की और मांग की कि दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले बढ़ रहे हैं और सरकार को उनकी सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता जताई जा रही है।

